# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 10 मई 2025 शनिवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 345 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1503 : इटली के खोजकर्ता और नाविक कोलंबस ने कायमान द्वीप की खोज की।

1655 : ब्रिटिश सेना ने जमैका पर कब्जा किया।

1774 : लुई 15वें की मौत के बाद लुई 16वां फ्रांस का राजा बना।

1796 : नेपोलियन ने लोदी ब्रिज के युद्ध में ऑस्ट्रिया को हराया।

1824 : लंदन की नेशनल गैलरी को आम लोगों के लिए खोला गया।

1994 : दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला द्वारा प्रिटोरिया में एक ऐतिहासिक समारोह में राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की गयी।

# पाकिस्तान ने 36 स्थानों पर की घुसपैठ की कोशिश, 300-400 ड्रोन का किया इस्तेमाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से गुरुवार को हुई फायरिंग को लेकर मीडिया को जानकारी दी। इस संबंध में कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश करने के लिए लगभग 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया। ये ड्रोन तुर्की के हैं। उन्होंने कहा, ''7 और 8 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की।

### 300 से 400 ड्रोन से हमला

कर्नल सोफिया ने कहा कि 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश करने के लिए लगभग 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक साधनों का उपयोग करके इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने बताया कि इस तरह के बड़े पैमाने पर हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य वायु रक्षा प्रणालियों का परीक्षण करना और खुफिया जानकारी एकत्र करना था। ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि वे तुर्की अस्सिगार्ड सोंगर ड्रोन हैं। वहीं, विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा, ''पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के



रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले से भारत को तीव्र हवाई रक्षा प्रतिक्रिया मिलेगी। यह भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमानों सहित अनजान नागरिक विमानों के लिए सुरक्षित नहीं है।'' विंग कमांडर ने कहा, ''पाकिस्तानी हमले के जवाब में पाकिस्तान के चार हवाई रक्षा स्थलों पर सशस्त्र ड्रोन दागे गए। इनमें से एक ड्रोन इक रडार को नष्ट कर दिया गया था। पाकिस्तान ने भारी कैलिबर वाली तोपों और सशस्त्र ड्रोनों का उपयोग करके नियंत्रण रेखा के पार गोलाबारी भी की, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय सेना के कुछ जवान हताहत हुए और उन्हें चोटें आईं। भारतीय जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा।''

### सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, ''अपनी हरकतों को स्वीकार करने के बजाय, पाकिस्तान ने यह बेतुका और अपमानजनक दावा किया कि यह भारतीय सशस्त्र बल हैं, जो अमृतसर जैसे अपने ही शहरों को निशाना बना रहे हैं, वे इस तरह की हरकतों में पारंगत हैं, जैसा कि उनका इतिहास दर्शाता है। पाकिस्तान ने गलत सूचना फैलाई कि भारत ने ड्रोन हमले के जरिए नानकम साहिब गुरुद्वारे को निशाना बनाया, जो कि एक और सफ़ेद झूठ है। पाकिस्तान सांप्रदायिक विवाद पैदा करने के इरादे से स्थिति को सांप्रदायिक रंग देने की पूरी कोशिश कर रहा है।'' करतारपुर साहिब कॉरिडोर चालू है या नहीं, इस सवाल पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, ''मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए, करतारपुर साहिब कॉरिडोर की सेवाएं अगले निर्देश तक निलंबित कर दी गई हैं।''

# भारत माता की जय के नारों के गूंजा पहाड़ी मंदिर

## सेना की सलामती के लिए की भोलेनाथ की पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पहलगाम में आतंकियों के कायराना हरकत के खिलाफ भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। दूसरी ओर भारत के युवा अपनी सेना की सलामती और दुश्मन पर विजय के लिए पूजा अर्चना में जुटे हुए हैं। रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में युवाओं की टोली ने भगवान भोलेनाथ की पूजा की। उनके हाथों में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ भारत माता की तस्वीर थी। इस दौरान पुजारी ने भारतीय सेना की विजय के लिए मंत्रोच्चार किया। पूजा के बाद युवाओं ने भारत माता की जय, हर-हर महादेव, भारतीय सेना जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। युवाओं ने कहा कि पहलगाम हमले पर पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जो कहा,



वह करके दिखाया है। रांची में गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ हर देशभक्ति से जुड़े मौके पर तिरंगा यात्रा से लेकर अलग-अलग कार्यक्रम करने के लिए चर्चित युवा उत्तम कुमार ने बताया कि पहाड़ी बाबा के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं जाता है। इसलिए उनसे विनती की गई कि भारत के दुश्मनों को मिट्टी में मिलाना होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ड्रोन से हमला करने की कोशिश कर रही है। उन हमलों को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। भारतीय फौज ने जिस तरह से जवाब दिया है, उसको पाकिस्तान कभी नहीं भूल पाएगा। अब पूरी दुनिया जान चुकी है कि भारतीय फौज कितनी ताकतवर है। बता दें कि रांची में रातू रोड के पास एक पहाड़ी पर भगवान भोले नाथ का मंदिर है। यहां पूजा अर्चना के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। सावन माह में यहां शिवभक्तों की जबरदस्त भीड़ जुटती है।

# सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों से आगे बढ़ रहीं महिलाएं : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेघड़ा प्रखंड के ग्राम पंचायत पिढ़ौली में डा. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में आयोजित विशेष विकास शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, आधार कार्ड, बास भूमि-वासगीत पर्चा, लेबर कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम/कौशल विकास कार्यक्रम सहित कुल 22 योजनाओं से आच्छादित लाभुकों को प्रमाण पत्र/स्वीकृति पत्र प्रदान किया। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टाल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, बिहार भवन एवं अन्य तन्ननिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (विवाह सहायता) का सांकेतिक चेक, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना, आयुष्मान कार्ड, 1946 जीविका स्वयं सहायता समूहों के 23352 दीदियों के लिए बैंकों से ऋण संबंधी 58 करोड़ 32 लाख रुपये का सांकेतिक चेक आदि लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 64 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से 107 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास



किया। इनमें 12 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से 102 योजनाओं का उद्घाटन तथा 51 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से 5 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने तेघड़ा प्रखंड के पिढ़ौली ग्राम पंचायत में आयोजित 'महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। महिला संवाद कार्यक्रम में जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करने के दौरान मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्यों तथा महत्वपूर्ण निर्णयों से काफी लाभ हुआ है। आपके कार्यों एवं महत्वपूर्ण निर्णयों से महिलाएं न सिर्फ काफी आगे बढ़ रही हैं बल्कि ये आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदीयों से बातचीत करते हुए कहा कि पहले बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या काफी कम थी। वर्ष 2006 में हमने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमलोगों ने ही स्वयं सहायता समूहों का नाम 'जीविका दिया। इनसे जुड़ी महिलाएं बिहार में जीविका दीदी कहलाती हैं। हमलोगों के इस काम से प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने इसे अपनाते हुये पूरे देश में लागू किया और इसका नाम 'आजीविका रखा। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी आदि उपस्थित थे।

# भारत-पाक में युद्ध जैसे हालात को देखते हुए बिहार में अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत और पाकिस्तान के बीच बने जंग जैसे हालात के मद्देनजर बिहार के सभी जिले हाई अलर्ट पर हैं। सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सूबे के आला अधिकारियों को सभी सीमावर्ती जिलों में पूरी तरह चौकसी रखने को कहा गया है। इस बीच आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शुक्रवार को बैठक की। इसमें नागरिक सुरक्षा के महानिदेशक परेश सक्सेना भी मौजूद थे। बैठक में भारत-नेपाल के सीमावर्ती जिले पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए




गए हैं। इसके साथ ही पूर्णिया, कटिहार, बेगूसराय, पटना और गया में नागरिक सुरक्षा और स्वयंसेवक बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें ट्रेनिंग देने की बात भी कही गई है। प्रत्यय अमृत ने इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की बैठक की। इसमें सभी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निर्देश पर बिहार में भी तैयारी की जा रही है। अस्पताल, एंबुलेंस, दवा, ऑक्सीजन को लेकर अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं। भारत सरकार आगे जैसे भी निर्देश देगा, हम उसका पालन करते रहेंगे।

# लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करें विशेष गाड़ियों का परिचालन : रेल मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** जम्मू और चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बंद होने के चलते जो पैसेंजर फंसे थे, उनके लिए भारतीय रेल द्वारा विशेष गाड़ियों की व्यवस्था की गई है। रेल परिचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। स्थिति का पूर्ण जायजा लेने के बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए गाड़ियों का परिचालन किया जाए। नियमित गाड़ियों के साथ-साथ आवश्यकतानुसार विशेष गाड़ियों का भी परिचालन किया जाए। रेल मंत्री के निर्देश पर 9 मई को जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया। रेलवे ने पहली विशेष गाड़ी 04612 का परिचालन जम्मू स्टेशन से सुबह 10:45 बजे किया जिसमें 12 कोच अनारक्षित श्रेणी के और 12 रिज़र्व क्लास के लगाए गए। 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस दिन में 12:45 बजे उधमपुर से रवाना हुई और जम्मू तथा पठानकोट के रास्ते नई दिल्ली आई। 22 एलएचबी कोच



वाली विशेष गाड़ी का परिचालन संध्या 7:00 बजे जम्मू स्टेशन से किया गया। एक और वंदे भारत विशेष गाड़ी का परिचालन किया गया जो दिन में 3:30 पीएम बजे जम्मू से खुली और संध्या में नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

# विश्वविद्यालय का नाम बदलने को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलने के झारखंड सरकार के फैसले को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गए हैं। भाजपा ने हेमंत कैबिनेट के इस फैसले को गलत परंपरा की शुरुआत बताया है। वहीं झामुमो और कांग्रेस इसे झारखंड के वीर सपूत और महान स्वतंत्रता सेनानी बुधु भगत का सम्मान बता रहे हैं। दरअसल, वर्ष 2017 में रघुवर दास के शासनकाल में सरकार ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत चलने वाले रांची कॉलेज को जनसंघ के संस्थापक और स्वतंत्रता सेनानी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर विश्वविद्यालय बनाया गया। अब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गुरुवार 08 मई को हुई कैबिनेट की बैठक में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर कोल विद्रोह के महानायक शहीद वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय करने का निर्णय लिया गया है। हेमंत कैबिनेट के इस फैसले को लेकर सत्ता




पक्ष और मुख्य विपक्षी दल भाजपा आमने-सामने आ गए हैं। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे गलत परंपरा की शुरुआत बताया है, जबकि झामुमो-कांग्रेस के नेता इसे राज्य की धरती के सपूत महान स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधु भगत और आदिवासी समाज का सम्मान बता रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कैबिनेट के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण और गलत परंपरा की शुरुआत बताया है। उन्होंने हेमंत कैबिनेट के फैसले पर कहा कि यह न तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सम्मान में है और न ही महान स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधु भगत के योगदान को उचित सम्मान देता है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के बयान को आगे बढ़ाते हुए कहा कि देश को अखंड और सर्वव्यापक बनाने के साथ-साथ कश्मीर की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बारे में झामुमो और हेमंत सरकार की संकीर्ण सोच दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म बंगाल में हुआ था और बिहार और झारखंड बंगाल का हिस्सा था। वोट बैंक की राजनीति के लिए इस तरह की हरकतें और वह भी तब जब भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान से आतंकवाद का जवाब दे रही है, सरकार और झामुमो-कांग्रेस की ओछी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि शहीद वीर बुधु भगत का योगदान भी देश के लिए उल्लेखनीय है, सरकार उनके नाम पर अलग विश्वविद्यालय बना सकती है, लेकिन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलना ठीक नहीं है। वहीं हेमंत कैबिनेट के फैसले का स्वागत करते हुए झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि हमारी सरकार भाजपा नेताओं को खुश करने के लिए नहीं बल्कि राज्य की जनता के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए बनी है। उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से पहले भी अंग्रेजों के खिलाफ कोल विद्रोह हुआ था, उस विद्रोह के नायक शहीद वीर बुधु भगत थे। अंग्रेजों ने उस समय उनकी गिरफ्तारी पर 100 का इनाम रखा था। आज जब हमारी सरकार उस धरती पुत्र को सम्मान दे रही है तो भाजपा और उसके नेता बाबूलाल मरांडी के पेट में दर्द क्यों हो रहा है? मनोज पांडेय ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राज्य के लिए कोई योगदान नहीं है। वहीं बाबूलाल मरांडी के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए झामुमो नेता मनोज पांडेय ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में सरदार पटेल का नाम बदलकर पीएम मोदी के नाम पर स्टेडियम बनाने का क्या मतलब है? वहीं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने हेमंत कैबिनेट के फैसले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वर्ष 2024 के शीतकालीन सत्र के दौरान उन्होंने सदन में शून्यकाल में सरकार के समक्ष यह मांग रखी थी। कैबिनेट का यह फैसला कोल विद्रोह के नायक वीर बुधु भगत को श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि वीर बुधु भगत आदिवासी शौर्य और संघर्ष के नायक हैं और हमारी सरकार ने उन्हें सम्मान दिया है।




## बिहार सरकार की छुट्टियां रद्द, एयरपोर्ट-ट्रेनों में बढ़ी चौकसी

# भारत-पाकिस्तान टेंशन के बीच नेपाल बॉर्डर सील: बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ की आशंका



**पटना, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात के बीच बिहार पुलिस और सरकारी कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। सभी अधिकारी 24 घंटे अलर्ट मोड में हैं। इधर, सुरक्षा की दृष्टि से भारत-नेपाल बॉर्डर को सील कर दिया गया है। 2 महीने के लिए रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। बिहार से नेपाल की 729 किमी की सीमा लगती है। यहां से हर आने-जाने वाले व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है। स्स्क्रजवानों की भी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। जिला पुलिस के साथ एसएसबी जवान बगहा के वाल्मीकिनगर, पूर्वी चंपारण के रक्सौल में निगरानी कर रहे हैं। इसके साथ सीतामढ़ी के बैरगनियां और भिट्ठामोड़, मधुबनी के जयनगर, मधवापुर और लौकहा में भी चौकसी बढ़ा दी गई है। अररिया और किशनगंज की बॉर्डर पर दिन-रात निगरानी रखी जा रही है, ताकि पाक की खुफिया एजेंसी ढ्रस्ढ्र के अंडरकवर एजेंट की घुसपैठ नेपाल सीमा से न हो सके। अटैक की खबरों की बीच सभी लोग भारतीय सेना की कार्रवाई की जानकारी के लिए उत्सुक दिखे। जो जहां था, वहीं से हर अपडेट लेने की कोशिश में जुट गया। गया में लोगों ने कहा, पाकिस्तान ने हमला किया है तो भारत को जबरदस्त जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। पूरी जनता भारती सेना का साथ खड़ी है। सुरक्षा में तैनात जवान बॉर्डर इलाके से 15 किमी तक संदिग्ध शख्स के आधार कार्ड की जांच कर रहे हैं। उनके फिंगर प्रिंट के साथ-साथ आंखों की रेटिना की भी जांच की जा रही है। बता दें कि पिछले 19 साल में भारत-नेपाल बॉर्डर से 12 आतंकी अरेस्ट किए गए हैं।

**किशनगंज- स्स्क्र जवानों की छुट्टियां रद्द, 24 घंटे निगरानी :** किशनगंज में सुरक्षा को देखते हुए एसएसबी जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी है। इसके साथ ही बॉर्डर इलाके में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। किशनगंज के ठाकुरगंज, गलगलिया, दिघलबैंक और टेढ़ागाछ क्षेत्रों में सख्त निगरानी की जा रही है। बॉर्डर ओपी क्षेत्र में लगातार जिला पुलिस की टीम गश्त कर रही है। किशनगंज के डीएम विशाल राज और एसपी सागर कुमार ने खगड़ा सेक्टर मुख्यालय में बीएसएफ डीआईजी के साथ बैठक की। इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर गहन चर्चा की गई।

**अररिया- जोगबनी बॉर्डर पर चौकसी बढ़ी :** अररिया जिले के जोगबनी में भारत-नेपाल बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दी गई है। बॉर्डर से आने-जाने वाले लोगों की कड़ी जांच की जा रही है। लोगों की पहचान पत्र जांच कर भारत में प्रवेश करने दिया जा रहा है। जोगबनी स्स्क्रकैंप प्रभारी सहायक सेनानायक आनंद सिंह भंडारी ने बताया कि, सीमा पर जांच करना तो हमारे रूटीन वर्क का हिस्सा है, लेकिन अभी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। हर छोटी बड़ी चीजों की गहनता से जांच की जा रही है। हर व्यक्ति के पहचान पत्र और सामान की सघन जांच कर रहे हैं।

**बगहा- बॉर्डर की मॉनिटरिंग में लगे डीएम-एसपी :** बगहा डीएम दिनेश कुमार राय और एसपी सुशांत कुमार सरोज ने वाल्मीकिनगर बॉर्डर का दौरा किया। एसपी रातभर बॉर्डर पर मौजूद रहे और एसएसबी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जवानों को सतर्क रहने के साथ साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

**पहचान पत्र की बारीकी से की जा रही जांच :** भारत-नेपाल की सीमा खुली है, जिससे आसानी से लोग आते-जाते हैं। लेकिन, अभी बॉर्डर पर सख्त निगरानी की व्यवस्था की गई है। वैध पहचान पत्र होने के बाद ही भारत में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। डॉक्यूमेंट्स की जांच बारीकी से की जा रही है।

**कैसे नेपाल से बिहार में होती है एंट्री :** नेपाल से बिहार के रास्ते भारत में एंट्री काफी आसान है। यह तीन तरीके से होती है। पहला नेटवर्क के माध्यम से और दूसरा भारत-नेपाल के गांव वालों की मदद से, जबकि तीसरा-खुद से होता है। पहला तरीकाः नेपाल के काठमांडू में ट्रेवल एजेंट भारत में एंट्री कराने के लिए काम करते हैं। फर्जी तरीके से नेपाली नागरिकता और भारतीय पहचान पत्र तक तैयार करा देते हैं। काठमांडू में ही सीमा हैदर ने भी भारत का फर्जी आधार कार्ड बनवा लिया था। सूत्रों की माने तो 5 से 10 हजार में ट्रैवल एजेंट भारतीय सीमा में प्रवेश करने के लिए फर्जी कागजात तैयार कर देते हैं। भारत-नेपाल सीमा के जानकार सीनियर जर्नलिस्ट यशोदा श्रीवास्तव बताते हैं कि नेपाल में गाइड का काम करने वाले कई युवक युवतियां भी फर्जी कागजात के आधार पर भारत में घुसपैठ कराने के लिए काम कर रहे हैं। एक्सपर्ट बताते हैं कि इसके लिए एक नेटवर्क काम कर रहा है। इसमें एक बड़ा गिरोह मोटी कमाई कर रहा है। गिरोह के सदस्य काम के हिसाब से दाम लेते हैं।

**दूसरा तरीकाः** अधिकतर घुसपैठ नेपाल सीमा की पगडंडी के रास्ते होती है। इसमें नेपाल और भारत के गांव वालों की मदद से हो जाती है। घुसपैठ करने वाले ग्रामीणों को लालच देकर भारत में प्रवेश कर जाते हैं।

**तीसरा तरीकाः** अधिकतर मामले ऐसे भी होते हैं जिसमें नेपाली और भारतीय शक्ल के दिखने वाले विदेशी खुद से बॉर्डर पार कर जाते हैं। अमूमन बॉर्डर पर संदेह होने पर ही जांच होती है, इस कारण से घुसपैठ करने वाले गांव के रास्तों का इस्तेमाल करते हैं।

### आतंकियों के लिए महफूज रास्ता

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ढ्रस्ढ्र के सॉफ्ट टारगेट पर हमेशा बिहार और यूपी की खुली सीमा रही है। इंडियन मुजाहिद्दीन के खूंखार आतंकी भारत के मोस्ट वांटेड यासीन भटकल को बिहार-नेपाल बॉर्डर से पकड़ा गया था। भटकल नेपाल सीमा के बिहार और यूपी में स्लीपर सेल तैयार कर रहा था। यही कारण है कि नेपाल सीमा पर स्थित बिहार के रक्सौल और यूपी का सोनौली बॉर्डर हमेशा संवेदनशील रहा है। कई आतंकी पकड़े गए हैं, जो बिहार-नेपाल के रास्ते भागने की तैयारी में थे या आ रहे थे। बिहार नेपाल बॉर्डर से साल 2006 से अब तक 12 आतंकी पकड़े जा चुके हैं। भारत से नेपाल की 1751 किलोमीटर की बॉर्डर लगती है। अकेले बिहार से ही 729 किलोमीटर की सीमा नेपाल से लगी है।

### ट्रेनों में जांच बढ़ी, 8 घंटे की जगह 12 घंटे की ड्यूटी, छुट्टियां रद्द

दीनदयाल उपाध्याय से पटना और हावड़ा आने-जाने वाली ट्रेनों में नजर रखने के लिए आरपीएफ जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है। ट्रेनों की बोगियों की जांच तेज कर दी गई है। हर बोगी में पैनी नजर रखने के लिए कहा गया है। हर स्टेशन पर ट्रेन रुकती है तो कोच के गेट के पास जवानों को तैनात किया गया है। दानापुर रेलवे डिवीजन के RPF के सीनियर कमांडेड प्रकाश पांडे ने बताया कि सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बेहतर रखने के लिए निर्देश दिया गया है। आरपीएफ जवानों की ड्यूटी 8 की जगह 12 घंटे कर दी गई है। छुट्टी रद्द की गई है। दानापुर रेल मंडल के निर्देश के बाद पटना जंक्शन, दानापुर स्टेशन, पाटलिपुत्र जंक्शन, राजेन्द्र नगर टर्मिनल, आरा, बक्सर, किऊल सहित मंडल के सभी स्टेशनों पर आरपीएफ के जवानों को छुट्टी रद्द कर दी गई है। दानापुर सहित पांचों मंडलों को पूर्व मध्य रेल मुख्यालय से अतिरिक्त जवान भी भेजा गया है। इन जवानों को जरूरत के अनुसार स्टेशन पर तैनात किया जा रहा है।

### रेलवे ब्रिज और यार्ड में तैनात किए गए जवान

पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में स्थित रेलवे ब्रिज पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसके लिए जवान के साथ-साथ रेलवे कर्मचारियों का ड्यूटी लगा दिया गया है। वहीं रेलवे के यार्ड में सीसीटीवी कैमरे से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। यार्ड में जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान पर हमले को तैयार हैं तेज प्रताप यादव

■ पीएम मोदी से मांगी इजाजत



**पटना, एजेंसी।** लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव पाकिस्तान पर हमले के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं। पायलट की ट्रेनिंग ले चुके तेज प्रताप ने लगातार दूसरे दिन ऐसी इच्छा जाहिर करते हुए पीएम मोदी से इजाजत मांगी है। बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दुश्मन से लड़ने की उनकी प्रबल इच्छा है और ऐसा करते हुए जान भी चली जाए तो वह सौभाग्यशाली होंगे। तेज प्रताप यादव ने पायलट की वर्दी और ट्रेनिंग विमान में बैठे हुए अपनी तस्वीरों के साथ एक्स पर लिखा-माननीय प्रधानमंत्री जी, वंदे मातरम। विपदा की इस परिस्थिति में हम समस्त देशवासी एक साथ हैं। मैं तेज प्रताप यादव, पिताः श्री लालू प्रसाद यादव, निवासीः पटना, राज्यः बिहार, बतौर वायुयान चालाक भी अपने दायित्वों का निर्वाह करने में सक्षम हूं। पूर्व मंत्री ने कहा कि सीमा पर सुरक्षा प्रहरियों के साथ कंधे-से कंधा मिलाकर शत्रुओं के नापाक इरादों को नेस्तनाबूत करने की प्रबल इच्छा रखता हूं। आप से अनुरोध है कि हम नागरिकों को भी भारत माता की सेवा करने का अवसर दिया जाए। देश व देश के नागरिकों की रक्षा में यदि मेरे प्राण भी निकल जाए तो मैं स्वयं को सौभाग्यशाली समझूंगा। एक दिन पहले भी ऑपरेशन सिंदूर की खबर आने के बाद तेज प्रताप यादव ने पायलट के रूप में देश सेवा की अपनी इच्छा जाहिर की थी। उन्होंने एक्स पर कहा,पायलट की ट्रेनिंग अगर देश के काम आ सकती है तो,मैं तेज प्रताप यादव हर समय देश की सेवा के लिए तत्पर हूं। आपके जानकारी के लिए बता दू की मैंने भी पायलट की ट्रेनिंग ले रखी है और देश के लिए मेरी जान भी चली जाए तो अपने आपको भाग्यशाली समझूंगा।

### पटना हाई कोर्ट के कार्यालय में लगी आग

■ कई फाइलें जलीं, कंप्यूटर गर्म होने से हादसा




**पटना, एजेंसी।** पटना हाई कोर्ट स्थित एक कार्यालय में गुरुवार को आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। दफ्तर में रखे एक कंप्यूटर के ज्यादा गर्म हो जाने से यह हादसा हुआ। आग की चपेट में आने से टेबल पर रखी एक दर्जन फाइलें जल गईं। सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि समय पर कार्रवाई होने से बचाव हो गया। आग ज्यादा नहीं फैल पाई। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार हाई कोर्ट के भूतल स्थित प्री रोड सेक्शन कार्यालय में गुरुवार सुबह करीब 6.30 बजे आग लगी थी। दरवाजा बाहर से बंद था। कार्यालय से धुआं निकलता देख वहां के कर्मी ने सूचना दमकल विभाग के कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही वहां खड़ी एक गाड़ी के अलावा सचिवालय अग्निशमालय से दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मी आग बुझाने की कार्रवाई में जुट गए। उन्होंने कार्यालय का ताला तोड़ा और अंदर घुसे। वहां पाया गया कि कंप्यूटर में आग लगी हुई है, जो वहां रखी फाइलों में फैल गई। आग लगने से पूरे कार्यालय में धुआं भर गया। बाद में आग को बुझाकर मशीन की मदद से हाई कोर्ट दफ्तर में भरे धुएं को बाहर निकाला गया। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# रेलवे का आज 7 घंटे मेगा ब्लॉक, पटना-दुमका एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें प्रभावित, 10 रद्द




**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के मुंगेर और लखीसराय जिले में रेलवे का शनिवार को 7 घंटे का मेगा ब्लॉक रहेगा। इसके चलते गया, जमालपुर, सहरसा और किऊल की 10 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

इसके अलावा पटना-दुमका एक्सप्रेस, भागलपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल समेत कई ट्रेनों को रिशेड्यूल किया गया है। कुछ अन्य ट्रेनों का आंशिक समापन भी किया जाएगा। जानकारी के अनुसार जमालपुर-किऊल सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 23 के स्थान पर सब-वे बनाया जा रहा है। सब-वे निर्णाण के लिए 10 मई को मसूदन और अभयपुर स्टेशन के बीच सुबह सवा 7 बजे से दोपहर सवा 2 बजे तक यातायात और पावर ब्लॉक का फैसला लिया गया है। इस वजह से कई ट्रेनों को रद्द करने के साथ ही रिशेड्यूल किया गया है।

### ये ट्रेनें रद्द रहेंगी

53479 जमालपुर किऊल पैसेंजर 10 मई को
53480 किऊल जमालपुर पैसेंजर 10 मई को
73421 जमालपुर किऊल पैसेंजर 10 मई को
73422 किऊल जमालपुर पैसेंजर 10 मई को
63423 जमालपुर किऊल पैसेंजर 10 मई को
63424 किऊल जमालपुर पैसेंजर 10 मई को
05509 सहरसा जमालपुर पैसेंजर 10 मई को
05510 जमालपुर सहरसा पैसेंजर 10 मई को

### इन ट्रेनों का आंशिक समापन होगा

ट्रेन नंबर 13409/10 मालदा टाउन-किऊल-मालदा टाउन 10 मई को जमालपुर में ही समापन होकर वहीं से वापस चलेगी

गोड्डा राजेंद्र नगर एक्सप्रेस 10 मई को किऊल पर समाप्त होगी और फिर वहीं से शुरू होगी

साहिबगंज जमालपुर मेमू ट्रेन को 10 मई को भागलपुर तक ही चलाया जाएगा

# एलएनजेपी अस्पताल: आयुष्मान कार्डधारी मरीजों के इलाज की पड़ताल

### हाथ-पैर में लगे रॉड को निकालने के लिए भी 15 दिन इंतजार कर रहे मरीज

**पटना, एजेंसी।** लोक जयप्रकाश नारायण हड्डी रोग अस्पताल में आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का न समय में ऑपरेशन हो रहा है और इलाज। निःशुल्क इलाज और गरीबी के कारण हाथ-पैर और कमर की हड्डी के ऑपरेशन के लिए एक-एक महीने का इंतजार करना पड़ रहा है। एलएनजेपी में आयुष्मान कार्डधारी 50 मरीज भर्ती हैं। इन मरीजों को ऑपरेशन के लिए लंबा इंतजार और दर्द दे रहा है। एलएनजेपी अस्पताल में 158 बेड है। इसमें अधिकांश बेड पर आयुष्मान के मरीज भर्ती हैं। मरीजों का कहना है कि आयुष्मान कार्डधारी मरीज अपना कार्ड कैंसिल कराकर पैसा देकर इलाज करा रहे हैं। **रॉड निकालने के लिए 15 दिन से अस्पताल में भर्ती हैं रीता :** दानापुर की रीता देवी सिर्फ हाथ में लगे रॉड को निकलवाने के लिए 15 दिन से अस्पताल में भर्ती हैं। तीन से चार दिन पर पानी चढ़ाते हैं और डॉक्टर कहते हैं कि आज रॉड निकल जाएगा, लेकिन रॉड नहीं निकल रहा है। रीता देवी का कहना है कि रॉड के कारण अब हाथ उठाना मुश्किल हो गया है। रॉड निकालने के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया है और सिर्फ तारीख पर तारीख दे रहे हैं।

**पैर में लगे रॉड को निकालने के लिए पढ़ाई छोड़कर एलएनजेपी में भर्ती है छात्रा :** मसौढ़ी से आई चौथी कक्षा की छात्रा के पैर में भी रॉड लगा है। वह भी 7 दिनों से अस्पताल में भर्ती है। लेकिन रॉड नहीं निकाला जा रहा है। छात्रा ने बताया कि अस्पताल में भर्ती रहने के कारण उसकी पढ़ाई छूट रही है। उसके पिता अर्जुन कुमार बताते हैं कि वह पंजाब में काम करते हैं, बेटी के इलाज के लिए काम छोड़कर बैठे हैं। ऑपरेशन नहीं हुआ, आयुष्मान कार्ड कैंसिल कराकर कराया इलाज बेशऊर की रहने वाली मीना देवी का कमर टूट गया है। वह दस दिनों से जयप्रकाश नारायण हड्डी अस्पताल में भर्ती हैं। उनके पास आयुष्मान कार्ड भी था, डॉक्टर ऑपरेशन के लिए टाल रहे थे, अंत में हारकर वह अपना आयुष्मान कार्ड कैंसिल कराया और उसी अस्पताल में 14 हजार रुपए देकर ऑपरेशन कराया। पटना के एलएनजेपी अस्पताल के सुप्रीटेंडेंट डॉ. सुभाष चंद्रा का कहना है कि एलएनजेपी अस्पताल में 15 चिकित्सक हैं। हर दिन दो-तीन ऑपरेशन होते हैं। 158 बेड पर हड्डी रोग का इलाज हो रहा है। हर दिन 20-25 मरीज आ रहे हैं। पांच से छह मरीज डिस्चार्ज हो रहे हैं। छह से आठ प्रत्येक दिन ऑपरेशन होता है। आने वाले मरीजों का पहले ऑपरेशन करना जरूरी होता है। अगर रॉड नहीं निकलता है तो उन्हें इंतजार करना होगा।




# बेहतरीन मौका है, भारत अब पीओके लेकर ही माने: पप्पू यादव



**पूर्णिया, एजेंसी।** पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बीच भारत और पाकिस्तान में तनाव चरम पर है। इस बीच बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भारत सरकार से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) वापस लाने की अपील कर दी है। सांसद ने कहा कि यह बेहतरीन मौका है, भारत अब पीओके लेकर ही माने। उन्होंने कहा कि वैश्विक समुदाय को डेलीगेशन भेजकर भारत सरकार को उन्हें अपने पक्ष में करना चाहिए। पप्पू यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह बात कही। उन्होंने दावा किया कि हमारी सेना अपने शौर्य के बूते पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को आजाद कर संपूर्ण कश्मीर को भारत में जोड़ देगी। सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार पाक अधिकृत कश्मीर को मुक्त कराने का निर्णय ले, भारतीय सेना 24 घंटे में पीओके को भारत में मिला देगी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले महीने हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इसके बाद बौखलाहट में पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों में मिसाइल और ड्रोन हमलों की नाकाम कोशिश की। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के एयर डिफेंस रडार सिस्टम को नुकसान पहुंचाया। दोनों देशों के बीच फिलहाल तनाव चरम पर है। गुरुवार रात को भी पाक की ओर से भारत में कई जगहों पर हमले की कोशिश की जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।

# राजस्व कर्मचारियों की पोस्टिंग काम के आधार पर होगी



**पटना, एजेंसी।** सीओ और कर्मचारी संवेदनशील होकर जनता से पॉजिटिव संवाद करें। किसी काम के लिए अंचल कार्यालय आने वाले लोगों को परेशान नहीं करें। सीओ के साथ-साथ राजस्व कर्मचारियों की पोस्टिंग भी उनके काम के आधार पर होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने गुरुवार को डीसीएलआर और सीओ की दो दिवसीय समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीओ कार्यालय के सभी काम ऑनलाइन होने के बावजूद आम नागरिकों की दफ्तरों में भीड़ हो रही है, जो जायज नहीं है।

जनता के काम को गंभीरता से पूरा करें। दूर-दराज के गांवों से आने वालों की समस्याओं का तुरंत निपटारा करें। मंत्री ने ऑनलाइन म्यूटेशन, जमाबंदी और परिमार्जन की समस्याओं के साथ-साथ डिफेक्ट चेक स्टेटस, म्यूटेशन केस डिस्पोजल, रिजेक्शन ऑफ म्यूटेशन केस की स्थिति पर कहा कि समय सीमा के अंदर जल्द सारे काम पूरे हों। बैठक में निदेशक राकेश कुमार सिंह और कमलेश कुमार सिंह, विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। जिलों में दाखिल-खारिज के पेंडिंग व अस्वीकृत मामलों, जमाबंदी के डिजिटाइजेशन के पेंडिंग मामलों पर मंत्री ने कहा कि ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह और सचिव जय सिंह ने कहा कि जिन अंचलों का कार्य संतोषजनक नहीं है, वहां के अधिकारियों को सचेत किया जा रहा है। जहां भी शिथिलता या लापरवाही पाई जा रही है, वहां कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन राजस्व शिकायत प्रबंधन प्रणाली शुरू

लोगों की सुविधा और राजस्व संबंधी शिकायतों के तुरंत निपटारे के लिए नई ऑनलाइन राजस्व शिकायत प्रबंधन प्रणाली शुरू हो गई है। मंत्री संजय सरावगी ने इसकी शुरुआत की। इस पोर्टल पर राजस्व विभाग से जुड़ीं शिकायतें ऑनलाइन दर्ज होंगी। बिहार भूमि पोर्टल के एकीकृत लॉगइन व्यवस्था के तहत सुविधा का लाभ उठाएंगे। शिकायतों के संबंध में एसएमएस व पोर्टल से अपडेट जानकारी मिलेगी। शिकायत पर हुई कार्यवाही को देखने की पारदर्शी व्यवस्था होगी।

# पटना में रहने वालीं पाकिस्तानी महिलाओं को 2 महीने की मोहलत, नया वीजा बनवाना होगा



**पटना, एजेंसी।** पटना सहित बिहार के विभिन्न जिलों में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को भारत सरकार ने दो महीने की मोहलत दी है। उन्हें दो महीने के अंदर नया वीजा बनवाना होगा। 10 जुलाई के बाद उनका पुराना वीजा अपने आप रद्द हो जाएगा। पटना में पाकिस्तान की 28 महिलाएं रह रही हैं। इनके पास लंबी अवधि का वीजा (एलटीवी) है। भारत सरकार के आदेश पर पुलिस अधीक्षक (विधि व्यवस्था) पटना संजय कुमार ने जिले के सभी पाक नागरिकों को नया वीजा बनवाने का आदेश दिया है। इसके लिए दस मई से 10 जुलाई तक आवेदन करने की तिथि निर्धारित की गई है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 28 निर्दोष लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

इस घटना के बाद केंद्र सरकार ने भारत में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने का निर्देश दिया था। उसी समय पता चला कि राजधानी सहित पटना जिले में पाकिस्तान की 28 महिलाएं रहती हैं। इनके पास एलटीवी है। इसमें से तीन महिलाओं ने अपना पासपोर्ट सरेंडर कर दिया है। वहीं एक महिला के वीजा को लेकर सिविल कोर्ट में केस चल रहा है।

### 10 जुलाई तक आवेदन करने की मोहलत

पुलिस अधीक्षक (विधि व्यवस्था) पटना ने गुरुवार को बताया कि दीर्घ कालीन वीजा के लिए पाकिस्तान के नागरिकों को नए सिरे से आवेदन करना होगा। इसके लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 10 मई से लेकर 10 जुलाई तक का समय निर्धारित किया है। पटना में रहने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा के लिए नए सिरे से आवेदन करने के बारे में बता दिया गया है। इस अवधि के अंदर जो लोग आवेदन करने में विफल होंगे, उनका वीजा रद्द कर दिया जाएगा और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों का सत्यापन थाना स्तर पर कराया जा चुका है। इन सभी लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। संबंधित थाने अलर्ट हैं।

### एसपी से पाकिस्तानी महिला ने लगाई गुहार

पीरबहोर के सब्जीबाग में रहने वाली पाकिस्तानी महिला जाहिदा खालिद गुरुवार को पुलिस अधीक्षक (विधि व्यवस्था) के पास गुहार लेकर पहुंची थी। उनके साथ बेटा भी था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जाहिदा ने एसपी को बताया कि उनके खिलाफ न्यायालय में केस चल रहा था। इसमें 24 अप्रैल को उनके पक्ष में फैसला आया है, लेकिन पुलिस के पास उसकी कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। इसकी वजह से महिला को वापस लौटा दिया गया। वह दीर्घ कालिक वीजा पर है।

# कृषि फार्म का प्रमुख एवं जिला परिषद सदस्या ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुण्डी।** टुंडी के स्थानीय लोगों के द्वारा लगातार मिल रहे शिकायत को लेकर टुंडी के प्रमुख मालती मरांडी एवं जीप सदस्य मीना हेंब्रम के द्वारा शुक्रवार को टुंडी बाजार से सटे भुरसाबांक कृषि फार्म का निरीक्षण किया गया एवं वहां चल रहे निर्माण कार्यों को देखा जिसमें घोर अनियमित पाई गई। पूर्व से उक्त कृषि फार्म का बाउंड्री वॉल बना था जिसमें एंगल में कटीले तार भी लगे थे इसके बावजूद बगल में लूट की योजना बनाने के लिए पुराने बाउंड्री वॉल के समानांतर कटीले तारों का एक दूसरा बाउंड्री वॉल बनवाया गया। इतना ही नहीं कृषि फार्म के अंदर पहले से बने एक भवन को तोड़कर उसके स्थान में एक दूसरा सेड बनाया गया जिसमें घोर अनियमितता बरतते हुए चिमनी इट के जगह बांग्ला भत्ते के इट का प्रयोग किया गया इतना ही नहीं उसके निर्माण में पुराने भवन के छड़ो का भी प्रयोग किया गया। यही नहीं अनियमिताओं का हद को पार करते हुए कार्य कर रहे मजदूरों ने भी प्रमुख एवं जीप सदस्य के समक्ष कम मजदूरी भुगतान करने का आरोप लगाया तथा कहा कि वाजिब मजदूरी की भुगतान करने की मांग करने पर काम करवा रहे एनजीओ द्वारा मजदूरी से हटा देने की धमकी दिया जाता है। इन सारी घोर अनियमिताओं को देखने के बाद प्रमुख एवं जीप सदस्य ने घोर नाराजगी बात करते हुए संबंधित एनजीओ के लोगों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने को कहा साथ ही उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत धनबाद के उपायुक्त महोदय से की जाएगी तथा समस्त प्रकरण की जांच करने की मांग की जाएगी।



# शोध विश्वविद्यालय और मेरु के मापदंडों पर कार्य करने के लिए हों कृत संकल्प : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग में बहुविषयक शिक्षा एवं शोध विश्वविद्यालय के घटकों का विश्वविद्यालय स्तर पर सफल क्रियान्वयन विषय पर कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय संकायाध्यक्ष, स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों की अहम बैठक को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो चौधरी ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय को शोध विश्वविद्यालय का गौरव प्राप्त हुआ है। ऐसे में हम सभी की जवाबदेही है कि दृढ़- इच्छाशक्ति और अनुसंधानात्मक दृष्टि के साथ विश्वविद्यालय की उन्नति में कार्य करें। विश्वविद्यालय परिवार इस बात के लिए कृत संकल्पित हो कि आने वाले सभी असाइनमेंट्स को तटस्थता से संपादित करें।



मेरु के प्रस्ताव से संबंधित विस्तृत जानकारी आईक्यूएसी निदेशक डॉ0 मो0 ज़्या हैदर ने पावरपॉइन्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस संदर्भ में उन्होंने मेरु के चार घटकों क्रमशः आधारभूत संरचना, आधारभूत संरचना का जीर्णोद्धार, उपस्कर क्रय तथा सॉफ्ट कंपोनेंट के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सॉफ्ट कॉम्पोनेन्ट के अंतर्गत आने वाली महत्वपूर्ण 44 बिंदुओं पर सभी से विमर्श किया गया, जिससे गुणवत्तापूर्ण बहुविषयक शिक्षा एवं शोध की दिशा में सुचारू रूप से कार्य किया जा सकें। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई पॉलिसी स्ट्रैटेजिक इंस्टिट्यूट के हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि विश्व के 64 क्रिटिकल स्ट्रैटेजिक क्षेत्रों में भारत 45 क्षेत्रों में प्रमुख पांच देश मे शामिल है, जिसके पीछे शोध-चलित विश्वविद्यालय का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम का संचालन मेरु के विश्वविद्यालय नोडल पदाधिकारी श्री अमृत कुमार झा ने किया। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में शिक्षा विभाग, भारत सरकार के द्वारा आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय मेरु कार्यशाला का सारांश बताया तथा मेरु के आज के परिपेक्ष्य में उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डी. पी. गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# दर्शकों की तालियों से गूंजा राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को टेबल टेनिस प्रतियोगिता गर्ल्स और बॉव्यज का आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के क्वार्टर-फाइनल का मुकाबला शानदार एवं रोमांचक रहा। इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन को बढ़ाया। प्रतियोगिता के मौके पर खेल विभाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सचिव हरि रंजन राव, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रण शंकरण, जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, खेलो इंडिया के निदेशक श्री ओझा, टेबल टेनिस फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव कमलेश मेहता सहित अन्य अधिकारियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने का काम किये। बिहार सरकार ने खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उनके सर्टिफिकेट लाओ नौकरी पाओ का भी घोषणा की है। जिसके परिणाम स्वरूप कई युवा खिलाड़ियों ने खेल सर्टिफिकेट के तहत नौकरी भी हासिल की है। दूसरी ओर शुक्रवार को गर्ल्स सिंगल्स क्वार्टर-फाइनल में जोरदार मुकाबला हुआ। रोमांचक मैच शुरू से ही हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप उपस्थित अधिकारी एवं श्रोता मैच को बड़े ही अच्छे से देखने का कार्य किये। समय-समय पर लोगों ने तालियां भी बजाएं। तमिलनाडु की एम. हंसिनी ने वेस्ट बंगाल की सयानी पांडा को 3-0 से पराजित करने का काम किया। इसी तरह महाराष्ट्र की दिव्यांशी भौमिक ने तमिलनाडु की नंधिनी बालाजी रीना को 3-0 से हराने का काम किया। महाराष्ट्र की सुक्रति शर्मा ने दिल्ली की वंशिका मुद्गल को 3-1 से पराजित का गौरव हासिल की। महाराष्ट्र की काव्या भट्ट ने दिया ब्रह्मचारी को 3-0 से पराजित किया। इसी प्रकार बॉयज सिंगल्स क्वार्टर-फाइनल में महाराष्ट्र के कुशल चोपड़ा ने हिमाचल प्रदेश के नमन भटनागर को 3-2 से पराजित किया। तमिलनाडु के पी. बी. अभिनंद ने पुनित बिस्वास को 3-1 से हराया। यह मैच काफी रोचक दार रहा। असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने बिहार के हर्षित कुमार को 3-0 से हराकर कर सेमीफाइनल में प्रवेश करने का कामयाबी हासिल किया। यह मैच शुरू से ही काफी दिलचस्प रहा। तमिलनाडु के मुथु राजसेकरन बालमुरुगन ने तेलंगाना के अरुष रेड्डी मिड्डेला को 3-0 से हरने का काम किया। मैच के अवसर पर उपस्थित अधिकारी एवं अन्य लोगों ने मैच को काफी दिलचस्पी देखने का काम किया।



# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के गुरुवार देर रात उस्मानपुर पुल के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक करायपरशुराय प्रखंड के सूरजनचक गांव निवासी चंदन कुमार था। परिजनों ने बताया कि चंदन अपने साढ़ू के भाई की शादी में पत्नी और बच्चों को छोड़ने गया था। वापस लौटते समय सड़क पर अचानक एक फोर व्हीलर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पवन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है और वाहन नंबर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बिहार मे दूध उत्पादन की बढ़ोतरी के लिए किसान 'साइलेज मक्का' की खेती करें : गिरिराज सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के पूसा स्थित डा.राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के विद्यापति सभागार में शुक्रवार को भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा 'एग्रोटेक्सटाइल्स एवं साइलेज मक्का उत्पादन' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर उद्घघाटन किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पशुओं को उत्तम चारा उपलब्ध कराने के लिए बिहार मे मक्का पर आधारित साइलेज यूनिटों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि नेशनल टेक्निकल टेक्स्टाइल मिशन और कृषि एक साथ मिलकर काफी काम कर सकता है। इसको लेकर नेशनल टेक्निकल टेक्स्टाइल मिशन और पूसा स्थित केन्द्रीय एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के साथ आज एक 'एमओयू' भी किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय एवं समस्तीपुर के मशीना बीज निगम के साथ 'साइलेज मक्का' के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु भी समक्षौता किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि पशुओं को साइलेज चारा देने से दुध मे काफी वृद्धि होगी और पशुपालकों एवं किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर, बेगूसराय एवं वैशाली दूध उत्पादन जिला है जहां साइलेज मक्का की खेती से किसान अपनी आय मे काफी वृद्धि कर सकते हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को देखते हुए बिहार समेत देश मे भारत सरकार का वस्त्र मंत्रालय 'ससमीरा' एग्रोटेक्सटाइल्स को बढ़ावा दे रही है। संगोष्ठी को विश्वविद्यालय के कुलपति डा.पी.एस. पाण्डेय, कुलसचिव डा.मृत्युंजय कुमार, विधान पार्षद सर्वेश कुमार,भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के संयुक्त सचिव अजय गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए कृषि विकास पर प्रकाश डाला।




# बिना दहेज की शादी कर दूल्हे ने पेश की मिसाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के पैजुना गांव निवासी भोला महतो के प्रथन पुत्र विजय महतो प्रथम पुत्र आनंद कुमार दूल्हे ने समाज के लिए एक मिसाल प्रस्तुत की। बिना दहेज शादी की। ससुराल पक्ष से केवल एक रुपया और नारियल लेकर दुल्हन को विदा कराकर घर लाया। दूल्हे की इस फैसले की तारीफ हो रही है।नवादा कादिरगंज स्थित मगुरा निवासी जगदीश महतो के पुत्री ज्योति कुमारी की शादी बिना तिलक के आनंद कुमार के साथ तय हुआ। पैजुना गांव के लोगों ने घूम थाम से शादी समारोह में शामिल होकर विवाह रचाए में शुगन के तौर पर एक रुपया और नारियल लेकर एक मिसाल कायम की है। दरअसल, फिलहाल खेती करने वाला शुरु से ही लड़कियों को उच्च शिक्षा देने का हिमायती रहा है। साथ ही दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या और नशे जैसी बुराइयों का कड़ा विरोधी रहा। जब उसके रिश्ते जगदीश महतो की बेटी ज्योति कुमारी के साथ चली तो उसने पहले ही दहेज न लेने और न देने की की बात स्पष्ट कर दी।

# सप्तर्षि डिग्री कॉलेज में सामाजिक न्याय परिचर्चा 11 मई को

## सामाजिक न्याय परिचर्चा को लेकर राजद कार्यकताओं ने की बैठक, पार्टी की मजबूती को लेकर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डाकबंगला चौराहा के समीप एक निजी भवन परिसर में शुक्रवार को राजद कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक न्याय परिचर्चा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष कारू राम ने किया। इस दौरान नन्द किशोर यादव, पंचायतीराज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बब्लू यादव, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी भारती, पूर्व जिला पार्षद प्रेमा चौधरी एवं अनुसूचित जाति के जिला महासचिव मुसाफिर चौधरी भी मौजूद रहे। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि 11 मई को 11 बजे दिन में अमावां मोड के समीप स्थित सप्तर्षि डिग्री कॉलेज के प्रांगण में सामाजिक न्याय परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इस दौरान राजद के प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव एवं पूर्व मंत्री सर्वजीत पासवान के अलावे कई विधायकगण भी मौजूद रहेंगे। इस परिचर्चा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय के तहत समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों को न्याय दिलाना है। उन्हें बेरोजगारी से मुक्त कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है वहीं बैठक के दौरान बब्लू यादव ने कहा कि हमारे नेता तेजस्वी यादव के विचारों को धरातल पर लाना है,ताकि सामाजिक न्याय को मानने वाले लोगों तक इस विचार को पहुंचाया जा सके। नंदकिशोर यादव ने बताया कि सामाजिक न्याय परिचर्चा पूरे प्रदेश में किया जा रहा है, इसी दौरान रजौली विधानसभा के अंतर्गत रजौली, सिरदला एवं मेसकौर प्रखंड में भी परिचर्चा को सफल बनाए जाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया जा रहा है। मुसाफिर चौधरी ने बताया कि इस परिचर्चा को सफल बनाए जाने को लेकर कार्यकर्तागण गांव-गांव जाकर तेजस्वी यादव के मेनिफ़ेस्टो को समझाया जा रहा है।इस दौरान आगामी विधानसभा में राजद की सरकार बनने पर माई-बहन योजना के तहत 2500 रुपए, वृद्धा पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति व्यक्ति एवं गैस सिलेंडर में 500 रुपए की अनुदान राशि समेत अन्य बातों को मतदाताओं समेत समाज के सभी वर्गो के लोगों को बताया जा रहा है वहीं पिंकी भारती ने बताई कि आगामी विधानसभा में राजद को बहुमत मिले, इसकी जिम्मेदारी राजद के सिपाहियों के कंधों पर है।उन्होंने कहा कि हमारे नेता लालू प्रसाद यादव ने पिछड़ों के लिए लंबी सामाजिक लड़ाई लड़े हैं। इस बार मजबूती के साथ चुनाव जीतकर सामाजिक न्याय वाली सरकार बनानी है। रेखा राजवंशी ने बताई कि इस परिचर्चा के माध्यम से राजद के हाथों को और मजबूत बनाना है एवं बिहार के अगले मुख्यमंत्री के रूप में बिहार की जनता तेजस्वी यादव को देखना चाहती है। प्रेमा चौधरी ने बताया कि सामाजिक न्याय परिचर्चा के सफल आयोजन के लिए विधानसभा के लोगों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में तय स्थल पर पहुंचे। इस मौके पर शैलेन्द्र यादव, कंचन यादव, निलेश कुमार, पिंटू यादव, उमेश यादव, कुलदीप यादव, आनंदी यादव, कृष्ण प्रसाद यादव, रणविजय चौधरी, रामाशीष प्रसाद यादव, पवन यादव, तेजप्रताप यादव के अलावे दर्जनों कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस संकल्पित : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 8 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 01, आर्म्स एक्ट में 1, एनडीपीएस एक्ट में 1, मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 45 कुल 62 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 344 लीटर महुआ शराब एवं 3.05 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-22 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 712 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि चार लाख 71 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत स्कॉर्पियो 1 एवं मोटरसाइकिल तीन बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

# सड़क हादसे में नवादा के बैंक अधिकारी की मौत, प्रबंधक जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सारे थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चैतन्य बैंक के फील्ड ऑफिसर सत्रुधन पासवान की मौत हो गई, जबकि बैंक प्रबंधक प्रवीण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब बिहारशरीफ की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान नवादा जिले के धमौली थाना क्षेत्र के जमड़िया गांव निवासी नंद किशोर पासवान के पुत्र सत्रुधन पासवान के रूप में हुई है। वे चैतन्य बैंक में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। घायल युवक गया जिले के निवासी प्रवीण कुमार हैं, जो बरबीघा शाखा में बैंक प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। दोनों शुक्रवार सुबह बैंक के काम से बाइक से अलीनगर जा रहे थे कि तभी अलीनगर के पास यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए बरबिघा अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने सत्रुधन पासवान को मृत घोषित कर दिया। प्रवीण कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर किया गया है। हादसे के बाद मृतक के गांव और बैंक में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजन और सहकर्मी गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डूबने से अधेड़ की मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरांव गांव पइन में डूबकर एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक मुन्ना मिस्त्री का 55 वर्षीय पुत्र दासो मिस्त्री था। परिवार वालों ने बताया कि रोज की तरह सुबह शौच के लिए गांव के बाहर गए थे। उसी दौरान पैर फिसलने के कारण वे गहराई में चले गए और डूब गए। जब काफी देर तक वे वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। कुछ ग्रामीणों ने पाइन के किनारे उनके कपड़े देखे, जिसके बाद शंका होने पर पानी में तलाश शुरू की गई। कुछ ही देर में उनका शव पानी से बरामद कर लिया गया।

# डीएम ने जनता दरबार में निपटाये कई मामले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश ने समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनता दरबार में आम जनता की समस्याओं को सुना एवं उनका समाधान किया। आज के इस जनता दरबार में कुल 49 फरियादी उपस्थित हुए, जिनमें से अधिकांश की समस्याओं को सुना गया और उनका तत्क्षण समाधान किया गया। मुख्य रूप से जनता दरबार में भूमि विवाद, विद्युत समस्या, आपसी विवाद आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जनता दरबार में थाना रोह, पोस्ट कोशी, ग्राम बलियारी के विनोद कुमार द्वारा भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित, प्रखंड अकबरपुर, पंचायत सकरपुरा, पोस्ट तेयार, ग्राम मारूफपुर के शिवदानी प्रसाद द्वारा अतिक्रमणमुक्त कराने के संबंध में, थाना वारिसलीगंज, ग्राम दोसुत के परमानंद सिंह द्वारा रैयती जमीन के चौड़ीकरण के मुआवजा देने के संबंध में थाना हिसुआ, पोस्ट बढ़ौना, ग्राम खुशिया विगहा के रामविलास यादव द्वारा चापाकल लगाने के संबंध में, अंचल नवादा, साकिन भदौनी के मो. मुख्तार शाह द्वारा भूमि बंदोबस्ती पर पर्चा निर्गत करने के संबंध में एवं थाना हिसुआ, बीच बाजार के अर्जुन राम द्वारा स्वयं की जमीन पर निर्माण नहीं करने देने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कुछ आवेदनों का संबंधित पदाधिकारी से वार्ता कर स्थल पर ही निष्पादन कराया गया एवं अन्य आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के पास निपटारे हेतु अग्रसारित किया गया।

यह जनता दरबार मुख्यमंत्री के सेवा सुशासन अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना एवं उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान करना है। आज के जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी मनोज चौधरी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।




**पूर्व रेलवे**

**बोली सं.: जीईएम/2025/बी/6206533 दिनांक: 07.05.2025.** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, बोगी निर्माण कारखाना, पूर्व रेलवे, बज बज, 88/1, अधर दास रोड, पीओ+पीएस- बज बज, कोलकाता- 700137 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं: **आइटम श्रेणी :** सेवाओं के लिए कस्टम बोली - निपटान जिसमें कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप - लिलुआ से बेलूर स्क्रैप यार्ड - बेलूर तक बिक्री योग्य फेरस स्क्रैप की लोडिंग, परिवहन एवं अनलोडिंग शामिल है, सेवाओं के लिए कस्टम बोली - निपटान जिसमें कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप - लिलुआ से बेलूर स्क्रैप यार्ड- बेलूर तक बिक्री योग्य नॉन-फेरस स्क्रैप की लोडिंग, परिवहन एवं अनलोडिंग शामिल है; **अनुमानित बोली मूल्य:** रु. 83,26,649.00; **ईएमडी विवरण:** सलाहकार बैंक: भारतीय स्टेट बैंक; **ईएमडी राशि:** रु. 1,66,530.00; **मध्यस्थता खंड:** नहीं; **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष; **बोली प्रस्ताव वैधता (अंतिम तिथि से):** 90 (दिन); **बोली समाप्ति तिथि/समय:** 28.05.2025 16.00 बजे; **बोली खुलने की तिथि/समय:** 28.05.2025 16.30 बजे। **कार्यालय का नाम:** कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप लिलुआ; **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों के लिए):** 42 लाख; **समान/समान सेवा के लिए आवश्यक पिछले अनुभव के वर्ष:** 1 वर्ष; **आवश्यक समान सेवाओं का पिछला अनुभव:** हाँ; **अनुभव के वर्षों एवं टर्नओवर के लिए एमएसई छूट:** नहीं; **अनुभव के वर्षों एवं टर्नओवर के लिए स्टार्टअप छूट:** नहीं; **विक्रेता से आवश्यक दस्तावेज़:** अनुभव मानदंड, बोलीदाता टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोधित), अतिरिक्त दस्तावेज़ 1 (एटीसी में अनुरोधित) *यदि कोई बोलीदाता अनुभव/टर्नओवर मानदंड से छूट चाहता है, तो छूट के लिए उसकी पात्रता साबित करने के लिए सहायक दस्तावेज़ खरीदार द्वारा मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाने चाहिए; **क्या आप बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को दिखाना चाहते हैं?** : हाँ; **आरए के लिए बोली सक्षम:** नहीं; **बोली का प्रकार :** दो पैकेट बोली; **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए अनुमत समय:** 2 दिन; **मूल्यांकन पद्धति:** कुल मूल्यवार मूल्यांकन; **ई-पीबीजी विवरण:** सलाहकार बैंक: भारतीय स्टेट बैंक; **ई-पीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00; **ई-पीबीजी की आवश्यक अवधि (महीने):** 26.

(MISC-57/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ-एसी- टी-15 to 25 - 26 (खुली) दिनांक: 08.05.2025** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन - 713301 द्वारा निम्न-लिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1. केस सं.: ओ-एसी-टी-15-25-26; कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में प्रमुख ब्रिज पर मानक ब्रिज बोर्ड, निरीक्षण चरण एवं बैलास्ट गार्ड दीवार आदि का प्रावधान; **निविदा मूल्य:** रु. 1,27,70,216.98; **बयाना राशि: रु.** 2,13,900.00; **कार्य पूर्ण होने की अवधि:** 9 (नौ) माह; **क्रम सं. 2. केस सं. ओ-एसी-टी-16-25-26; कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के अंतर्गत आसनसोल (50000 जीएल), पानागढ़ (50000 जीएल), पांडबेश्वर (25000 जीएल), कालीपहाड़ी (25000 जीएल), दुर्गापुर (50000 जीएल), तापसी (25000 जीएल) आदि में प्लेटफॉर्म में पाइपलाइन सहायक कार्यों के साथ-साथ आरसीसी ओएच टैंकों के साथ क्षतिग्रस्त टैंकों को बदलने के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु. 6,86,39,847.76; **बयाना राशि:** रु. 4,93,200.00; **कार्य पूर्ण होने की अवधि:** 18 (अठारह) माह; **समापन की तिथि एवं समय:** 02.06.2025 को 12.00 बजे; पूरी जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

(ASN-38/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. ईएल-एएसएन-कॉन - टीआरएल- 174 - 2025- एनआईटी दिनांक: 07.05.2025,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (कॉन), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा - 711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव वाले अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, साझेदारी फर्मों आदि से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं. ईएल-एएसएन-कॉन-टीआरएल-174-2025;कार्य का नाम:** पूर्वी रेलवे के आसनसोल मंडल में क्वाड्रुपल लाइन से शाखा लाइन तक सीधे संयोजन के साथ अंडाल सैंथिया न्यू बीजी बाई पास लाइन के संबंध में 132 केवी डीटीपीएस-जमुरिया लाइन एवं 400 केवी डीएसटीपीएस-जमशेदपुर टूईन मूस टीएल, डीएसटीपीएस-आरटीपीएस टूईन मूस टीएल के परिवर्तन एवं ऊंचाई बढ़ाने के लिए ट्रांसमिशन लाइन का डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग; **निविदा मूल्य :** रु.18,12,22,627.25; **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य। **बयाना राशि:** रु.10,56,100.00; **समापन अवधि:** 06 (छह) महीने; **समापन की तिथि एवं समय:** 04.06.2025 को 15:00 बजे। निविदा दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं तथा निविदा के लिए ऊपर उल्लिखित "निविदा दस्तावेज की लागत" तथा "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के पश्चात, निविदा समाप्ति तिथि तथा समय पर या उससे पहले **www.ireps.gov.in** पर बोलियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। इस निविदा के लिए सभी तरह से पूर्ण निविदाएं तथा ऊपर बताए गए सभी दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने चाहिए। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है तथा यदि कोई मैन्युअल ऑफ़र प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी किए गए शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) तथा अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। यह निविदा सूचना **उप मुख्य विद्युत अभियंता (कॉन), पूर्वी रेलवे, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101** के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

(CON-09/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# लखनऊ में छावनी और एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ी, खुफिया तंत्र सक्रिय, छुट्टियां हो सकती हैं रद्द



**लखनऊ , एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान बीच तनावपूर्ण माहौल के चलते उत्तर प्रदेश में छावनी, रेलवे, एयरपोर्ट प्रशासन ने कमर कस ली है। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी जगह एंट्री व निकासी पर कड़ी जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशनों की निगरानी ड्रोन से करने की तैयारी है।

ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है तथा एयरपोर्ट पर बुलेटप्रूफ गाड़ियों से गश्त बढ़ाई गई है। सेना का खुफिया तंत्र भी मुस्तैद हो गया है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

### छावनी-सुरक्षा बढ़ी, खुफिया तंत्र मुस्तैद

बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के मिसाइल हमलों के प्रयास के बाद भारत ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की है। चूंकि लखनऊ में सेना की सबसे बड़ी मध्य कमान का मुख्यालय है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता किया गया है। सूत्र बताते हैं कि छावनी में सभी प्रवेश मार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीसीटीवी से हर आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। वाहनों की भी जांच हो रही है। प्रपत्र व पहचान पत्र जांचे जा रहे हैं। संदिग्धों पर खास नजर है। कमांड अस्पताल व बेस अस्पताल के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई है। सूत्र बताते हैं कि सेना का खुफिया तंत्र और लोकल इंटेलीजेंस छावनी के साथ शहर के अलग-अलग प्रमुख इलाकों पर पैनी नजर रखे हुए है। सिविल पुलिस, सेना, आईबी आदि के साथ समन्वय स्थापित कर सूचनाओं को साझा भी किया जा रहा है।

### रेलवे-ड्रोन से होगी रेलवे स्टेशन और रूट की निगहबानी

युद्ध जैसे हालात देखते हुए रेलवे प्रशासन आरपीएफ व जीआरपी जवानों की छुट्टियां रद्द कर सकता है। इसके लिए जवानों को सूचित किया गया है, हालांकि अफसर अभी खुलकर कुछ नहीं बता रहे। स्टाफ की कमी के चलते छुट्टियां निरस्त कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने की तैयारी है। रेलवे सूत्र बताते हैं कि चारबाग व लखनऊ जंक्शन सहित प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। अफसर इसकी तैयारी में जुट गए हैं। ड्रोन का ऑपरेशन कंट्रोल रूम से किया जाएगा। स्टेशनों पर इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी सिस्टम को अपग्रेड किया गया है। 155 सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है।

### 54 ट्रेनों में एस्कॉर्ट बढ़ेगा

ट्रेनों में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है। संदिग्ध यात्रियों की औचक जांच होगी। लखनऊ के रास्ते आने-जाने वाली 54 ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जाएगा, जिससे ट्रेनों में अप्रिय घटना को होने से रोका जा सके।

### एयरपोर्ट: अतिरिक्त समय लेकर पहुंचें यात्री

अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वह अतिरिक्त समय लेकर एयरपोर्ट पहुंचे। सीएसआईएफ जवान बोर्डिंग व विमान में प्रवेश से पहले यात्रियों की गहन जांच कर रहे हैं। परिसर में बुलेटप्रूफ वाहनों से गश्त की जा रही है। यहां सुरक्षाकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है। चप्पे-चप्पे पर सीएसआईएफ नजर रखे हुए है।

## संक्षिप्त समाचार

### नमाजियों ने मस्जिद के बाहर लगाए भारतीय सेना के जयकारे, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

**प्रयागराज , एजेंसी।** चौक स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा कर भारत और भारतीय सेना की सलामती की दुआ मांगी गई। साथ ही भारतीय सेना के अद्भुत साहस, पराक्रम और गौरव की सराहना करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई की सराहना की गई। जुमे की नमाज अदा करने के बाद भारतीय सेना जिंदाबाद, जय जवान जय भारत, पाकिस्तान मुर्दाबाद आदि नारे लगाते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया गया। नमाजियों ने कहा कि आज पूरा देश भारतीय सेना के साथ खड़ा है। सेना ने जिस साहस के साथ पाकिस्तान पर कार्रवाई की है वह बहुत ही अद्भुत पराक्रम है।

### अंगूठा लगवाकर भी राशन नहीं दे रहा था कोटेदार, दुकान निरस्त

**अमरोहा , एजेंसी।** पूर्ति विभाग की शिकायतों का दौर कम नहीं हो रहा है। कार्डधारकों से ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगवाकर कोटेदार राशन नहीं दे रहा था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने जांच कराई तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद डीएम ने कोटेदार की दुकान को निरस्त कर दिया है। साथ ही इस तरह के मामलों को लेकर डीएसओ से कड़ी नाराजगी जाहिर की।

मामला जोया ब्लॉक के गफ्फारपुर का है। डीएम को शिकायत मिली कि राशन डीलर चमन सिंह कार्डधारकों से पिछले तीन माह से कार्डधारकों से ई-पॉश पर अंगूठा तो लगवा रहा है, लेकिन राशन नहीं दे रहा है। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कराई तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद उसकी जमानत राशि का शासन पक्ष में जब्त करते हुए दुकान को निरस्त करने की कार्रवाई कर दी।

उन्होंने कहा कि पूर्ति विभाग में किसी भी तरह की गड़बड़ियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी राशन डीलर द्वारा कार्डधारकों को सरकार द्वारा मिलने वाले निशुल्क राशन में लापरवाही बरती गई। साथ ही किसी भी राशन की दुकान पर यदि घटतौली की शिकायत मिली तो राशन डीलर पर उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु विक्रय वितरण नियंत्रण विनियमन आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज कराते हुए दुकान निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

### दुकान से मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा, दो पकड़े, सात फोन बरामद

**हाथरस, एजेंसी।** थाना हाथरस जंक्शन पुलिस ने दुकान से मोबाइल फोन चोरी की घटना का खुलासा किया है। दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से चोरी के सात मोबाईल फोन बरामद किए हैं। विगत 12 अप्रैल को रिंकू पुत्र सुरेश बाबू निवासी ग्राम नगला बास थाना हाथरस जंक्शन ने तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि उसकी लाखनू तिराहा लाढपुर में रिंकू मोबाइल सेंटर के नाम से दुकान है । 10 अप्रैल को रात्रि में अज्ञात चोरों ने दुकान की पटिया हटाकर मोबाइल फोन चोरी कर लिये। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। पुलिस टीम ने सर्विलांस सेल की टेक्निकल इंटेलिजेंस, सीसीटीवी कैमरे आदि से मिली सूचना प्राप्त की। 8 मई को मोबाइल चोरी की घटना का सफल अनावरण कर दिया गया। दो अभियुक्तो को जलालपुर नहर पुल से गिरफ्तार किया है । जिनके कब्जे से चोरी के सात मोबाईल फोन बरामद किए हैं । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### ऑटो में पांच की जगह बैठा रहे 12 स्कूली बच्चे

**आजमगढ़।** स्कूल खुलते ही मासूमों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ शुरू हो गया है। स्कूली बच्चे निजी वाहनों से ढोए जा रहे हैं। ऑटो में पांच की जगह 10 से 12 बच्चों को भूसे की तरह ठूंसकर ले जाया जा रहा है। कई वाहन अनफिट होने के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे है। इन वाहनों पर कार्रवाई न होने से बच्चों की जिंदगी को खतरे में डाला जा रहा है। प्रदेश के किसी भी जिले में यदि कोई घटना घटती है तो प्रशासन से लेकर शासन स्तर पर सख्ती बढ़ जाती है। कुछ दिन तक सब कुछ सख्ती से चलता है। इसके बाद फिर से उसी रास्ते पर चलने लगते हैं। इसकी बानगी जिले में भी

## सीएम योगी बोले- सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें... भारत हर हाल में विजयी रहेगा



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया था... प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था और हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है... हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है और उनका मनोबल बढ़ाना है... आज आप पाकिस्तान को दुनिया के सामने कराहते हुए देख सकते हैं... सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जाएंगी। हमें प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम करते रहना है। भारत हर परिस्थिति में विजयी है और आगे भी विजयी रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लखनऊ के महाराणा प्रताप चौक, हुसैनगंज चौराहा के पास महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया था... प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था और हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है... हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है

**प्रशासन ने कसी कमर, लगातार की जा रही निगरानी:** बता दें कि देश में तनावपूर्ण हालातों के बीच छावनी, रेलवे, एयरपोर्ट प्रशासन ने कमर कस ली है। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी जगह एंट्री व निकासी पर कड़ी जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशनों की निगरानी ड्रोन से करने की तैयारी है। ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है तथा एयरपोर्ट पर बुलेटप्रूफ गाड़ियों से गश्त बढ़ाई गई है। सेना का खुफिया तंत्र भी मुस्तैद हो गया है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

## प्रयागराज एयरपोर्ट में सभी तरह के विजिटर पास पर लगी रोक, चप्पे-चप्पे पर रखी जा रही पैनी नजर

**प्रयागराज, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और युद्ध की स्थिति को देखते हुए प्रयागराज एयरपोर्ट पर सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई। यहां पर विजिटर पास पर रोक लगा दी गई है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें। ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते बाहर घूमने के लिए एयरपोर्ट पर आवाजाही इन दिनों कुछ अधिक बढ़ गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद विमान कंपनियों ने उड़ानों पर समीक्षा शुरू कर दी है। सरकारी आदेश के तहत एयरपोर्ट पर अपने परिजनों, दोस्त और रिश्तेदारों को छोड़ने या रिसीव करने के लिए लोग विजिटर पास लेकर एयरपोर्ट के भीतर प्रवेश करते हैं।

सीमा पर तनाव और युद्ध की स्थिति के चलते एहतियातन विजिटर पास को बंद कर दिया गया है। साथ ही एयरपोर्ट पर तीन घंटे पहले ही पहुंचने का फरमान जारी कर दिया गया है। इन दिनों गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए यात्रियों ने शिमला, मनाली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अमृतसर, जैसलमेर, उत्तराखंड, सहित अन्य शहरों में जाने के लिए टिकट की बुकिंग कराई थी। कई विमानन कंपनियां फुल रिफंड या यात्रा की तिथि आगे बढ़ाने का निःशुल्क विकल्प दे रही हैं।

प्रयागराज एयरपोर्ट और पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त कर दिया गया है। किसी अनहोनी की आशंका को लेकर प्रशासन सतर्क हो है। शुक्रवार से एयरपोर्ट पर यात्रा करने वालों को अब दोहरी जांच से गुजरना होगा। यात्रियों का हैंड बैगेज पहले की तरह सीआईएसएफ द्वारा जांचा जाएगा।

**विजिटर्स पास पर रोक, जवानों की छुट्टी रद्द:** फिलहाल विजिटर्स पास जारी करने पर रोक लगा दी गई है। सीआईएसएफ जवानों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं और छुट्टी पर गए जवानों को 24 घंटे में ड्यूटी पर लौटने का निर्देश दिया गया है। एयरपोर्ट परिसर में दिन-रात गश्त बढ़ा दी गई है और हर 30 मिनट पर डॉग स्क्वॉड द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बम निरोधक दस्ते और सीसीटीवी की निगरानी भी तेज़ कर दी गई है।

एहतियात के तौर पर संगम तट पर स्थित विशाल शंकर विमान मंडपम मंदिर की लाइट को बंद कर दिया गया है। महाकुंभ के दौरान मंदिर की लाइट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी थी। महाकुंभ मेला शुरू होने से पहले ही चार तल वाले इस विशाल मंदिर को आकर्षक रंग बिरंगी लाइट से सजाया गया था। साथ ही मंडप पर भी कलरफुल बल्व लगाए गए थे जिससे दूर से ही मंदिर दिखता था। संगम तट पर महाकुंभ के दौरान लगी लाइट और खंभों को भी हटा दिया गया है। हालांकि यहां पर खंभों को हटाने का कार्य पहले से ही शुरू था लेकिन पाकिस्तान पर स्ट्राइक के बाद शंकर विमान मंडप के साथ ही संगम की रेती पर जल रही लाइटों को बंद करा दिया गया है।

## अखिलेश यादव की मांग, महाराणा प्रताप जयंती पर दो दिन का हो सार्वजनिक अवकाश



**लखनऊ , एजेंसी।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि राजनीति में महापुरुषों को नहीं लाना चाहिए और न ही किसी दल को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिन का सार्वजनिक अवकाश दिए जाने की मांग भी की। साथ ही कहा कि भाजपा के एजेंडे में न कभी नौकरी रही और न कारोबार।

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर गोमती रिवर फ्रंट पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाई जाएगी, जिसके हाथ में चमकती हुई सोने की तलवार होगी।

एक सवाल के जवाब में अखिलेश ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक जाति के नहीं है, बल्कि सभी के हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के एजेंडे में कारोबार नहीं है, इसलिए सैकड़ों वर्षों से लग रहे मेलों का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि जब देश युद्ध में उलझा हुआ है सरकार गुपचुप ढंग से एलओआई (आशय पत्र) जारी कर रही है। उधर, प्रदेश सपा मुख्यालय पर शुक्रवार को क्षत्रियों के प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह और पूर्व सांसद अरविंद सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## हाईकोर्ट ने बलिया के एसपी को लगाई फटकार, कहा- यह हाईकोर्ट है कोई भी कोर्ट नहीं

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट को भेजे गए जवाब में शब्दों का गलत चयन करने पर हाईकोर्ट ने बलिया के पुलिस अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाई है। कहा कि यह हाईकोर्ट है, कोई भी न्यायालय नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि तहसीलदार राज्य के एक अधिकारी हैं वह एसपी के अधीन नहीं हैं।



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बलिया के पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट एक प्रतिष्ठित संस्था है और यह न्यायालय है, कोई भी न्यायालय नहीं। पुलिस अधीक्षक को अपने हलफनामा में शब्दों के चयन के बारे में सावधान रहना होगा। कोर्ट ने एसपी को तीन दिन के भीतर नया और उपयुक्त हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकल पीठ ने गजेंद्र उर्फ धर्मात्मा की याचिका पर दिया।

बलिया के गजेंद्र रसड़ा निवासी हैं। सार्वजनिक उपयोग की जमीन को कुछ लोगों ने अतिक्रमण किया था। जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जनहित याचिका दाखिल की। कोर्ट के आदेश पर तहसीलदार ने मौका मुआयना किया और अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया, लेकिन पत्थर बाजी होने के चलते अतिक्रमण नहीं हटा पाए। इस पर कोर्ट ने एसपी से शपथपत्र मांगा था।

एसपी ने कोर्ट में प्रस्तुत हलफनामे में कहा कि उन्हें तहसीलदार, रसड़ा, बलिया से अतिक्रमण हटाने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वह च्चकिसी भी अदालतज्ज के आदेशों का पालन करने को हमेशा तैयार रहते हैं। अदालत ने च्चकिसी भी अदालत जैसे शब्दों के इस्तेमाल पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि न्यायालय एक सम्मानित संस्था है और उसे इस प्रकार साधारण संदर्भ में नहीं लिया जा सकता। न्यायालय ने रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया है कि यह आदेश 24 घंटे के भीतर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बलिया के माध्यम से पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा दिया जाए। अगली सुनवाई नौ मई नियत की गई है।

न्यायालय ने एसपी के इस बात पर भी आपत्ति जताई कि पुलिस बल के लिए तहसीलदार से कोई अनुरोध नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि तहसीलदार एक सहायक कलेक्टर हैं और वह राजस्व विभाग में राज्य का एक अधिकारी होता है। वह एसपी के अधीन नहीं हैं। अगर तहसीलदार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने जा रहा है तो वह एसपी को एक मांग पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी देगा। एसपी को स्वयं यह आकलन करना होगा कि उक्त कार्रवाई के लिए कितने पुलिस बल की आवश्यकता है। ताकि बेदखली आदेश का पालन करने के लिए राज्य को शर्मिंदगी न उठानी पड़े।

## बुलंद दरवाजा परिसर में जनाना रोजा का छज्जा गिरा, मची अफरा-तफरी; बाल-बाल बचे पर्यटक

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के फतेहपुर सीकरी स्मारक में तेज बारिश के कारण बुलंद दरवाजा के जनाना रोजा का छज्जा गिर गया। तेज आवाज से पर्यटकों में अफरा-तफरी मच गई। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया। इसकी मरम्मत की रिपोर्ट बनाकर भेज दी है।

शाम को करीब 4 बजे तेज बारिश हुई। इसी बीच बुलंद दरवाजा परिसर के अंदर जनाना रोजा का छज्जा गिर पड़ा। गनीमत रही कि छज्जा के नीचे कोई पर्यटक नहीं था। संरक्षण सहायक दिलीप सिंह ने बताया कि तेज बारिश के कारण जनाना रोजा का छज्जा गिर गया है। मरम्मत कराई जाएगी। मुख्यालय में भी इसकी जानकारी दे दी है।



मुगलकालीन 450 साल पुरानी ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण में लापरवाही बरती जा रही है। इसके जर्जर भवनों की मरम्मत नहीं की जा रही। इसके चलते पूर्व में भी कई बार पत्थर गिर चुके हैं। खासतौर पर महल परिसर और हिरन मीनार के बीच के हिस्से में स्मारकों का संरक्षण नहीं होने के चलते कई बार हादसे भी हो चुके हैं। यूनेस्को की विश्व धरोहर में शामिल फतेहपुर सीकरी के संरक्षण के बजाय एएसआई का पूरा ध्यान ताजमहल तक ही सिमट गया है। बता दें कि फतेहपुर सीकरी मुगल काल में अकबर की राजधानी रही थी।

## 120 रुपये किलो का आम, 10 से 20 रुपये जूस का दाम, कुछ तो गड़बड़ है

**आजमगढ़ , एजेंसी।** गर्मी की तेज धूप में अगर कोई चीज सबसे ज्यादा राहत देती है तो वह है ठंडा और मीठा जूस। इसमें भी फलों का राजा और सीजन का सबसे उम्दा फल आम मिल जाए तो क्या कहने हैं। लेकिन धंधेबाजों ने मुनाफाखोरी के लिए आम के जूस को भी नहीं छोड़ा है।

100 से 120 रुपये किलो बिक रहे आम का एक गिलास जूस महज सड़क के किनारे और फुटपाथों पर महज 10 से 20 रुपये में मिल जा रहा है। जानकारों का कहना है कि यह जूस आम के फलों से तैयार हो रहा है या सिर्फ आर्टिफिशियल फ्लेवर का चमत्कार है? इसकी कोई गारंटी नहीं है।

मंडलीय जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. अतुल श्रीवास्तव की मानें तो मिलावटी आम के जूस का सेवन सीधे पाचन तंत्र को प्रभावित करता है, जिससे कई गंभीर बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। बाजार में जूस कॉर्नरों पर धड़ल्ले से 10 रुपये से लेकर 20 रुपये तक आम का शेक बेचा जा रहा है। जानकारों का कहना है कि यह आम का नहीं, बल्कि केमिकल और बर्फ मिक्स रस है। इसमें आम की मात्रा नाम मात्र की होती है। आम जैसा स्वाद लाने के लिए इसमें एसेंस और कलर के लिए दूध के अलावा अन्य केमिकल्स मिलाए जाते हैं। इसे लोगों को 10 रुपये में बेचा जा रहा है। दूषित पेय पीने से डायरिया, फूड प्वॉइजिंग, आंत में इंफेक्शन, अल्सर, गुर्दे और लीवर पर प्रभाव आदि बीमारियां हो सकती हैं।

# राष्ट्र के प्रति महाराणा प्रताप का समर्पण प्रेरणादायक : जायसवाल

## भाजपा ने आयोजित किया राणा-भामा सम्मेलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज कहा कि महाराणा प्रताप की जिम्मेदारी के प्रति समर्पण का उद्देश्य हमें राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। बिहार भाजपा की ओर से आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर पटना के बापू सभागार में राणा-भामा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. जायसवाल सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं ने महाराणा प्रताप की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर आयोजित इस सम्मेलन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के शौर्यबल को रेखांकित करते हुए उनके युद्ध कौशल और उनके राष्ट्रवाद के प्रति सोच की प्रशंसा की गई।इस समारोह की अध्यक्षता बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने की।



डॉ. जायसवाल ने महाराणा प्रताप के शौर्य बल और पराक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि आज देश और देश की सेना अपनी वीरता का परिचय देते हुए आतंकवाद को समाप्त करने का काम कर रही है। उन्होंने पाकिस्तान के साथ जारी संघर्ष की चर्चा करते हुए कहा कि आज भी हम युद्ध की स्थिति में हैं, फिर भी यह कार्यक्रम हो रहा है।उन्होंने कहा कि इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी पहुंचना था, लेकिन आज जो स्थिति है उसमें वे इस मौके पर नहीं उपस्थित होने के लिए बिहार के लोगों से क्षमा मांगी है। उन्होंने बिहार के लोगों को शुभकामना भी दी।



डा. जायसवाल ने महाराणा प्रताप की वीरगाथा की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी जिम्मेदारी के प्रति समर्पण का उद्देश्य हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यह समारोह आने वाली पीढ़ी को भी महाराणा प्रताप की जीवनी को समझने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इतिहास उसी को याद करता है जो इस देश और समाज के लिए कुछ कर के जाता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने लोगों से महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि लोग उनके जीवन से न केवल सीख लें बल्कि देश के स्वाभिमान के लिए अपनी सहभागिता भी दें।उन्होंने आगे कहा, 'देश हमें देता है सबकुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें'। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को बुलंदियों पर ले जाने में अपना योगदान देने की अपील की।

इस कार्यक्रम में दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिंहा, सांसद राधा मोहन सिंह, राजीव प्रताप रूड़ी, पूर्व सांसद सुशील सिंह, बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडेय, संतोष सिंह, राजू सिंह, जिवेश मिश्रा, नितिन नवीन, केदार गुप्ता, विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, राणा रणधीर सिंह, संजीव चौरसिया, संजय सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री रितुराज सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, अमृता भूषण राठौर, प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम सिंह, जितेंद्र नीरज, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह, पूनम सिंह सहित कई नेता और प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय जनता दल ने किया सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** राष्ट्रीय जनता दल सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन कैमूर जिले के रामगढ़ विधान सभा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व मंत्री सह विधायक सुरेंद्र राम, पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव अदीब रिजवी साहब, आरा जिला परिषद की पूर्व अध्यक्षा आरती देवी जी एवं युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी बेलाल खान ने प्रशिक्षक के तौर पर शिरकत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष रामव्यास बिंद द्वारा किया गया मंच संचालन तौहीद खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अकलू राम, प्रधान महासचिव भोला नाथ यादव, युवा अध्यक्ष ब्रजेश यादव, जगनारायण यादव, लॉरिक यादव, बिरजू पटेल रामगढ़ विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी अजीत सिंह आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में पार्टी द्वारा निर्धारित विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विधान सभा के प्रकोष्ठों के प्रखंड के अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं राजद के वरीय नेता कार्यकर्त्ता एवं युवा साथी उपस्थित थे।

# राज्य में 1180.98 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश प्रस्तावों को सैद्धांतिक सहमति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के उद्योग विभाग की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद सचिवालय की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न उद्योगों के पूंजी निवेश प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में 2 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी निवेश वाले 19 स्टेज-1 प्रस्तावों को सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने के लिए राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद की आगामी बैठक में भेजने की अनुशंसा की गई। इन प्रस्तावों में कुल 1180.98 करोड़ रुपये का संभावित पूंजी निवेश शामिल है। बैठक में कुल 09 इकाइयों के लिए 78.24 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की अनुशंसा भी की गई। इसके अतिरिक्त 02 करोड़ रुपये तक पूंजी निवेश वाले स्टेज-1 के 14 प्रस्तावों को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई जिसमें 15.21 करोड़ रुपये का संभावित पूंजी निवेश है। साथ ही 04 इकाइयों में 4.89 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति देने की अनुशंसा की गई।

# राज्य में गठित होंगी मखाना और गन्ना सहकारी समितियां : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को सचिवालय में विभागीय अधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मखाना और गन्ना के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को लेकर नई सहकारी समितियां गठित करने तथा निष्क्रिय समितियों को पुनः सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। बैठक में दरभंगा, पूर्णिया, कोसी और तिरहुत प्रमंडलों के संयुक्त निबंधकों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए कि मखाना और गन्ना आधारित सहकारी ढांचे को स्थानीय जरूरतों के अनुसार मजबूत किया जाए। दरभंगा प्रमंडल के अधिकारियों ने बताया कि मधुबनी और दरभंगा जिलों के दस-दस प्रखंडों में मखाना की खेती प्रचुर मात्रा में होती है। इनमें से 12 प्रखंडों में पहले ही किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किए जा चुके हैं। बैठक में निर्देश दिया गया कि शेष प्रखंडों में भी शीघ्र ही सहकारी समितियों का गठन किया जाए। गन्ना आधारित समितियों की समीक्षा में यह सामने आया कि गोपालगंज जिले में कई समितियां लंबे समय से चुनाव न होने के कारण निष्क्रिय हैं। इस पर सहकारिता मंत्री ने जिला सहकारिता पदाधिकारी और सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर चुनावी प्रस्ताव निर्वाचन प्राधिकारी को भेजे जाएं। साथ ही इन समितियों की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर व्यवसाय विकास की योजना तैयार की जाए। सहकारिता मंत्री ने बैठक में कहा कि सहकारिता विभाग के माध्यम से किसानों, ग्रामीणों और समितियों के जरिये लगातार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य हो रहे हैं। समितियों को सशक्त बनाने के लिए उनमें आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है और उन्नत कृषि के लिए कृषि यंत्र भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन संसाधनों की गुणवत्ता और रखरखाव पर सतत निगरानी रखी जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि योजनाओं का सीधा लाभ किसानों को मिले। बैठक में अभय कुमार सिंह (अपर सचिव), प्रभात कुमार (अपर निबंधक), सुभाष कुमार, भरत कुमार, निसार अहमद, संजय कुमार (सभी संयुक्त निबंधक), अमर झा (उपनिबंधक) सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, सभी प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियां और जिला सहकारिता पदाधिकारी मौजूद थे।



# देश को अपने प्रधानमंत्री व सेना के पराक्रम पर पूरा भरोसा : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने आतंकिस्तान पाकिस्तान के कायराना हमले का भारतीय सेना द्वारा मुंह तोड़ जवाब देने पर कहा है कि भारत को अपने प्रधानमंत्री व सेना के पराक्रम पर पूरा भरोसा है। डॉ. सुमन ने कहा कि अत्याधुनिक सैन्य हथियारों, फाइटर जेट व डिफेंस सिस्टम से लैस भारतीय सेना अपने बुलंद हौसलें व सशक्त राजनीतिक नेतृत्व से प्रेरित होकर दुश्मनों को न केवल मुंहतोड़ जवाब दे रही है, बल्कि घर में घुस कर आतंकियों को नेस्तनाबूद भी कर रही है। उन्होंने कहा कि बदले हुए नया भारत की सेना ने पाकिस्तान के सारे हवाई हमलों को नाकाम किया जिनमें जेएफ-17, एफ-16 फाइटर जेट्स, ड्रोन और मिसाइलें भी शामिल थीं। इससे आज हर भारतीय गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब से लेकर गुजरात तक पाकिस्तान के नापाक हमलों को भारतीय सेना की एस-400 डिफेंस प्रणाली और एयर डिफेंस यूनिट्स ने नाकाम कर दुश्मन के सभी प्रयासों को असफल कर दिया। भारतीय सेना ने अपने प्रधानमंत्री के हर एक शब्द को सार्थक किया है जो उन्होंने पहलगाम के कायराना आतंकी हमले के बाद अपनी प्रतिक्रिया में बिहार की धरती से कहा था।

# मंत्री डॉ सुनील कुमार ने किया पौधारोपण, नाम रखा सिंदूर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोपालगंज।** राज्य के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ सुनील कुमार अपने चार दिवसीय यात्रा के अंतिम पड़ाव में बेतिया के बाद शुक्रवार को गोपालगंज पहुंचे जहां उन्होंने थावे मंदिर में माता का दर्शन एवं पूजा अर्चना की। उसके बाद मंत्री ने थावे मंदिर के पीछे स्थित पार्क में पौधारोपण किया। मंत्री ने भारत द्वारा पाकिस्तान में हुए ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर पौधे का नाम सिंदूर रखा। मौके पर मंत्री ने कहा हमारे देश के मजबूत, संकल्पित और



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चला कर आतंकवादियों के ठिकानों को सफाया कर दिया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। इस अवसर पर आज हमने माता थावे वाली का दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेकर ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर यहां के पार्क में हमने सिंदूर का पौधा लगाया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बिहारवासी हरित बिहार बनाने में विभाग का साथ दें। सभी अपने-अपने घर में एक-एक पौधा अवश्य लगाएं। पर्यावरण संरक्षण में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि भोजन, खाना पकाने का तेल, दवाइयां, सौंदर्य प्रसाधन, ऊर्जा आदि अनेक महत्वपूर्ण आवश्यकताएं प्रकृति से ही प्राप्त होती हैं, इसलिए प्रकृति की रक्षा करना, ग्रीन कवर प्राप्त करना तथा जैव विविधता को बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। इस मौके पर डी एफ ओ मेघा यादव मौजूद थे।

# राज्य में नया एकीकृत बिलिंग सॉफ्टवेयर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने हेतु मौजूदा बिलिंग सॉफ्टवेयर को अपडेट किया जा रहा है। इस दिशा में एकीकृत बिलिंग सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है जिसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चार प्रमंडलों, पटना ग्रामीण, गया ग्रामीण, बेनीपुर एवं शिवहर में लागू किया जाएगा। उक्त प्रमंडलों में अवधि 11 मई से 20 मई 2025 तक बिलिंग संबंधित सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित रहेंगी। अर्थात इस अवधि में नया बिजली बिल जारी नहीं होगा, न ही लोड बढ़ाने या घटाने से संबंधित कोई प्रक्रिया की जाएगी। हालांकि उपभोक्ता पूर्व में जारी किए गए बिलों का भुगतान सामान्य रूप से कर सकेंगे एवं किसी भी बकाया राशि का निपटारा किया जा सकेगा। इस अवधि में बिजली आपूर्ति यथावत सुचारू रूप से जारी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग बिलिंग सॉफ्टवेयर कार्यरत हैं। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद राज्य भर में नया एकीकृत सॉफ्टवेयर लागू किया जाएगा जिससे सभी क्षेत्रों में एक ही प्रणाली के माध्यम से बिलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र), प्रणय सिन्हा एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स रॉयल इंन्टरप्राइजेज प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति सुनील पासवान जो एन.टी.पी.सी. प्लांट, कहलगांव में कांट्रेक्ट वर्कर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी-यशोदा देवी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. सुनील पासवान की मृत्यु 18मई 2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा इएसआइसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 245.40 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु. 7623/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 175329/-रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।



# दानापुर मंडल ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए कृतसंकल्पित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ट्रेनों के परिचालन में समय पालन के साथ-साथ उनका सुरक्षित परिचालन भी दानापुर मंडल की प्राथमिकता है। इस कार्य के लिए विशाल मानव बल के साथ-साथ कई आधुनिक मशीनें भी अनवरत रूप से कार्यरत हैं। उन्हीं में से एक है यूएसएफडी मशीन जो भारतीय रेल में पटरियों की देखभाल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस मशीन के माध्यम से ध्वनि तरंगों का उपयोग करके पटरियों की आंतरिक संरचना एवं उनके जोड़ों की जांच की जाती है जो ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जांच के दौरान उनमें त्रुटि पाए जाने पर अविलंब उस दोष का निवारण किया जाता है। दानापुर मंडल में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान किऊल-बख्तियारपुर रेलखंड में 3, पटना-आरा रेलखंड में 2, रामपुर डुमरा-बरौनी रेलखंड में 8 सहित कुल 13 स्थानों पर रेल पटरियों में जांच के दौरान खराबी पाए जाने पर तुरंत उनको बदल दिया गया। इसके साथ ही जसीडीह-किऊल रेलखंड के बीच 3 स्थानों पर रेल जोड़ को तुरंत बदल दिया गया। दानापुर रेल मंडल सदैव अपने यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखता है।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महान शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती पर शुक्रवार को पटना के फ्रेजर रोड स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया (ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया रविवार विक्रम संवत 1597 तदनुसार 9 मई 1540-19 जनवरी 1597) उदयपुर, मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा थे। उनका नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ प्रण के लिये अमर है। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया। अंततः अकबर महाराणा प्रताप को अधीन करने में असफल रहा। महाराणा प्रताप की नीतियां शिवाजी महाराज से लेकर ब्रिटिश के खिलाफ बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनीं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय सिंह विधायक संजीव चौरसिया, पूर्व विधायक अशोक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी महान शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जदयू की सलाहकार समिति के शिव शंकर निषाद, अमर सिंह, पंकज पटेल, डॉ अनिल अनल आदि ने भी महाराणा को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

# टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस के शुभ अवसर पर बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मातृ दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों ने मां के लिए ग्रीटिंग कार्ड, कविता पाठ, आलेख एवं नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति दी। मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इतना ही नहीं, मांओं के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। स्कूल के डायरेक्टर राजीव भार्गव और प्रधानाचार्या शिवानी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही उन्होंने बताया कि यह आयोजन पूरे सप्ताह चला। इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से मां और बच्चों के बीच आपसी घनिष्ठता बढ़ती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेवा भार्गव, वकार फात्मा, जागृति, निक्की और शिक्षिकाओं का भरपूर योगदान रहा।

# दलित नेता अमर आजाद ने सैकड़ों समर्थकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बोचहां विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और दलित अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमर आजाद ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं अध्यक्ष राजेश राम के समक्ष अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में अमर आजाद ने प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष के हाथों अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि अमर आजाद के आने से पार्टी का वंचित समाज में जनाधार बढ़ेगा और उन्होंने हमारे शीर्ष नेतृत्व के कार्यों को देखते हुए पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी ने दलित अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान छेड़ रखा है और उसी के कारण सभी वंचित समुदाय के लोग कांग्रेस के प्रति आकर्षित होकर जुड़ रहे हैं। उनके सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अमर आजाद ने दलित हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष किया है और उनके आगमन से कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के लड़ाई को बल मिलेगा। साथ ही पार्टी में दलित अधिकारों की लड़ाई को गति भी मिलेगी। कांग्रेस में शामिल होने के बाद अमर आजाद ने कहा कि वर्तमान सरकार में दलित हितों की रक्षा संभव नहीं है। दलित वर्ग को रोजगार और सामान अधिकार से वंचित रखा आज रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने लगातार विभिन्न मंचों से दलित और वंचित वर्ग के हक की आवाज उठाई है। मैं उनके संघर्ष से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़ा हूं। उनके साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में कई अन्य युवा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान विधानमंडल दल में कांग्रेस नेता डॉ शकील अहमद खान, प्रदेश कांग्रेस के सदस्यता प्रभारी ब्रजेश प्रसाद मुनन, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा, अजय चौधरी, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ शकीलुर रहमान सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।



# भारत-तिब्बत सहयोग मंच का स्थापना दिवस समारोह संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच दक्षिण बिहार प्रांत के महामंत्री डॉ मुकेश कुमार ओझा के नेतृत्व में पटना स्थित राजकीय बांकीपुर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में भारत तिब्बत सहयोग मंच का 26 वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। डॉ मुकेश कुमार ओझा ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा संकल्प कैलाश मानसरोवर की मुक्ति, तिब्बत की आजादी, पर्यावरण की सुरक्षा तथा भारत की सुरक्षा है। इसके लिए यह मंच निरन्तर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या किरण कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, अलका कुमारी, श्वेता कुमारी ने भी मंच के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में भारत-तिब्बत सहयोग मंच सतत सक्रिय है। ऋतु कुमारी, सोफिया कुमारी, सिमरन कुमारी, नेहा कुमारी आदि छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका जया प्रभा कुमारी ने की।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, शनिवार 10 मई 2025

## संपादकीय

# हादसों से सबक क्यों नहीं लेता समाज?

धार्मिक स्थलों, आयोजनों, उत्सवों में भीड़ को नियंत्रित न कर पाने, आवागमन का समुचित प्रबंध न होने से अक्सर भगदड़ मचने, दम घुटने आदि से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने, घायल हो जाने की खबरें आती रहती हैं। मगर हैरानी की बात है कि उनसे कोई सबक नहीं लिया जाता। यहां तक कि उन्हीं जगहों पर दुबारा वैसे ही हादसे होते देखे जाते हैं। गोवा के एक मंदिर में हुआ हादसा इसका ताजा उदाहरण है। शनिवार को उस मंदिर उत्सव में भगदड़ मचने से छह लोग दब कर मर गए, जबकि सत्तर लोग घायल हो गए। घटना की प्राथमिक जांच से पता चला है कि जिस जगह हादसा हुआ वहां गली संकरी और रास्ता ढलान वाला था। ढलान पर खड़े कुछ लोग असंतुलित होकर नीचे गिरे, जिससे भगदड़ मची और छह लोग दब कर मर गए। बताया जा रहा है कि उसी जगह ऐसी ही घटना पिछले वर्ष भी हुई थी, मगर गनीमत है कि उसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। पुलिस का कहना है कि आयोजकों ने भीड़ को रोकने का प्रयास किया, लोगों से अपील की थी कि वे आगे न बढ़ें, मगर वे नहीं माने और यह घटना घट गई। हालांकि घटना का असल कारण जांच रपट आने के बाद पता चल पाएगा, मगर प्राथमिक तथ्यों से जाहिर है कि मंदिर प्रबंधन भीड़ पर काबू करने में विफल रहा। वहां चालीस से पचास हजार लोग इकट्ठा हो गए बताए जा रहे हैं। हालांकि यह कोई नया अनुभव नहीं है। ज्यादातर धार्मिक आयोजनों में हुए हादसों के पीछे मुख्य वजह उनके आयोजकों की लापरवाही होती है। कायदे से किसी भी आयोजन से पहले उसकी तैयारियों के बारे में पुलिस को बताना होता है, फिर वह उसी के मुताबिक सुरक्षा इंतजाम करती है। मगर ज्यादातर ऐसे आयोजनों में इसे लेकर लापरवाही बरती जाती है और मान लिया जाता है कि श्रद्धालु स्वयं नियंत्रित व्यवहार करेंगे। पर, ऐसा हो नहीं पाता। अधिकतर मंदिरों, धार्मिक स्थलों के आसपास की जगहें संकरी हैं। जो मंदिर जितना पुराना है, वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए उतनी ही कम जगह देखी जाती है। फिर, उन रास्तों पर फूल-माला-प्रसाद आदि बेचने वाले अपनी दुकानें लगा कर रास्तों को और संकरा बना देते हैं। गोवा के मंदिर में भी यही स्थिति देखी गई। ऐसे में, जब अफरा-तफरी मचती है, किसी वजह से लोग अनियंत्रित होते हैं, तो उसमें लोगों के मारे जाने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे तथ्य आमतौर पर मंदिर के प्रबंधकों, उत्सव आयोजित करने वालों से छिपे नहीं होते। जब उन्हें पता होता है कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है, तो उनके प्रवेश करने और निकलने का समुचित प्रबंध क्यों नहीं किया जाता। हादसे के लिहाज से संवेदनशील जगहों पर स्वयंसेवकों को क्यों खड़ा नहीं किया जाता, जो श्रद्धालुओं को सतर्क रह कर आगे बढ़ने का निर्देश दें। ऐसी घटनाओं को रोकने में कामयाबी न मिल पाने, आयोजकों, मंदिर प्रबंधकों को जिम्मेदार न बना पाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि ऐसे हादसे हो जाने के बाद प्राय: उनकी जवाबदेही तय नहीं की जाती है। आखिरकार पुलिस की जिम्मेदारी बनती है कि वह किसी भी आयोजन में सुरक्षा मानकों की किसी भी रूप में अनदेखी को रोके। मगर हर हादसे के बाद जैसे इस तकाजे को भुला दिया जाता है।

# मीडिया ~लोकतंत्र का प्रहरी या सत्ता का मुखौटा?



रवि तिवारी

जब-जब लोकतंत्र खतरे में होता है, तब-तब मीडिया से आशा की जाती है कि वह एक सजग प्रहरी की तरह सत्ता को आईना दिखाए, जनता की पीड़ा को स्वर दे और सच को निर्भीकता से उजागर करे। परंतु आज जब हम अपने चारों ओर नज़र डालते हैं, तो यह यथार्थ कहीं उलट नजर आता है। मुख्यधारा की मीडिया, विशेषतः इलेक्ट्रॉनिक चैनल, 'चौथे स्तंभ' से अधिक 'चौथे प्रवक्ता' के रूप में काम कर रहे दिखाई देते हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या मीडिया अपने मूल दायित्व से विमुख हो चुका है?

आज के युग में मीडिया केवल सूचना का साधन भर नहीं, बल्कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। उसकी जिम्मेदारी केवल खबरें दिखाने या छापने तक सीमित नहीं है वह जनता और सत्ता के बीच एक सेतु की तरह कार्य का भी है। मीडिया का काम है सच को सामने लाना, सत्ता से सवाल करना, जनता की आवाज़ को मंच देना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना। परंतु, वर्तमान काल में मीडिया की भूमिका बहस, आलोचना और चिंतन का विषय बन चुकी है।मीडिया का पहला और प्रमुख दायित्व है सत्ता से सवाल करना। मीडिया न तो न्यायपालिका है, न कार्यपालिका, परंतु इन दोनों पर निगरानी रखने वाला विवेकशील माध्यम अवश्य है, परंतु आज का राष्टीय मीडिया अक्सर ऐसे मुद्दों को उठाता है जो सत्ता को सुखद लगें, और उन विषयों से परहेज़ करता है जिनसे सत्ता की जवाबदेही तय होती है। विज्ञापन, पूंजी, टीआरपी और राजनीतिक हित अब संपादकीय प्राथमिकताओं पर हावी हो गए हैं।

गोदी मीडिया अब केवल एक कटाक्ष नहीं, बल्कि एक हकीकत है जो मीडिया वर्ग की पहचान बन चुका है। वे टीवी एंकर जो कभी जनता की आवाज़ थे,अब सत्ता के भोंपू की तरह व्यवहार करते हैं। प्राइम टाइम बहसें अब संवाद नहीं, योजनाबद्ध 'नैरेटिव प्रोजेक्शन' बन गई हैं। विपक्ष की आवाज़ को या तो दबा दिया जाता है या उसे उपहास का पात्र बना दिया जाता है।वर्तमान में जब देश बेरोजगारी, महंगाई, किसान आंदोलन, महिला सुरक्षा जैसे गंभीर सवालों से जूझ रहा है, तब टीवी चैनलों पर फिल्मी प्रेम-प्रसंग,हिंदू मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, और राष्ट्रवाद के नाम पर सतही बहसें परोसी जा रही हैं और इसके एंकर पार्टी विशेष के प्रवक्ताओं से भी आगे बढ़ कर भूमिका निभाते नजर आते है। इस सड़ी हुई तथा जन का विश्वास खोती व्यवस्था के विरुद्ध एक नई क्रांति जन्म ले रही है डिजिटल स्वतंत्र पत्रकारिता,यूट्यूब, पॉडकास्ट, वेब पोर्टल जैसे माध्यम अब वो काम कर रहे हैं जो किसी समय परंपरागत मीडिया किया करता था। जमीनी रिपोर्टिंग,आंकड़ों के साथ विश्लेषण और सत्ता की आलोचना ये सब अब डिजिटल मंचों से हो रहा है। जिन पर जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है तथा इनकी बताई खबरों पर जनता पूर्ण विश्वास भी कर रही है।इसके अलावा कुछ ऐसे भी स्वतंत्र पत्रकार है जो गांवों-कस्बों से लेकर संसद तक की सच्चाइयों को बिना किसी एजेंडा के सामने रख रहे हैं। सबसे बड़ी बात इनसे देश के लाखों लाख लोग लगातार जुड़ भी रहे है

यह नई पत्रकारिता जनता को जोड़ती है,बहलाती बहकाती या फुसलाती नहीं है।

जहां एक ओर टीवी और डिजिटल की होड़ में सत्य कहीं खो गया, वहीं अब भी कुछ माध्यम हैं जो पत्रकारिता की गरिमा को बचाए हुए हैं। प्रिंट मीडिया, विशेषकर क्षेत्रीय समाचार पत्र और साहित्यिक पत्रिकाएं आज भी तुलनात्मक रूप से अधिक निष्पक्ष, गहराईपूर्ण और जनसरोकार से जुड़ी रिपोर्टिंग कर रहे हैं।कुछ ऐसे भी क्षेत्रीय समाचार पत्र व पत्रिकाएं है जो अब भी गांवों की समस्याओं, स्थानीय प्रशासन की खामियों, और आम जनता की बातों को उठाते हैं।क्षेत्रीय पत्रकारिता केवल अखबार छापने तक सीमित नहीं, यह जनजागरण का एक जनांदोलन है। इसके पीछे वे स्थानीय संवाददाता होते हैं जो जोखिम उठाकर गांव-गांव जाकर खबरें लाते हैं। न उनके पास सुरक्षा है, न बड़ा वेतन। फिर भी वे झूठ के अंधकार में सत्य की मशाल जलाए खड़े रहते हैं।वे बताते हैं कि कैसे किसी जिले के स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं है, कैसे किसी पंचायत को महीनों से राशन नहीं मिला,या किसी स्कूल में आज भी बच्चे फर्श पर बैठकर पढ़ रहे हैं,कैसे मजदूरों का शोषण किया जा रहा है,महिलाएं कैसी कैसी समस्याओं से जूझ रही है,बच्चे कैसे कुपोषण का शिकार हो रहे है,सरकार के प्रतिनिधि कैसे मोटे होते जा रहे है आदि आदि। ऐसी खबरें शायद राष्ट्रीय चैनलों की टीआरपी में न आएं, लेकिन जनता के जीवन में इनका प्रभाव गहरा होता है।आज मीडिया न केवल कॉरपोरेट दबावों में घिरा है बल्कि उनके आगे घुटने टेके हुए है साथ ही सरकार की सीधी निगरानी और नियंत्रण में भी है। आईटी सेल, डिजिटल मीडिया नियम, विज्ञापन नीति, एफआईआर, रेटिंग एजेंसियों की बंदिशें ~ इन सभी माध्यमों से स्वतंत्र पत्रकारों को नियंत्रित किया जा रहा है। असहमति को देशद्रोह और आलोचना को षड्यंत्र बताकर जो माहौल बनाया गया है उसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दम तोड़ रही है। यही कारण है कि भारत की प्रेस स्वतंत्रता रैंकिंग विश्व में लगातार गिरती जा रही है। जनता अब पहले जैसी नहीं रही। एक बड़ा वर्ग सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में बहकता है,लेकिन अब एक जागरूक नागरिक वर्ग भी तैयार हो रहा है जो तथ्य मांगता है, विश्लेषण चाहता है और पत्रकारिता को समर्थन देना जानता है। यह वह वर्ग है जो यूट्यूब चैनलों को सब्सक्राइब करता है, उन्हें आर्थिक सहयोग भी देता है और अपनी क्षेत्रीय पत्र पत्रिका और पत्रकारों का हौसला बढ़ाता भी है।मीडिया को यदि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बने रहना है, तो उसे सत्ता से दूरी और जनता से निकटता बनानी होगी। वह तभी संभव है जब हम आप जैसे पाठक सत्य का समर्थन करने का साहस जुटाए तथा क्षेत्रीय पत्रकारिता को ना केवल महत्व दें बल्कि वैकल्पिक मंचों को मज़बूत करें। पत्रकारिता केवल व्यवसाय नहीं एक सामाजिक ज़िम्मेदारी भी है और इस जिम्मेदारी को निभाने वाले यदि खतरे में हैं तो मान के चलिए की देश का लोकतंत्र स्वयं खतरे में है।

**(लेखक~ सामाजिक चिंतक, कवि, वे कई अखबारों व टीवी माध्यमों में लेखन,साक्षात्कार और चर्चाओं में सक्रिय रहे हैं।)**

## पंगा

**रवि तिवारी**

पाक ने सिंदूर से पंगा लिया
बड़ी मुसीबत मोल ले लिया
सिंदूर मिटा कर विधवा किया
अपने को मिटा लेने का वादा लिया

धर्म पूछ कर मार दिया
उसी धर्म ने साथ दिया
हिंदी है हम वतन के
एकता हमने दिखा दिया

राजनीतिक विचार धारा
है सभी दलों की अलग
मुसीबत में ना होते अलग
प्रथम होती देश की धारा

जन्म दिया अलग किया
अंग्रेजों ने खेल किया
आतंकियों ने फसा दिया
बड़ी मुसीबत में फंसा दिया

टुकड़े इस बार ऐसे होंगे
पाक जमी पर नापाक होंगे
ना कोई गले लगाएगा
नाही कोई पहचान पायेगा

भारत है यह नई सदी का
पंगा जो ले लिया है तुमने
अब घुस कर मार गिराएगा
अंतिम संस्कार कर ही वापस आएगा

# ...बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है

**(डॉ. आशीष वशिष्ठ)**

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं।

भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था।

24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था– मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी। बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं। पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही। और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया।

26 नवंबर 2008 की रात, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में प्रवेश किया। हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया। इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

तत्कालीन कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र की सत्ता में थी। प्रधानमंत्री थे डॉ. मनमोहन सिंह। इस घटना के बाद तत्कालीन भारत सरकार का रवैया जगजाहिर है। असल में तत्कालीन सत्तासीन दल का पूरा जोर इस बात पर था कि इस हमले में शामिल लोगों को हिंदू साबित किया जाए, जिससे वो हिंदू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित कर सके। गनीमत यह रही कि आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ लिया गया। वरना सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए आतंकियों के हाथों मे षड्यंत्र पूर्वक बंधे कलावे से ही सरकार हिंदू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने में सफल हो जाती।

12 मार्च 1993 को मुंबई के विभिन्न इलाकों खासकर हिंदू आबादी बहुल में 13 सिलसिलेवार बम धमाके हुए, जिसमें 257 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और 700 से ज्यादा निर्दोष नागरिक घायल हो गए। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।

# पहले ढूंढता है टारगेट, फिर 'कुर्बानी' देकर मचा देता है तबाही... पाकिस्तान का काल बने होर्प ड्रोन

**आत्मघाती होर्प एक हमलावर ड्रोन है, जिसे इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) के के एमबीटी मिसाइल्स डिवीजन ने बनाया है। यह एक loitering munition है, जिसका मतलब है कि यह ड्रोन दुश्मन के इलाके में मंडरा सकता है और कमांड मिलने पर हमला कर सकता है। यह ड्रोन अपने आप भी काम कर सकता है या इसे रिमोट से भी कंट्रोल किया जा सकता है। अगर इसे कोई टारगेट नहीं मिलता है, तो यह वापस बेस पर लौट आता है।**

**(अक्षय श्रीवास्तव)**

पाकिस्तान के कई एयर डिफेंस यूनिट तबाह करने वाले इजरायली ड्रोन होर्प की हर जगह चर्चा हो रही है। इस ड्रोन ने कल रात पाकिस्तान में जो तबाही मचाई है, उसका दर्द खुद पाकिस्तान की सेना ने अपने मुंह से सुनाया है। लाहौर सहित पाकिस्तान के अलग-अलग शहरों में इस आत्मघाती ड्रोन ने उनके एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। आइए आपको बताते हैं कि आखिर इजरायली मेड होर्प ड्रोन है क्या चीज, जो पाकिस्तान का काल बनकर उनके एयर डिफेंस यूनिट पर टूट पड़ा।



### दुश्मन के इलाके में मंडराता रहता है होर्प

आत्मघाती होर्प एक हमलावर ड्रोन है, जिसे इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) के के एमबीटी मिसाइल्स डिवीजन ने बनाया है। यह एक loitering munition है, जिसका मतलब है कि यह ड्रोन दुश्मन के इलाके में मंडरा सकता है और कमांड मिलने पर हमला कर सकता है। यह ड्रोन अपने आप भी काम कर सकता है या इसे रिमोट से भी कंट्रोल किया जा सकता है। अगर इसे कोई टारगेट नहीं मिलता है, तो यह वापस बेस पर लौट आता है।

### सैन्य ठिकानों को उड़ाने में बेहद मददगार

इजरायल ने होर्प ड्रोन को खास सैन्य ठिकानों को तबाह करने के लिए बनाया गया है। यह यूएवी और मिसाइल दोनों की तरह काम करता है। यूएवी यानी बिना पायलट का विमान। इसे टैंक, रडार स्टेशन, एयर डिफेंस सिस्टम, कमांड सेंटर और सप्लाई डिपो जैसे खास सैन्य ठिकानों को पहचानने, ट्रैक करने और तबाह करने के लिए बनाया गया है।

### जैमिंग से बचने में माहिर है होर्प ड्रोन

इस ड्रोन में इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर लगे होते हैं। ये सेंसर इसे निगरानी पोस्ट और रडार इंस्टॉलेशन जैसे टारगेट पर नजर रखने में मदद करते हैं। फिर यह ड्रोन अपने टारगेट से टकराकर धमाका कर देता है। होर्प ड्रोन लगातार नौ घंटे तक टारगेट की तलाश कर सकता है। यह एक तय इलाके में उड़ता है, टारगेट को ढूंढता है और पहचानता है, फिर उस पर हमला करने की योजना बनाता है और अलग-अलग एंगल से हमला करता है। इसे ऑपरेशन करने के लिए पहले से जानकारी की जरूरत नहीं होती है। इस ड्रोन में जीएनएसएस जैमिंग से बचने की क्षमता भी है। जीएनएसएस का मतलब है ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम। यह क्षमता इसे मुश्किल माहौल में भी कम्युनिकेशन बनाए रखने में मदद करती है।

### कैसे काम करते हैं आत?मघाती ड्रोन

आत?मघाती ड्रोन विमानों को कामीकाजी ड्रोन भी कहा जाता है। कामीकाजी या आत?मघाती ड्रोन विमान बारूद से भरे होते हैं। ये अपने शिकार का हवा में रहकर इंतजार करते हैं और संकेत मिलते ही खुद को नष?ट करके उसे भी तबाह कर देते हैं।

**भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था। 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था– मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी।**

# ...बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है

**(डॉ. आशीष वशिष्ठ)**

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं।

भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था।

24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था– मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी। बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं।

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही। और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया।

26 नवंबर 2008 की रात, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में प्रवेश किया। हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया। इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

तत्कालीन कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र की सत्ता में थी। प्रधानमंत्री थे डॉ. मनमोहन सिंह। इस घटना के बाद तत्कालीन भारत सरकार का रवैया जगजाहिर है। असल में तत्कालीन सत्तासीन दल का पूरा जोर इस बात पर था कि इस हमले में शामिल लोगों को हिंदू साबित किया जाए, जिससे वो हिंदू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित कर सके। गनीमत यह रही कि आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ लिया गया। वरना सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए आतंकियों के हाथों मे षड्यंत्र पूर्वक बंधे कलावे से ही सरकार हिंदू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने में सफल हो जाती।

12 मार्च 1993 को मुंबई के विभिन्न इलाकों खासकर हिंदू आबादी बहुल में 13 सिलसिलेवार बम धमाके हुए, जिसमें 257 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और 700 से ज्यादा निर्दोष नागरिक घायल हो गए। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। पीवी नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री थे। 13 दिसंबर 2001 को, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा नामक आतंकवादी संगठनों के पांच आतंकवादियों ने भारत की संसद पर एक घातक हमला किया। इस आतंकी हमले का मुख्य आरोपी मोहम्मद अफजल गुरु था। इस हमले में दिल्ली पुलिस के पांच जवान, एक महिला कांस्टेबल और दो सुरक्षा गार्ड शहीद हो गए।

24 सितंबर 2002... शाम के करीब पौने पांच बजे का समय, ये वो दिन था जब गुजरात के अक्षरधाम मंदिर को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में मंदिर परिसर में मौजूद 32 श्रद्धालुओं और 3 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी। आतंकियों ने हथियारों से लैस होकर श्रद्धालुओं को निशाना बनाया था। इस घातक हमले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों का संबंध था। आतंकवादियों को एनएसजी कमांडो ने मार गिराया था। संसद और अक्षरधाम हमले के समय देश में भाजपा नीत एनडीए के नेता प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी गठबंधन की सरकार चला रहे थे।

देश में आतंकी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है। चूंकि देश में सबसे ज्यादा लंबे समय तक कांग्रेस का राज रहा है। ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो रिवायत 2014 तक जारी रही। हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा।

वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटनाओं की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद है। 2019 में धारा 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले। के बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है।

18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने एयर स्ट्राइक का विकल्प चुना था। इन दो बड़ी घटनाओं के बाद मोदी शासनकाल में पहलगाम घटना सामने आई है। जिसका प्रत्युत्तर मोदी सरकार ऑपरेशन सिंदूर के तौर पर दिया है। चूंकि आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदू पुरुषों की हत्या उनकी पत्नी और परिवार के सामने की। आतंकियों ने हिंदू महिलाओं का सुहाग उजाड़ कर उनके माथे के गौरव सुहाग चिह्न सिंदूर को पोंछने का कुकृत्य किया था। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने नापाक पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए हुए ऑपरेशन का नामकरण सिंदूर रखकर दुनिया को यह संदेश दिया है कि निर्दोष नागरिकों को मारकर सुहाग उजाड़ने और सिंदूर मिटाने वाले ज्यादा दिन सांस नहीं ले पाएंगे। पहलगाम आतंकी घटना में हुई नृशंसता के बारे में भारत की बेटियों ने रो–रोकर पूरी दुनिया को बताया था। पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने उजाड़ने के बाद भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानी भी प्रेस वार्ता के माध्यम से भारत की दो बेटियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ही पूरी दुनिया के सामने रखी। इस ऑपरेशन के जरिये भारत ने फिर स्पष्ट किया है कि अब कोई आतंकी हमला बिना जवाब के नहीं जाएगा। यह कार्रवाई सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक इच्छा का परिणाम है।

## संक्षिप्त समाचार

### एवीबीपी ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को विभिन्न विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए परिषद के कार्यकताओं ने परीक्षा नियंत्रक से कहा कि यूजी सेमेस्टर एक सत्र 2024-28 के वैसे छात्र जो परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए हैं, उन्हें अंतिम मौका प्रदान किया जाए । विश्वविद्यालय का एग्जामिनेशन कैलेंडर जारी किया जाए । सत्र 2023- 27 का सेमेस्टर 3 तक का एग्जाम इस वर्ष के



अंत तक ले लिया जाए। प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा जल्द से जल्द परीक्षा की वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित किया जाए। इससे सभी सत्र ससमय पूरी की जा सके। प्रदेश कल्याण छात्रावास कार्य प्रमुख रामाशंकर पासवान, जिला संयोजक नीतीश दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव, नगर मंत्री उत्कर्ष तिवारी, सह मंत्री गगन सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जमीनी विवाद में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरूषोतमपुर थाना के नरकटीया में जमीनी विवाद में केस दर्ज की गई है। जीरा खातून ने पुको आवेदन देकर दस लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### अगलगी में दस घर जलकर राख

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना के लिपनी गांव में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से दस घर जलकर राख हो गया। घटना में तूलसी मुखिया भदई मुखिया राजू मुखिया सत्य नारायण मुखिया बिनोद मुखिया हरि मुखिया हरीन्द्र मुखिया संजू मुखिया सुनील मुखिया भतलु मुखिया रामेश्वर ठाकुर का जलकर राख हो गया है। इधर फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की सहयोग से आप पर काबू पाया गया। मौके पर मैनाटांड पुलिस समेत अंचल अमीन पवन कुमार मुकेश कुमार पहुंच पिडित परिवार को उचित मुआवजा देने की बात कही।

### कोआपरेटिव बैंक का दिवसीय कैंप आयोजित

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के फलपुरा पंचायत के ग्राम पड़ौली में शुक्रवार को दी सीवान सेंटर कोऑपरेटिव बैंक शाखा हसनपुरा द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया।इस दौरान किसानों व ग्रामीणों को सीवान कोऑपरेटिव बैंक के विशेषताओं के बारे में बताया गया। शाखा प्रबंधक विनय विकास द्वारा बैंक में खाता रखने से होने वाले फायदे के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी। कैंप में लगभग 50 किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और खाता खोलने का 25 फार्म प्राप्त किया गया। इस मौके पर शाखा सहायक दिलीप कुमार, शिवम सिंह, पैक्स अध्यक्ष नईम साई, अखिलेश सिंह, बहारन मांझी, नंदलाल सिंह, तारकेश्वर मिश्र, माधव सिंह, कंचन सिंह, मंगल देव सिंह सहित सैकडों लोग उपस्थित थे।

### लोक शिकायत के आठ मामलों की सुनवाई

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अमन समीर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत आठ द्वितीय अपीलों की सुनवाई की। एक मामले में अंतिम आदेश पारित हुआ, जबकि अन्य मामलों में संबंधित प्राधिकारियों को अगली तिथि पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। इसुआपुर के अंचलाधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने उसपर 1000 रुपये का दंड लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोक शिकायतों का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और अधिनियम का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

### कैश वैन से रहस्यमय तरीके से 70 लाख रुपये गायब

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा शहर के हथुआ मार्केट स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कैश वैन से 70 लाख रुपये गायब हो गए। हिताची कंपनी के कर्मचारी रोजाना की तरह बैंक से रुपये लेकर निकले थे। जब कर्मी आईसीआईसीआई बैंक से 27 लाख लेने अंदर गए। तभी वैन से 70 लाख रुपये गायब हो गए। सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी संजीव कुमार पहुंचे और वैन चालक समेत चार कर्मियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। कैश वैन में सीसीटीवी या सुरक्षा गार्ड न होने से मामला संदिग्ध बन गया है। पुलिस गहन जांच कर रही है और शीघ्र खुलासा होने की संभावना है।

### बाइक दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के महादेवा ब्रह्म स्थान के पास एनएच 227ए राम जानकी पथ पर शुक्रवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान इसुआपुर थाना क्षेत्र के हकारपुर गांव निवासी लखन राय के पुत्र राहुल कुमार (26) के रूप में हुई है। घायल हुए लोगों में गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के गंभारी गांव निवासी हरिकिशोर राय (50) व उनकी पुत्री आरती कुमारी (21) शामिल हैं। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने समझा-बुझाकर आवागमन बहाल कराया। बताया गया कि युवक तिलक समारोह में शामिल होकर रिश्तेदारों को छोड़ने जा रहा था तभी हादसा हुआ। हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मृतक के घर 11 मई को सिवान के बलथरा से बारात आने वाली थी।

# प्राथमिकता के तहत ऋण स्वीकृति प्रदान करना सुनिश्चित करें सभी बैंकर्स : उपायुक्त

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

**पलामु/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। इसमें सरकार की योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता से संबंधित चर्चा की गई। वहीं प्राप्त लक्ष्य, संबंधित विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित आवेदनों व उनमें ऋण की स्वीकृति आदि की समीक्षा की गई। उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू जिला का जमा अनुपात 40 प्रतिशत से उपर करने के लिए रिजर्व बैंक के निदेर्शानुसार बैंकों के लिए एक्शन प्लान तैयार कर बैंकवार लक्ष्य के अनुरूप कार्य में प्रगति लाने व सभी बैंकर्स को व्यक्तिगत रूचि लेकर प्राथमिकता के तहत ऋण की स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लाभार्थियों को ऋण योजना का लाभ दिलाने व विभिन्न योजनाओं में विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैंकों में आने वाले व्यक्तियों से बैंक कर्मियों को सहयोगात्मक व सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करने व उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों को जोड़ते हुए उन्हें ऋण उपलब्ध कराने, झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) से जुड़ी सखी मंडलों को ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मत्स्य संपदा योजना, लघु व मध्यम उद्योग ऋण उपलब्ध कराने, एमएसएमई, कृषि ऋण, किसान उत्पादक समुह व लघु एवं दीर्घकालीन कृषि ऋण आदि योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत करने व लाभार्थियों के लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऋण उपलब्ध कराने के





निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित व्यक्तियों को लाभ लेने में हो रही समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की पहुंच बढ़ाने के लिए बैंक की शाखाएं खोलने के लिए बैंकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बैंक खुलने से आमजनों के साथ- साथ संबंधित बैंक को भी लाभ होगा। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों को लेकर जिले के रामगढ़ में स्थापित बैंक को क्रियाशील बनाने, पांकी व महुडंड में बैंक की नई शाखाएं खोलते हुए नकदी लेनदेन शुरू करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में लाभार्थियों के बीच वितरण, वार्षिक साख योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत मार्च 2025 तक की उपलब्धि की समीक्षा की। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व अटल पेंशन योजना की उपलब्धि, महिला स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, झारखंड राज्य कृषि ऋण मांफी योजना की प्रगति आदि की भी समीक्षा की। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, नाबार्ड के डीडीएम सहित अन्य बैंकर्स उपस्थित थे।

## मन शुद्ध होता है तो परमात्मा स्वयं हृदय में करते हैं निवास : लक्ष्मी सिन्हा

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीवन में सुख की खोज हर व्यक्ति करता है। लेकिन सुख का स्रोत कहां है। यह समझने में मनुष्य प्रायः भटक जाता है। उक्त बातें समाजसेवी लक्ष्मी सिन्हा ने धार्मिक कार्यक्रम में कही। कहा कि एक साधक जंगल में संत के पास पहुंचा। उसका एकमात्र लक्ष्य सच्चे सुख की अनुभूति प्राप्त करना था। उसने संत से कहा- महाराज, मुझे वह ज्ञान दीजिए जो मुझे सदा के लिए सुखी बनाएं। संत ने मुस्कान के साथ कहा - पहले नदी से मेरे लिए स्वास्थ पानी लाओ। साधक उत्साह से एक मटका लेकर नदी गया व पानी भर लाया। संत ने मटका को देखकर कहा कि यह पानी गंदा है। फिर से लाओ। साधक ने फिर कोशिश की। मगर हर बार संत ने पानी को गंदा बताकर लौटा दिया। कई बार असफल होने के बाद साधक थक गया व बोला- महाराज नदी का पानी ही ऐसा है। वह क्या करे। संत ने कहा- तुमने मटके के अंदर देखा। उसे स्वच्छ किया। गंदगी नदी में नहीं, मटके में है। इस पर ध्यान नहीं गया। यह सुनकर साधक को बोध हुआ। उसकी प्रज्ञा जाग्रत हुई। संत ने समझाया - सुख को निमंत्रण देकर बुलाया नहीं जा सकता। सुख नदी की तरह बहती निर्मल धारा है। किसी भी वस्तु में सुख मिल सकता है। सिन्हा ने कहा कि जब तक मन में लोभ, क्रोध व ईर्ष्या जैसे विकार हैं, सुख की अनुभूति नहीं हो सकती। इसके लिए अपने मन का घट स्वच्छ होना चाहिए। वस्तुतः सुख की खोज बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि आत्मा शुद्ध में निहित है। मन के विकारों से मुक्त करना व अपने लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर लेना सच्चे सुख का आधार है।

# टुण्डी में रामचरितमानस यज्ञ एवं सम्मेलन के दौरान उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टुण्डी भुरसाबांक स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रामचरितमानस का 40 वां यज्ञ एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें करीब एक हजार एक कुमारीकन्याओं ने यज्ञ स्थल से माथे पर क्लश लेकर टुण्डी बाजार परिभ्रमण करती हुई पेट्रोल पंप के नजदीक तालाब में पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ क्लश में जल भरकर यज्ञ मंडप पहुंचीं जहां पूरे विधि-विधान के साथ क्लश पूजन किया गया और यज्ञ प्रारम्भ किया गया। बताते चलें कि टुण्डी में हर बर्ष रामचरितमानस यज्ञ एवं सम्मेलन का आयोजन किया जाता है आज अपने 40 वें बर्ष पूर्ण करने का एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस यज्ञ में टुण्डी के भक्त रूपी युवाओं की अहम् भूमिका रहती है। साथ ही 9 से 18 मई तक चलने वाला इस यज्ञ में आकर्षक झूला एवं सर्कस तथा बच्चों के मनोरंजन के लिए कई तरह की मनोरंजक चीजों का आगमन होता है। आज के क्लश पूजन कार्यक्रम के दौरान सभी कुमारी कन्याओं को



शर्बत एवं अल्पाहार का व्यवस्था किया गया था।यज्ञ एवं सम्मेलन के दौरान मुख्य रूप से भाजपा ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा,टुण्डी प्रमुख मालती मरांडी, जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम, पूणार्डीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी, भाजपा नेता नुनुलाल मंडल, झामुमो टुण्डी प्रखंड अध्यक्ष फूलचंद किस्कू , टुण्डी मुखिया रेखा देवी, उपमुखिया संतूलाल किस्कू,जनहित मोर्चा नेता नित्यानंद तिवारी, शहजाद अंसारी समेत बड़ी संख्या में यज्ञ कमिटी के सदस्य गण उपस्थित थे।

# भारतीय सेना के पराक्रम को है सैल्यूट : रूचिर तिवारी

## पाकिस्तान सबक ले अन्यथा भारतीय सेवा बाध्य होकर कई टुकड़ों में कर देगी विभक्त : भाकपा

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह व जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी, नौजवान संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, अभय कुमार भूइंया, योगेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, प्रभु कुमार शर्मा, श्रद्धानंद तिवारी ने कचहरी परिसर में कहा कि पहलगांव में आतंकी



हमले से आम नागरिकों की हुई मौत का बदला भारतीय सेवा ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर ले लिया है। इसमें पाकिस्तान के लाहौर , रावलपिंडी सहित दर्जनों जगहों पर आतंकवादियों के ठिकाना को बिना कोई सिविलियन नुकसान किये ध्वस्त किया। उसके बाद पाकिस्तान सेना द्वारा बदले में की गई कार्रवाई में पाकिस्तान सेना के दो लड़ाकू विमान, दर्जनों ड्रोन व मिसाइल को भारतीय सेना ने मार गिराया। भारतीय सेना का यह कार्य काबिले तारीफ है। पाकिस्तान व उसके सेना ने आतंकवादियों के पक्ष लेने के लिए हिंदुस्तान पर जो हमला किया वह निंदनीय है। हिंदुस्तान किसी भी कीमत पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। इससे पहले भारतीय सेना ने 1971 में भी पाकिस्तान पर हमला करके पाकिस्तान के 90 हजार सैनिकों को सरेंडर करवाया था। साथ ही बांग्लादेश का निर्माण करवाया था। इसके बावजूद भी पाकिस्तान सबक नहीं लिया है।आज भी पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह दे रहा है व अपनी हरकत को बंद नहीं किया है। अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है तो भारतीय सेना बाध्य होकर पाकिस्तान को कई टुकड़े में बांट देगी। भारतीय सेना के पराक्रम को सैलूट करते हुए शहीदों के प्रति भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पलामू जिला परिषद श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

# महादलित टोलों के वंचित लोगों को प्राथमकिता के आधार पर 22 प्रकार की विभिन्न योजनाओं से करें आच्छादित : जनक राम

## विशेष विकास शिविर में अनिवार्य रूप से सम्मलित हो जिलास्तरीय पदाधिकारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग-सह-प्रभारी मंत्री, जनक राम की अध्यक्षता में डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान कार्यक्रम की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में सम्पन्न हुयी। जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों को सरकारी योजना के लाभ से आच्छादित करने के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत माइक्रोप्लान तैयार कर नियमित रूप से विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विशेष विकास शिविर में प्राप्त आवेदनों को नियमानुसार निष्पादित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर दिनांक-14.04.2025 से विशेष विकास शिविर का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के करकमलों द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित विभाग शिविर के निर्धारित तिथि के पूर्व ऑफलाइन/ऑनलाइन आवेदन प्राप्त कर उनका नियमानुसार निष्पादन शिविर से पूर्व करते हैं तथा छूटे लाभुक से शिविर के दिन आवेदन पत्र प्राप्त कर यथासंभव ऑन-स्पॉट निष्पादन किया जाता है। किसी कारणवश आवेदन का निष्पादन नहीं होने की स्थिति में यह सुनिश्चित किया जाता है कि लाभुकों को संबंधित योजना का लाभ यथाशीघ्र प्राप्त हो सके। शिविर की सफलता एवं लाभुकों की जागरूकता हेतु जीपीएस सुविधायुक्त आइसी वैन के माध्यम से एवं पम्फलेट वितरण कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा 14 अप्रैल को मझौलिया प्रखंड के बैठनिया भानाचक पंचायत अंतर्गत श्यामपुर महादलित टोला में प्रथम शिविर का उद्घाटन किया गया है तथा उपस्थित लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी सुलभ कराई गई। साथ ही पात्रता प्राप्त विभिन्न लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया। उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार ने पीपीटी के माध्यम से विशेष विकास शिविर के तहत अबतक किये गये कार्यों की जानकारी माननीय प्रभारी मंत्री को दी गयी।

## कार्यालय परिचारी की परीक्षा 11 मई को, 27 केंद्रों पर होगी परीक्षा, 15231 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कार्यालय परिचारी के पद की प्रारंभिक परीक्षा 11 मई को एक पाली में दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा छपरा के 27 केंद्रों पर आयोजित होगी जिसमें कुल 15231 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच रिपोर्ट करना अनिवार्य है, इसके बाद प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षा के दौरान जूते-मोजे पहनकर प्रवेश, मोबाइल फोन, चिट-पुर्जा, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट आदि पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। अपर समाहर्ता ने सभी केंद्राधीक्षकों व दंडाधिकारियों के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी, मोबाइल जैमर, वीडियोग्राफी, सुरक्षा बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है।

# अनुमंडल को 328 किवंटल ढैचा का बीज उपलब्ध

## पांचों प्रखंड में लक्ष्य के अनुसार किसानों में होगा वितरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि विभाग की तरफ से किसानों को 90 फीसदी अनुदानित दर पर ढैचा का बीज उपलब्ध कराया गया है। अनुमंडल के पांचों प्रखंड में प्राप्त लक्ष्य के अनुसार 328 किवंटल ढैचा का बीज उपलब्ध हुआ है। जिसमे नरकटियागंज को 80 किवंटल ढैचा का बीज प्राप्त हुआ है। इसी तरह लौरिया में 80, गौनाहा में 96,मैनाटाड़ 40 एवं सिकटा प्रखंड में 40 किवंटल ढैचा का बीज प्राप्त हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए शुक्रवार को अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि एक किसान को अधिकतम 20 किलो ढैचा का बीज एक हेक्टेयर खेत मे लगाने के लिए दिया जाएगा। बीज के लिए 98 रुपये प्रति किवंटल के दर से किसानों को भुगतान करना होगा। सब्सिडी की राशि उनके खाते में जाएगी। वही प्रभारी बीएओ अमरनाथ ठाकुर ने बताया कि प्रखंड ई किसान भवन को वित्तीय वर्ष 2025-26 में पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सामान्य जाति के लिए करीब 63.60 क्विंटल तथा अनुसूचित जाति के लिए 16.40 क्विंटल ढैंचा बीज प्राप्त हुआ है। बीएओ ने बताया बीज वितरण के लिए पंचायतवार निर्धारित अलग अलग लक्ष्य तैयार किया गया है उसके अनुसार किसानों में वितरित किया जाएगा। नगर परिषद में कुल 1.24 क्विंटल बीज का लक्ष्य है। इसी तरह शिकारपुर एवं हरदीटेढ़ा पंचायत में 2.40 क्विंटल, पुरैनिया हरसरी में 3.32 क्विंटल, सोमगढ़ में 3.12 क्विंटल, चमुआ, धूमनगर, केसरिया व कुकुरा में तीन तीन क्विंटल, भभटा में 2.96 क्विंटल लक्ष्य दिया गया है।

# जयंती पर विशेष : सबको एक साथ लेकर चलने में ही समाज की है सार्थकता

**धीरज सिन्हा**

- हर एक मनुष्य को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में विकसित होने का अधिकार है।
- अगर व्यक्ति का लक्ष्य समान है तो उनके बीच एकता लाना सम्भव है।
- आध्यात्मिक भावधारा का सृजन कर विश्व बंधुत्व के आधार पर एक मानव समाज की स्थापना को वास्तविक रूप दिया जाना सम्भव है।

विश्वव्यापी समाजिक आध्यात्मिक संगठन आनन्द मार्ग प्रचारक संघ के प्रवर्तक भगवान श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी का जन्म वर्ष 1921 में वैशाखी पूर्णिमा के दिन बिहार प्रान्त के मुंगेर जिले के जमालपुर में एक साधारण मध्य वित्त परिवार में हुआ था। परिवार का दायित्व निभाते हुए वे सामाजिक समस्याओं के कारण और निदान ढूंढने एवं लोगों को योग, साधना आदि की शिक्षा देने में अपना समय देने लगे। सन् 1955 ई. में उन्होंने आनन्द मार्ग प्रचारक संघ की स्थापना की। श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी ने समझा कि जिस जीवन मूल्य ( भौतिकवाद ) को वर्तमान मानव अपना रहे हैं उससे आंशिक विकास तो हो सकता है परन्तु मानसिक और आत्मिक विकास के लिए यह उपयुक्त नही है। अतः उन्होंने ऐसे समाज की स्थापना का संकल्प लिया, जिसमें हर व्यक्ति को अपना सर्वांगीण विकास करते हुए अपने मानवीय मूल्य को ऊपर उठने का सुयोग प्राप्त हो।

उन्होंने कहा कि हर एक मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में विकसित होने का अधिकार है और समाज का कर्तव्य है कि इस अधिकार को ठीक से स्वीकृति दें। वे कहते थे कि कोई भी घृणा योग्य नहीं, किसी को शैतान नहीं कह सकते। मनुष्य तब शैतान या पापी बनता है जब उपयुक्त परिचालन पथ निर्देशन का अभाव होता है और वह अपनी कुप्रवृत्तियों के कारण बुरा काम कर बैठता है। यदि उनकी इन कुप्रवृत्तियों को सप्रवृत्तियों की ओर ले जाया जाए तो वह शैतान नहीं रह जाएगा। हर एकझमनुष्य देव शिशु है इस तत्व को मन में रखकर समाज की हर कर्म पद्धति पर विचार करना उचित होगा। अपराध संहिता या दंड संहिता के विषय में उन्होंने कहा कि मनुष्य को दंड नहीं बल्कि उनका संशोधन करना होगा। उनका कहना था कि सबको एक साथ लेकर चलने में ही समाज की सार्थकता है। यदि कोई यात्रा पथ में पिछड़ जाये, गम्भीर रात की अंधियारी में जब तेज हवा का झोंका उसकी दीप को बुझा दे तो उसे अंधेरे में अकेले छोड़ देने से तो नहीं चलेगा। उसे हाथ पकड़ कर उठाना होगा अपने प्रदीप की रोशनी से उसे दीप शिखा को ज्योति करना होगा। अगर कोई अति घृणित कार्य किया है तो उसका दंड उसे अवश्य मिलेगा पर उससे घृणा करके उसे भूखे रख कर मार डालना मानवता विरोधी कार्य होगा। उनके विचारानुसार हर व्यक्ति का लक्ष्य एक ही है, सभी एक ही लक्ष्य पर पहुंचना चाहते हैं अपनी सूझ एवं समझदारी एवं परिस्थिति के अनुसार अलग-अलग रास्ता अपनाते हैं। कोई धनोपार्जन, कोई सेवा का पथ अपनाते हैं, लेकिन हर प्रयास के पीछे मौलिक प्रेरणा एक ही रहती है,शाश्वत शान्ति की प्राप्ति, पूर्णत्व की प्राप्ति । अगर व्यक्ति का लक्ष्य समान है तो उनके बीच एकता लाना सम्भव है। आध्यात्मिक भावधारा का सृजन कर विश्व बन्धुत्व के आधार पर एक मानव समाज की स्थापना को वास्तविक रूप दिया जाना सम्भव है।

**नव्यमानवतावाद :** उन्होंने देखा मानव भिन्न-भिन्न प्रकार कुठाओं से ग्रसित है। जिस कारण वह अपना तथा जगत के भिन्न जीवों के बीच सही सम्बन्ध को समझ पाने में सफल नहीं हो रहा है। इस तरह की कुंठा मानव समाज को भिन्न-भिन्न प्रकार के परस्पर विरोधी गुटों में विभाजित कर रही है। विरोध के कारण समाज को काफी नुकसान हो रहा है। यद्यपि एक और वृहद मानवधारा है, जिसे मानवतावाद कहते हैं, लेकिन मानवता नाम पर जो कुछ हो रहा है, वहां भी भू-भाव एवं जाति, मजहब भाव प्रवणता ही छुपे रूप में प्रबल है। मानवता की इसी कमी को दूर करने के उद्देश्य से श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने समाज संबंधी वर्तमान धारणा को वृहत कर पशु-पक्षी, पेड़-पौधे को भी भाई-बहन के रूप में समान समाज के रूप में देखा। जिसे नव्यमानवतावाद कहते हैं। मानवता वाद ही चरम आर्दश नहीं है। मनुष्य के अलावा पृथ्वी पर अन्य जीव भी हैं।

**प्रउत:** श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी अपने आर्थिक एवं सामाजिक सिद्धांत का प्रतिपादन करते समय मानव जाति की उन तमाम आवश्यकताओं पर जोर दिये जिस पर मनुष्य का अस्तित्व एवं मूल्य दोनों निर्भर करता है एवं उसके मनोवैज्ञानिक पक्ष पर भी विचार किया। उनका सामाजिक लाभ जन-जन तक पहुंचाना चाहते हैं। ' प्रउत ' आर्थिक संचालन का विकेंद्रीकरण चाहता है ,कारण आम जनता को आर्थिक लाभ तभी मिल सकता है जब हर स्तर पर उसकी भागीदारी हो जनता की आर्थिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए को-ऑपरेटिव उपयुक्त है।

अतः "प्रउत" में सहकारिता को अहमियत दिया गया है इस तरह आर्थिक प्रगति को दुरूस्त करने के साथ-साथ उसमें शोषण के सभी द्वारों को बंद करने का प्रयास किया गया है। श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी के अनुसार हर प्रकार की अभिव्यक्ति मानव मात्र को अपने-अपने तरह से प्रभावित करती है। यौगिक चिकित्सा द्रव्य गुण पद्धति : श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी के अनुसार जितनी भी प्रचलित चिकित्सा प्रणाली है, उनमें कुछ खासियत है। खास-खास बीमारी का इलाज खास-खास पद्धति में है एवं रोग के अनुरूप उसका इलाज उपयुक्त प्रणाली से होता है। इस दिशा में उन्होंने यौगिक चिकित्सा एवं द्रव्य गुण नामक पुस्तक लिख बहुत से असाध्य रोगों के इलाज के लिए नुस्खा दिया. उन्होंने माइक्रोवाइटा नाम सूक्ष्म जैविक सत्ता के बारे में बताकर चिकित्सा प्रणाली को अधिक प्रभावशाली बनाने का प्रयास किया.

**प्रभात संगीत :** संस्कृति समाज की रीढ़ होती है श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी ने पांच हजार अठारह की संख्या में प्रभात संगीत लोरी सुनाकर संतप्त मानवता को सांत्वना प्रदान कर आत्मबल से उद्वेलित कर उसे उल्लासित और उत्साहित किया है। मानवता के कल्याण के लिए उन्होंने प्रमा का सिद्धांत, योग मनोविज्ञान, वर्ण विज्ञान वर्ण विचित्रता, शब्द चयनिका के साथ-साथ समाज को चलाने के लिए समाजशास्त्र ,दर्शनशास्त्र, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र जैसे जीवन के हर पहलुओं के विकास के लिए संपूर्ण शास्त्र दिया है।

**आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम :** सन 1967 में श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी ने एमर्ट की स्थापना की ताकि दुनिया में पीड़ित मानवता की सेवा हो सके। एमर्ट के कार्यकर्ता पूरे विश्व में सेवा मूलक कार्यो के बल पर अपनी पहचान बना पाये हैं। सोमालिया में राहत कार्य को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने एमर्ट को मान्यता दी। आनंद मार्ग के संस्थापक भगवान श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी ने मानव समाज के कल्याण के लिए विशाल दर्शन एवं विशाल संस्था और इसमें व्यवहारिक रूप देने के लिए हजारों जीवन दानी संन्यासियों को तैयार किया, जो धर्म ध्वजा को लहराते हुए सेवा के संकल्प के साथ जनकल्याणार्थ कार्य में दिन रात जुटें हैं।

# बिल गेट्स का बड़ा ऐलान, 99 प्रतिशत संपत्ति गेट्स फाउंडेशन को करेंगे दान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार बिल गेट्स ने अपनी बची हुई 99 प्रतिशत संपत्तियां गेट्स फाउंडेशन को दान करने की घोषणा की है। इस संपत्ति की अनुमानित कीमत 107 अरब डॉलर है। यह दान अब तक के सबसे बड़े परमार्थ कार्यों में से एक होगा। मुद्रास्फीति के हिसाब से समायोजित किए जाने पर यह दान मशहूर उद्योगपति जॉन डी. रॉकफेलर और एंड्रयू कार्नेगी के ऐतिहासिक योगदान से भी आगे निकल गया है।

**वॉरेन बफे निकल सकते हैं आगे-** बर्कशायर हैथवे के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे ही दान की गई राशि के मामले में गेट्स से आगे निकल सकते हैं। बफे ने जिस संपत्ति को दान करने का संकल्प लिया है उसकी मौजूदा अनुमानित कीमत फोर्ब्स ने 160 अरब डॉलर आंकी है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव होने पर इसका मूल्य और भी अधिक हो सकता है।



सॉफ्टवेयर कंपनी- माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक गेट्स का यह दान गेट्स फाउंडेशन को समय के साथ दिया जाएगा। इससे फाउंडेशन को अगले 20 वर्षों में 200 अरब डॉलर की अतिरिक्त राशि खर्च करने की सुविधा मिल जाएगी। गेट्स ने को दिए एक साक्षात्कार में परोपकार के लिए दान के बारे में कहा कि इन उद्देश्यों के लिए इतना कुछ कर पाना रोमांचकारी है।

**क्या है प्लान-** इस बड़े दान की घोषणा गेट्स फाउंडेशन के वैश्विक स्वास्थ्य एवं शिक्षा की दिशा में जारी प्रयासों को समर्थन देती है। गेट्स का कहना है कि अपनी संपत्ति खर्च करने से अब कई लोगों की जान बचाने और उन्हें बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जिसका फाउंडेशन के बंद होने के बाद भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हालांकि, यह घोषणा गेट्स फाउंडेशन के वर्ष 2045 में बंद होने का भी संकेत देती है।

पहले फाउंडेशन को गेट्स के निधन के दो दशक बाद बंद करने की योजना बनाई गई थी लेकिन अब इसकी समयसीमा 2045 तय कर दी गई है। अपने शेष दो दशक में फाउंडेशन प्रति वर्ष लगभग नौ अरब डॉलर का बजट बनाए रखेगा। बिल गेट्स ने कहा कि मुझे लगता है कि इन चीजों पर प्रगति करने के लिए जितना संभव हो सके उतना देने और लोगों को यह बताने के बीच 20 साल का समय सही संतुलन है कि अब यह पैसा खत्म हो जाएगा।

**25 साल पहले गेट्स फाउंडेशन की शुरुआत-** गेट्स फाउंडेशन ने 25 साल पहले गठित होने के बाद से अब तक 100 अरब डॉलर खर्च किए हैं। इस फाउंडेशन को अब तक 41 प्रतिशत राशि वॉरेन बफे से मिली है जबकि शेष राशि गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट की कमाई से दी है। बता दें कि गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने वर्ष 2000 में इस फाउंडेशन की बुनियाद रखी थी। इसने वैश्विक स्वास्थ्य और शिक्षा की बेहतरी के लिए लगातार काम किए हैं। फाउंडेशन के सीईओ मार्क सुजमैन ने कहा कि पोलियो उन्मूलन, मलेरिया जैसी घातक बीमारियों पर नियंत्रण और कुपोषण को कम करना जैसे कई काम अभी बाकी हैं।

# 28 प्रतिशत बढ़ा केनरा बैंक का मुनाफा, नतीजे के बीच शेयर में तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाजार में बिकवाली वाले माहौल के बीच गुरुवार को सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक के शेयर खरीदने की लूट मच गई। ट्रेडिंग के दौरान केनरा बैंक के शेयर 1.84 प्रतिशत बढ़कर 95.38 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इस शेयर का ट्रेडिंग रेंज 98.21 रुपये से 92.97 रुपये के बीच रहा। इस बीच, पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की मार्च तिमाही में केनरा बैंक का नेट प्रॉफिट 28 प्रतिशत बढ़कर 5,070 करोड़ रुपये हो गया है। प्रावधान में कमी और गैर-प्रमुख आय में वृद्धि से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट 3,951 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने बताया कि पिछले पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में उसका नेट प्रॉफिट 17,540 करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 में 15,279 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच, केनरा बैंक के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 2 रुपये के अंकित मूल्य पर 200



प्रतिशत डिविडेंड यानी 4 रुपये प्रति शेयर की सिफारिश की है।

**11 फीसदी ऋण वृद्धि-** केनरा बैंक ने कहा कि 11 प्रतिशत ऋण वृद्धि के बावजूद तिमाही में मूल शुद्ध ब्याज आय 1.44 प्रतिशत घटकर 9,442 करोड़ रुपये रह गई, जबकि शुद्ध ब्याज मार्जिन 0.25 प्रतिशत घटकर 2.80 प्रतिशत रह गया। तिमाही के दौरान बैंक की गैर-ब्याज आय 21.74 प्रतिशत बढ़कर 6,351 करोड़ रुपये हो गई। इसमें बट्टे खाते में डाले गए खातों से वसूली 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,471 करोड़ रुपये हो गई। ट्रेजरी आय 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 995 करोड़ रुपये रही।

**ग्रॉस एनपीए रेश्यो-** तिमाही के दौरान बैंक का ग्रॉस एनपीए रेश्यो दिसंबर के 3.34 प्रतिशत से घटकर 2.94 प्रतिशत रह गया। बैंक ने बताया कि उसका कुल प्रावधान घटकर 1,831 करोड़ रुपये रह गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी समय 2,483 करोड़ रुपये था। हालांकि, एनपीए के लिए प्रावधान 2,282 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,849 करोड़ रुपये हो गया।

## अमेरिका के टैरिफ से बेअसर ड्रैगन, अप्रैल में पिछले साल की तुलना में चीन का निर्यात 8 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के टैरिफ से बेअसर चीन के निर्यात में अप्रैल में पिछले साल की तुलना में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह अनुमान से भी अधिक है। हालांकि चीन के अमेरिका को होने वाले निर्यात में 20 फीसदी की गिरावट आई है। अर्थशास्त्रियों ने अनुमान जताया था कि चीन



का वैश्विक निर्यात अप्रैल में दो प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। हालांकि आंकड़ों ने सभी को चौंका दिया है।

ये आंकड़े ऐसे समय जारी हुए हैं, जब अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट और अन्य शीर्ष अमेरिकी अधिकारी चीन के प्रमुख व्यापार दूत हे लाइफेंग से मुलाकात करने वाले हैं। यह बैठक स्विटरलैंड के जिनेवा में होनी है। बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा चीन पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगाने से उत्पन्न हुए गतिरोध को दूर कर सकती है। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था टकराव की स्थिति में हैं और दोनों के बीच कई मुद्दों पर असहमति है। विशेषज्ञों का मानना है कि बैठक में कुछ दंडात्मक टैरिफ को वापस लेने पर सहमति बन सकती है, लेकिन हालात पूरी तरह से सामान्य होने की उम्मीद कम है।

**अमेरिका के नुकसान की भरपाई वैश्विक अर्थव्यवस्था से कर रहा चीन-** माना जा रहा है कि आने वाले महीनों में टैरिफ के चलते चीन के अमेरिका को निर्यात में और गिरावट आ सकती है। गौरतलब है कि अमेरिका का चीन के साथ व्यापार घाटा 20 अरब डॉलर से ज्यादा है। यह एक साल पहले करीब 27 अरब डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, इस साल के पहले चार महीनों में चीन का अमेरिका को निर्यात पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 2.5 प्रतिशत कम हुआ है। साथ ही चीन का अमेरिका से आयात भी 4.7 प्रतिशत कम हुआ है।

## घबराने की जरूरत नहीं, तेल कंपनियों ने कहा- पर्याप्त स्टॉक, खरीदने की जल्दबाजी न करें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और कुकिंग गैस एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धतता है। ऐसे में लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन का यह बयान ऐसे समय आया है, जब सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट की बाढ़ आई हुई है, जिनमें लोग पेट्रोल पंपों के बाहर लाइन लगाकर खड़े हैं।

पाकिस्तान की सीमा से लगते राज्यों में खासकर पेट्रोल डीजल को लेकर ज्यादा घबराहट है और लोग ईंधन की खरीददारी के लिए पेट्रोल पंप के बाहर लाइनें लगा रहे हैं। आईओसी ने कहा, शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ से बचकर हमें बेहतर सेवा देने में मदद करें। इससे हमारी आपूर्ति लाइनें निर्बाध रूप से चलती रहेंगी और सभी के लिए निर्बाध ईंधन पहुंच सुनिश्चित होगी। 8-9 मई की रात को पाकिस्तान की सेना द्वारा भारत के कई शहरों पर ड्रोन और मिसाइल हमले की नाकाम कोशिश की गई। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया। इसके बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के कई शहरों में रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। पूरी पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान द्वारा कई हमले किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर और पंजाब के कई शहरों में ब्लैकआउट लागू कर दिया गया।

# भारत-पाकिस्तान टेंशन से अंबानी-अडानी को बड़ा नुकसान, अरबपतियों में रुतबा भी घटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव ने अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी और रिलायंस ग्रुप के मालिक मुकेश अंबानी को तगड़ी चोट पहुंचाई है। अडानी दुनिया के टॉप-20 अरबपतियों की लिस्ट से बाहर हो गए हैं और वह ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में गुरुवार के टॉप लूजर रहे। अडानी को 2.85 अरब डॉलर का झटका लगा है। वहीं, अंबानी ने 1.15 अरब डॉलर गंवाए हैं।

दरअसल घरेलू शेयर मार्केट में कारोबार के आखिरी घंटे में तगड़ी बिकवाली होने से गुरुवार को सेंसेक्स में करीब 412 अंक की गिरावट आई, जबकि निफ्टी 140 अंक फिसल गया। सेंसेक्स 411.97 अंक गिरकर 80,334.81 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज लाल निशान पर बंद हुए और अडानी ग्रुप के शेयर भारी नुकसान में रहे। इससे अडानी और अंबानी के नेटवर्थ में कमी आई।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स अब गौतम अडानी 20वें स्थान से खिसक कर 21वें पोजीशन पर आ गए हैं। अब उनके पास 75.3 अरब डॉलर की संपत्ति रह गई है। हालांकि, मुकेश अंबानी अभी भी 101 अरब डॉलर के



नेटवर्थ के साथ 17वें स्थान पर काबिज हैं।

**टॉप-10 अरबपतियों में अमेरिकियों का दबदबा-** ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के टॉप-10 अरबपतियों में अमेरिकियों का दबदबा है। इसमें शामिल एक मात्र गैरअमेरिकी फ्रांस के बर्नार्ड अर्नॉल्ट का रुतबा भी तेजी से घटा है। अब अर्नाल्ट 8वें पोजीशन पर हैं। कभी दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति रहे अर्नाल्ट की दौलत 152 अरब डॉलर रह गई है। दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति के रूप में एलन मस्क के पास 335 अरब डॉलर की संपत्ति है। इनके बाद जेफ बेजोस (214 अरब डॉलर), मार्क जुकरबर्ग (211 अरब डॉलर), लैरी एलिसन (173 अरब डॉलर), बिल गेट्स (168 अरब डॉलर) का नंबर आता है।

**दौलत गंवाने में भी अव्वल हैं अमेरिकी-** इस साल दौलत गंवाने के मामले में भी अमेरिकी ही अव्वल हैं। ट्रंप के टैरिफ नीति के बाद सबसे अधिक चोट अमेरिकी अरबपतियों को ही लगी है। एलन मस्क इस साल अबतक 97.8 अरब डॉलर गंवा चुके हैं। लैरी पेज को 27.2 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। सर्गी ब्रिन 25.3 अर डॉलर गंवा चुके हैं।

# हथियार बनाने वाली कंपनियों के शेयर बने रॉकेट, भारत-पाक के बीच बढ़ा तनाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** डिफेंस कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। इन कंपनियों के शेयर शुक्रवार को 9 पर्सेंट तक चढ़ गए हैं। सरकार ने गोला-बारूद और रक्षा उपकरण बनाने वाली कंपनियों की एक बैठक दिल्ली में बुलाई है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से डिफेंस स्टॉक्स में तेजी देखने को मिली है। पारस डिफेंस के शेयर शुक्रवार को 6 पर्सेंट से ज्यादा के उछाल के साथ 1450 रुपये पर पहुंच गए हैं। पारस डिफेंस और उसकी सहायक इकाइयां डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स, सैटेलाइट ग्राउंड सिस्टम, एयरोस्पेस कंपोनेंट्स, ड्रोन जैमर गन, पोर्टेबल एंड लो-कॉस्ट एंटी-ड्रोन सिस्टम, ड्रोन डिटेक्शन एंड जैमिंग सिस्टम्स बनाती हैं।

### भारत फोर्ज के शेयरों में 5 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी

भारत फोर्ज लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को 5 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर शुक्रवार को उछाल के साथ 1175 रुपये पर जा पहुंचे हैं। भारत फोर्ज, इंडियन आर्मी को कई प्रॉडक्ट्स की सप्लाई करती है। इन प्रॉडक्ट्स में एडवांस्ड टोव्ड आर्टिलरी गन सिस्टम, आर्मर्ड व्हीकल्स, प्रोटेक्टेड व्हीकल्स, गोला-बारूद, मिसाइलें और एयर डिफेंस सॉल्यूशंस शामिल हैं।

### ड्रोन कंपनियों के शेयरों में भी तगड़ा उछाल

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से ड्रोन कंपनियों के शेयरों में भी जबरदस्त तेजी आई है। ड्रोन कंपनी आइडियाफोर्ज के शेयर शुक्रवार को 17 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 453.80 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। जेन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर भी 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 1406.35 रुपये पर जा पहुंचे हैं। द्रोणाचार्य एरियल इनोवेशंस लिमिटेड के शेयर भी 5 पर्सेंट के अपर सर्किट पर हैं।

### 9 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर

एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को 9 पर्सेंट से अधिक चढ़कर 128 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स अलग-अलग मिलिट्री एप्लीकेशंस के लिए रग्ड इलेक्ट्रॉनिक्स, एम्बेडेड सिस्टम्स, एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज ऑफर करती है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को 3 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 4578.95 रुपये पर जा पहुंचे। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर भी 4 पर्सेंट से ज्यादा के उछाल के साथ 321.80 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# मुंबई से हवाई यात्रा करना हुआ महंगा, बढ़ाया गया यूडीएफ, घरेलू यात्रा के लिए अब चुकाने होंगे 175 रुपये

**मुंबई एजेंसी।** मुंबई से हवाई यात्रा करना अब महंगा होने जा रहा है। एईआरए (एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी) ने नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया है। अब मुंबई से घरेलू यात्रियों को 175 रुपये देने होंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के इकोनोमी और बिजनेस क्लास के यात्रियों से अलग-अलग शुल्क वसूला जाएगा। घरेलू यात्रियों के लिए यह शुल्क 175 रुपये निर्धारित किया गया है। संशोधित शुल्क 16 मई लागू होगा। यह 31 मार्च 2029 तक वसूल किया जाएगा।



**2024 में प्रत्येक उड़ान पर 120 रुपये लिया जाता था-** नियामक ने गुरुवार को कहा कि घरेलू यात्रियों से हर उड़ान पर 175 रुपये लिए जाएंगे। यह फैसला इसलिए लिया गया है कि सभी हितधारकों के बीच वैमानिकी शुल्क बराबर बांटा जाए। इसके साथ ही नया शुल्क चार साल तक लागू रहेगा। इससे पहले यूजर डेवलपमेंट फीस अगस्त 2024 तक हर उड़ान पर घरेलू यात्रियों से 120 रुपये ली जाती थी।

**अंतरराष्ट्रीय उड़ान में क्लास के अनुसार होगी यूडीएफ-** अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए क्लास के अनुसार से अलग- अलग यूडीएफ तय किया गया है। इकोनोमी और बिजनेस क्लास यात्रियों के लिए यह अलग-अलग होगा। इकॉनमी क्लास में अंतरराष्ट्रीय उड़ान करने वाले यात्रियों को प्रति उड़ान 615 रुपये यूडीएफ होगा।वही बिजनेस क्लास में अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने के लिए 695 रुपये देना होगा।

**लैंडिंग और पार्किंग शुल्क कम किए गए-** एईआरए ने कहा कि नई शुल्क यूजर पे के नियम के अनुसार लगाया गया है। इस शुल्क से हम यात्रियों की सुविधाओं में सुधार की जाएगी। उन्होंने कहा कि एयरलाइनों के लिए लैंडिंग और पार्किंग शुल्क को भी कम कर दिया गया है। समान हवाई अड्डों के शुल्कों को ध्यान में रखते हुए नई शुल्क लागू की जाएगी। अभी बंगलूरू हवाई अड्डे पर घरेलू यात्रियों को 260 रुपये और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को 1070 रुपये देने पड़ते हैं। हैदराबाद हवाई अड्डा पर घरेलू यात्रियों को 375 और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को 1000 रुपये देने होते हैं। इसके अलावा दिल्ली हवाई अड्डा पर यूजर डेवलपमेंट फीस के तौर पर घरेलू यात्रियों को 200 और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को 1300 रुपये देने पड़ते हैं।

## देश का ट्रांसपोर्टर हर सेवा देने को तैयार, कैट तय करेगा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच देश का हर वर्ग केंद्र सरकार और भारतीय सेना के साथ डटकर खड़ा हो गया है। सभी लोग अपनी सेवाएं देकर इस माहौल में अपने देश को मजबूत करने में जुट गए हैं। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कहा है कि उनके सभी ट्रक सेना का हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। कैट ने भरोसा जताया है कि इस आपातकाल में देश में किसी भी आवश्यक वस्तु की कमी नहीं होने दी जाएगी।

केंद्र सरकार ने देश को भरोसा दिलाया है कि इस समय देश की आवश्यकता की हर सामग्री उचित मात्रा में उपलब्ध है और किसी भी वस्तु की उपलब्धता को लेकर कोई संकट नहीं है। सरकार ने लोगों से यह भी अनुरोध किया है कि वे किसी भी वस्तु का अनावश्यक संग्रह न करें। इससे वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में परेशानी होती है।

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहा है कि इस संकट के समय में वे देश की हर संभव सेवा देने के लिए तैयार हैं। देश के किसी हिस्से में किसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने से लेकर बॉर्डर पर रसद या कोई अन्य सामग्री पहुंचाने की बात हो, उनके संगठन से जुड़ा हर ट्रांसपोर्टर अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि वस्तुओं के आवागमन को लेकर किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी और सरकार के एक कॉल पर वे हर प्रकार की सेवा देने के लिए तैयार हैं।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच ड्रोन कंपनियों पर दांव लगाने की होड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच इस समय युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। इस बढ़ते तनाव के बीच ड्रोन की भूमिका काफी अहम हो जाती है। आइए जानते हैं ऐसे कंपनियों के विषय में जो ड्रोन या एंट्री-ड्रोन सिस्टम बनाती हैं। इस लिस्ट में आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी भी शामिल है। जिसके शेयरों को खरीदने की होड़ सी मची है। बता दें, ड्रोन कंपनियों के शेयरों में 15 प्रतिशत तक की उछाल दर्ज की गई है।

**1- आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी** - इस ड्रोन बनाने वाली कंपनी के शेयरों में आज सुबह 15 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेय बीएसई में शुक्रवार को 386.25 रुपये के लेवल पर ओपन हुआ था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 15 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया था।



जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान कंपनी का नेट लॉस 26 करोड़ रुपये है। आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी को एक साल पहले इसी तिमाही में 10 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। कंपनी के रेवन्यू में भी इस दौरान गिरावट देखने को मिली है। इस डिफेंस स्टॉक का रेवन्यू चौथी तिमाही में 20 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले के वित्त वर्ष में कंपनी रेवन्यू 102 करोड़ रुपये रहा था।

**2- जेन टेक्नोलॉजीज** - इस डिफेंस स्टॉक में आज अपर सर्किट लगा है। बीएसई में शुक्रवार को कंपनी के शेयर 1295.15 रुपये के लेवल पर खुला था। लेकिन 5 प्रतिशत की उछाल के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 1406.35 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। कंपनी एंट्री-ड्रोन सिस्टम बनाती है। यह स्टॉक भी इस समय फोकस में है।

**3- पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजी** - पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज के शेयरों में भी तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर बीएसई में 1350.05 रुपये के लेवल पर ओपन हुए थे। दिन में कंपनी के शेयर 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 1440 रुपये (सुबह 10 बजे) के लेवल पर पहुंच गया था। बता दें, इसकी एक सब्सडियरी पारस एंटी ड्रोन सॉल्यूशंस है जो कि एंटी ड्रोन सिस्टम बनाती है।

**हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड-** इस दिग्गज कंपनी को दो सब्सडियरी हैं। गरुड़ एयरोस्पेस और नैनि एयरोस्पेस इंजीनियरिंग लिमिटेड है। ये दोनों कंपनियां एडवांस ड्रोन सिस्टम के उत्पादन पर काम कर रही हैं। यह स्टॉक 4352.15 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयर 2 प्रतिशत की उछाल के बाद 4578.95 (सुबह 10 बजे तक) रुपये के लेवल पर पहुंच गया था।



# ऐसे किरदार की तलाश रहती है जो चुनौतीपूर्ण हों

सोनी सब का सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' काफी समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। जल्द ही इस सीरियल में एक्टर गौरव चोपड़ा भी नजर आएंगे। वह इस सीरियल में किस तरह का किरदार निभा रहे हैं? टीवी पर वापसी के लिए इसी सीरियल को क्यों चुना? बता रहे हैं एक्टर गौरव चोपड़ा।

प्रोफेसर के किरदार में नजर आएंगे

सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में गौरव चोपड़ा प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का रोल करेंगे। यह एक सख्त मिजाज का प्रोफेसर है, जो कि अपनी दमदार वकालत करने की क्षमता के लिए जाना जाता था। सीरियल में इस किरदार को लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की मदद के लिए लाया गया है। कुछ पुरानी घटनाओं के कारण राजवीर का व्यवहार कड़वाहट से भरा है। वह गुस्से में रहता है और शराब पीता है, उसको दुनिया और कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। लेकिन पुष्पा जब उसके जीवन में आएगी है तो सबकुछ बदल जाएगा।

अपने रोल के बारे में गौरव चोपड़ा ने भी बात की। वह कहते हैं, 'जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी तो राजवीर का किरदार काफी जटिल किस्म का लगा। इस किरदार में काफी सारी लेयर्स हैं। एक एक्टर होने के नाते मुझे ऐसे किरदार की तलाश रहती है जो चुनौतीपूर्ण हों।'

## करुणा पांडे के साथ काम करने का अनुभव

सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में पुष्पा का किरदार करुणा पांडे निभाती हैं। गौरव उनके साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी बताते हैं, 'वह पुष्पा के किरदार को नेचुरल तरीके से निभाती हैं। उनके साथ काम करना और इस सीरियल का हिस्सा बनना सच में मेरे लिए एक इमोशनल जर्नी की तरह है।'



# एक्टर नहीं निर्देशक को डेट कर रहीं हैं सामंथा

## सोशल मीडिया ने किया कंफर्म

सामंथा रुथ प्रभु अपनी कई आगामी साउथ फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित है सामंथा की लव लाइफ। उनके फैंस यह जानने के लिए उत्सुक रहते हैं कि आखिर नागा चैतन्य से तलाक के बाद सामंथा किसे डेट कर रही हैं। आखिरकार, सामंथा की लाइफ में अब एक खास शख्स की एंट्री हो गई है। आइए बताते हैं कौन हैं वह...

### सामंथा की लाइफ में हुई खास शख्स की एंट्री

एक खबर के अनुसार, नागा चैतन्य और सामंथा के तलाक को अब पूरे 5 साल हो चुके हैं। नागा से अलग होने के बाद सामंथा का दिल निर्देशक राज निदिमोरु के लिए धड़क रहा है। हाल ही में सामंथा ने अपनी फिल्म शुभम को लेकर कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें सामंथा और राज की कुछ कोजी तस्वीरें भी दिखाई दीं।

### क्या राज को डेट कर रही हैं सामंथा

पिछले कुछ समय से सामंथा और डायरेक्टर राज निदिमोरु के अफेयर की अफवाहें उड़ रही हैं। इसी बीच सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर राज के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें वह राज निदिमोरु के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करती दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, नई शुरुआत। सामंथा रुथ प्रभु की इस इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद नेटिजेंस उनसे रिलेशनशिप को लेकर सवाल कर रहे हैं।

### कौन हैं राज निदिमोरु



राज निदिमोरु एक साउथ निर्देशक हैं। उनकी पर्सनल लाइफ की बात करें तो वह एक बेटी के पिता हैं। अभी तक सामंथा और राज दो सीरीज में एक साथ काम कर चुके हैं। राज ने सामंथा को द फैमिली मैन और सिटाडेल- हनी बनी जैसी वेब सीरीज में डायरेक्ट किया है। वहीं, अब सामंथा जल्द ही राज की फिल्म शुभम में नजर आएंगी। इतना ही नहीं बल्कि हाल ही में दोनों को पिकलबॉल टीम चेन्नई सुपर चैंप्स में साथ देखा गया था। इसी के बाद से दोनों के अफेयर की अफवाहें शुरू हुई थीं। सामंथा की नई फिल्म शुभम 9 मई को रिलीज होगी।



# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच आसिम रियाज ने उठाया बड़ा कदम

हाल ही में भारतीय सेना की तरफ से पाकिस्तान में आतंकियों पर की गई कार्रवाई से पूरा देश खुश है। इसे सेना ने ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया है। इस पर भारतीय सेलेब्स अपने-अपने तरीके से खुशी का इजहार कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब बिग बॉस 13 के प्रतियोगी और रैपर आसिम रियाज ने एक बड़ा कदम उठाते हुए कहा कि कुछ चीजें संगीत से भी बड़ी होती हैं। आइए जानते हैं रैपर ने कौन सा कदम उठाया।

### आसिम ने उठाया यह कदम

भारतीय सेना द्वारा आतंकियों पर की गई कार्रवाई को लेकर रैपर आसिम रियाज ने अपने गाने के रिलीज को टाल दिया है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के तहत उन्होंने यह फैसला लिया है।

इंस्टाग्राम स्टोरी पर जानकारी साझा करते हुए आसिम ने लिखा, 'दो देशों के बीच मौजूदा तनाव के कारण, मैंने अपने गाने की रिलीज को एक हफ्ते के लिए टालने का फैसला किया है। नई तारीख 14 मई है।'

### संगीत से बड़ी चीज भी होती है

आसिम रियाज ने भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए आगे लिखा, 'कुछ चीजें संगीत से भी बड़ी होती हैं। सभी के लिए शांति और शक्ति की प्रार्थना करता हूं। इस पोस्ट से उन्होंने जाहिर किया कि देश सबसे पहले आता है फिर आप।

### पहलगाम आतंकी हमले पर भी जताया था दुख

इससे पहले भी आसिम रियाज ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी। उन्होंने कश्मीर की घाटी में हुई दर्दनाक घटना में पीड़ितों के लिए संवेदना और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की थी।

# वामिका ने फिल्म 'बेबी जॉन की असफलता का कारण साझा किया

पिछले साल वरुण धवन की एक फिल्म 'बेबी जॉन' रिलीज हुई, इस फिल्म में वामिका गब्बी भी बतौर हीरोइन नजर आईं। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सफलता नहीं मिली। हाल ही में इस फिल्म के फ्लॉप होने के बारे में वामिका ने बात की।

### फिल्म की असफलता का कारण बताया

हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया से की गई बातचीत में वामिका कहती हैं, 'मैंने अपना बेस्ट परफॉर्मेंस फिल्म 'बेबी जॉन' में दिया था और मुझे लगता है कि सभी ने अपना बेस्ट दिया था। कई लोगों को यह फिल्म पसंद आई और बहुत से लोगों को यह पसंद नहीं आई। कई लोगों का मानना था कि यह साउथ फिल्म 'थेरी' की फ्रेम-टू-फ्रेम रीमेक थी, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है।'

बताते चलें कि फिल्म 'बेबी जॉन' साउथ फिल्म 'थेरी' की रीमेक थी। साउथ वाली फिल्म को एटली ने निर्देशित किया था, वहीं हिंदी फिल्म को एटली ने प्रोड्यूस किया। दोनों फिल्मों का खूब कंपैरिजन हुआ, जिसमें 'थेरी' लोगों को ज्यादा अच्छी लगी।

### 'भूल चूक माफ' में क्या है वामिका का किरदार

फिल्म 'भूल चूक माफ' में वामिका ने एक छोटे शहर की लड़की का रोल किया है। हाल में इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वामिका अपने किरदार के बारे में बताती हैं।

वह कहती हैं, 'मैं बहुत खुश हूं कि फिल्म 'भूल चूक माफ का ऑफर मुझे मिला। इसमें मैंने तितली का किरदार निभाया है, इसे निभाने में मजा आया। मुझे लगता है कि कई लड़कियां इस किरदार से कनेक्ट करेंगी।' इस फिल्म की कहानी को भी वामिका अलग बताती हैं। इस फिल्म की कहानी टाइम लूप पर है, फिल्म में हीरो की शादी का दिन आता ही नहीं है, हल्दी वाला दिन ही बार-बार लूप में चलता रहता है।



# द भूतनी के बाद अब इस फिल्म में नजर आएंगी पलक तिवारी

पलक तिवारी की फिल्म द भूतनी हाल ही में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखाया है। अब इसी महीने पलक की एक और फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। आज यानी 5 मई 2025 को रोमियो एस 3 का ट्रेलर मेकर्स ने जारी कर दिया। इस फिल्म में ठाकुर अनूप सिंह के साथ पलक तिवारी नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक गुड्डू धनोवा ने किया है। यह फिल्म 16 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में एक्शन के साथ रोमांस और इमोशन का तड़का भी लोगों को देखने को मिलेगा।





# 'केसरी वीर' में योद्धा बने सुनील शेट्टी

## इन एक्शन फिल्मों के लिए भी किए जाते हैं याद

जल्द ही प्रिंस धीमान निर्देशित फिल्म 'केसरी वीर' में सुनील शेट्टी एक योद्धा का किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म सोमनाथ मंदिर पर हुए हमले की एक ऐतिहासिक कहानी कहेगी। कैसे कुछ योद्धाओं ने सोमनाथ मंदिर की रक्षा की थी, यही फिल्म की कहानी है। यह पहली बार नहीं है कि सुनील शेट्टी किसी एक्शन फिल्म कर हिस्सा बन रहे हों, वह अपने करियर में कई एक्शन फिल्म कर चुके हैं।

### बलवान

एक्शन फिल्म 'बलवान(1992)' से ही सुनील शेट्टी ने बॉलीवुड में कदम रखा था। फिल्म में एक पुलिस ऑफिसर के रोल में वह नजर आए। इस एक्शन फिल्म को दीपक आनंद ने निर्देशित किया था। फिल्म में पुलिस ऑफिसर अर्जुन सिंह (सुनील शेट्टी) का सामना विलेन भाई जी (डैनी डेन्जोंगपा) से होता है।

### विश्वासघात

साल 1996 में रिलीज फिल्म 'विश्वासघात' भी सुनील शेट्टी की एक एक्शन फिल्म थी। हिमांशु ब्रह्मदत्त द्वारा निर्देशित फिल्म में सुनील शेट्टी के अलावा अनुपम खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आए। फिल्म में एक्ट्रेस के तौर पर अंजलि जठर नजर आईं।

### शस्त्र

संजय खन्ना निर्देशित फिल्म 'शस्त्र (1996)' में भी सुनील शेट्टी एक्शन करते दिखे। इस फिल्म में एक बार फिर विलेन के रोल में डैनी डेन्जोंगपा सुनील शेट्टी के सामने खड़े नजर आए। फिल्म की कहानी में हीरो अपने माता-पिता की मौत का बदला लेता है।

### बॉर्डर

साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर' जरूर मल्टीस्टारर फिल्म थी लेकिन इसमें सुनील शेट्टी बीएसएफ ऑफिसर भैरों सिंह के रोल में नजर आए। इस किरदार ने दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी, आज भी इस फिल्म में कहे गए सुनील शेट्टी के डायलॉग दर्शकों को याद हैं। इस फिल्म को जे.पी. दत्ता ने निर्देशित किया था।

### भाई

फिल्म 'भाई (1997)' भी एक गैंगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म रही। दीपक शिवदसानी निर्देशित यह फिल्म तेलुगू फिल्म 'अन्ना' का रीमेक थी। फिल्म में सुनील शेट्टी के छोटे भाई के रोल में कुणाल खेमू नजर आए। फिल्म में पूजा बत्रा, आशिषी विद्यार्थी जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में दिखे।

### ऑफिसर

सुनील शेट्टी ने साल 2001 में एक एक्शन थ्रिलर फिल्म 'ऑफिसर' भी की। इस फिल्म को नईम शाह ने निर्देशित किया था। फिल्म 'ऑफिसर' एक अमेरिकन फिल्म 'वर्टिगो (1958)' से इंस्पायर थी। इस फिल्म में सुनील शेट्टी के अपोजिट रवीना टंडन नजर आएंगी, विलेन के रोल में डैनी डेन्जोंगपा थे।

### कांटे

संजय गुप्ता निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'कांटे(2002)' में भी सुनील शेट्टी दिखे। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, संजय दत्त, महेश मांजेकर, लकी अली जैसे कई एक्टर्स नजर आए।

# एशिया कप में हिस्सा नहीं लेगा भारत! जाने कब हो सकते हैं आईपीएल के बचे हुए मैच



**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के कारण इस समय यह बहुत कम संभावना है कि भारत बांग्लादेश (अगस्त) का दौरा करेगा और इस साल के अंत में एशिया कप (सितंबर) में भाग लेगा। यह विश्वसनीय रूप से माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जरूरत पड़ने पर आईपीएल के शेष मैचों को पूरा करने के लिए इस समय का इस्तेमाल कर सकता है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) वर्तमान में एक ऐसी विंडो पर काम कर रहा है, जहां वे आईपीएल 2025 के शेष 17 मैचों (धर्मशाला मैच भी शामिल है, जो बीच में ही रद्द कर दिया गया था) का आयोजन कर सकें, जिसमें दो क्वालीफायर, एक एलिमिनेटर और फाइनल शामिल हैं।

भारत को जून के पहले सप्ताह में पांच मैचों के टेस्ट दौरे के लिए इंग्लैंड जाना है और अगर तनाव जल्दी कम नहीं होता है तो बीसीसीआई के लिए अगस्त-सितंबर का समय टूर्नामेंट को पूरा करने का एकमात्र अवसर हो सकता है। भले ही आईपीएल भारत के बांग्लादेश दौरे और एशिया कप से पहले पूरा हो जाए, लेकिन यह पूरी तरह से संभव नहीं है। बीसीसीआई इस रुख को नरम करने के मूड में नहीं दिख रहा है।

गुरुवार रात धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड अब यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ सदस्य सुरक्षित रहें और किसी तरह की घबराहट की स्थिति में न हों। शुक्रवार को आईपीएल के सभी खिलाड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मैच के लिए लखनऊ में थे जिसे भी रद्द कर दिया गया है। इसी के साथ ही पूरी लीग को ही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।

गौर हो कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले जिसमें 26 लोग मारे गए थे, के बाद भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। गुरुवार को हवाई हमले की चेतावनी और जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, जालंधर, होशियारपुर, मोहाली और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ सहित भारत के कई जिलों में थमाके की आवाजें सुनाई दी और ब्लैकआउट लागू कर दिया गया।

### भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रद्द नहीं होगी पाकिस्तान सुपर लीग, विदेश में खेले जाएंगे बचे हुए मैच

लाहौर- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के साथ चल रहे सैन्य टकराव के कारण शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी बचे मैचों को संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित करने का फैसला किया, क्योंकि टूर्नामेंट में भाग ले रहे विदेशी खिलाड़ी चिंतित हैं। शुक्रवार की सुबह बयान जारी करके कहा कि टूर्नामेंट के आखिरी आठ मैच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किए जाएंगे। पहले इनका आयोजन रावलपिंडी, मुल्तान और लाहौर में होना था। बयान के अनुसार इन मैचों का कार्यक्रम निर्धारित समय पर साझा कर दिया जाएगा। अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आरोप लगाया कि भारत ने को बाधित करने के लिए पाकिस्तान के अंदर हालिया हमले में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को निशाना बनाया था। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने हालांकि स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान द्वारा बुधवार रात भारत के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर हमला करने की कोशिश के बाद गुरुवार को केवल वायु रक्षा रडार और प्रणाली को निशाना बनाया गया था।

## जूलियस सुमेरौअर ने टी20 लीग में जड़ी 11 गेंदों पर फिफ्टी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईसीएस जर्सी टी10 लीग के दौरान सेंट्रल कमांडर्स और साउदर्न स्पिटफायर्स के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। यह बल्लेबाज जूलियस सुमेरौअर के कारण चर्चा में रहा जिन्होंने महज 11 गेंदों पर अर्धशतक लगाया लेकिन उनकी टीम फिर भी जीत नहीं पाई। रोमांचक मुकाबले में साउदर्न स्पिटफायर्स ने पहले खेलते हुए महज एक विकेट खोकर ही 10 ओवर में 172 रन बना दिए थे। जवाब में खेलने उतरी सेंट्रल कमांडर्स टीम 5 विकेट खोकर 163 रन ही बना पाई। जूलियस सुमेरौअर ने 12 गेंदों पर 2 चौके और 7 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। यह टी10 की संभवत- सबसे तेज फिफ्टी रही।

### साउदर्न स्पिटफायर्स - 172-1 (10 ओवर)

जैक ट्राइब के साथ स्टीव बुलेन ने साउदर्न के लिए ओपनिंग की थी। जैक जब पांचवें ओवर में 10 गेंदों पर 17 रन बनाकर आऊट हो गए तो स्टीव ने एडवर्ड के साथ मिलकर विरोधी टीम के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। स्टीव ने जहां 29 गेंदों पर 9 चौके और पांच छक्कों की मदद से 76 रन बनाए तो वहीं, एडवर्ड ने 21 गेंदों पर 22 चौके और 10 छक्कों की मदद से 74 रन जड़ दिए और स्कोर 172 तक पहुंचा दिया। सेंट्रल के लुई सबसे महंगे गेंदबाज रहे जिन्होंने दो ओवर में 46 रन लुटा दिए।

### सेंट्रल कमांडर्स - 163-5 (10 ओवर)

सेंट्रल को जूलियस सुमेरौअर और बेन हैलिस ने धमाकेदार शुरूआत दी। दोनों ने 2.2 ओवर में ही पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़ दिए। बेन 8 गेंदों पर 21 रन बनाकर आऊट हुए। चौथी ओवर में जुलियस भी 12 गेंदों पर 2 चौके और 7 छककों की मदद से 51 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद स्कॉट वेन ने 12 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। मध्यक्रम में डोमिनिक और जोल के फेल हो जाने के बाद स्कॉट सिंपसन ने 10 गेंदों पर 21 तो अभिषेक ने 11 गेंदों पर 23 रन बनाए लेकिन टीम 163 रन ही बना पाई और 9 रन से मुकाबला गंवा दिया।

## धर्मशाला में मैच रद्द होते ही घबराई चीयरलीडर्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में जब पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला फ्लड लाइट्स में खराबी के कारण रद्द हुआ तो स्टेडियम में फैले अंधेरे से एक चीयरलीडर्स डर गई। उसने सोशल मीडिया पर धर्मशाला के मैदान से एक वीडियो शेयर की है जिसमें वह स्थितियों के कारण डरी हुई दिख रही हैं। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव के बीच मैच को पहली पारी के बीच में ही रद्द कर दिया गया था।एक वीडियो में उसने कहा कि मैच के बीच में स्टेडियम को खाली करवा दिया गया था और लोग ÷बम आने वाले हैं÷ चिल्ला रहे थे। उसे उम्मीद थी कि आईपीएल अधिकारियों से उसे मदद मिलेगी ताकि वह धर्मशाला से सुरक्षित बाहर निकल सके। उसने वीडियो में कहा- तो मूल रूप से, खेल के बीच में पूरे स्टेडियम को खाली करा दिया गया था, और यह बहुत डरावना था। हर कोई बस चिल्ला रहा था कि बम आ रहे हैं। यह अभी भी बहुत डरावना है। हम वास्तव में धर्मशाला से बाहर जाना चाहते हैं, और मुझे उम्मीद है कि आईपीएल के लोग हमारा ख्याल रखेंगे। यह बहुत डरावना है। मुझे नहीं पता कि मैं क्यों नहीं रो रही हूँ। मुझे लगता है कि मैं अभी भी सदमे में हूं (कि) क्या हो रहा है। उक्त वीडियो को एक सोशल मीडिया यूजर्स ने शेयर किया।

## पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच खिलाड़ियों ने भारतीय सशस्त्र बलों का किया समर्थन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, रोहित शर्मा, विराट कोहली, वीरेंद्र सहवाग सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा% करार दिया। भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को गुरुवार रात को तुरंत विफल कर दिया था।

रोहित ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं। प्रत्येक भारतीय के लिए जिम्मेदार होना और किसी भी फर्जी खबर को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचना महत्वपूर्ण है। सभी सुरक्षित रहें। ऑपरेशन सिंदूर, जय हिंद।

विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सलाम करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे और हमारे महान राष्ट्र के लिए उनके और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

## मुझे हमारी भारतीय सेना पर बहुत गर्व है रोहित ने भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना की प्रशंसा की क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के तहत पड़ोसी देश में 9 स्थानों पर आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने के बाद से ही तनाव बना हुआ है जिसे भयावह पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किया गया था।

रोहित शर्मा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, हर बीतते पल के साथ, हर लिए गए निर्णय के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना पर बहुत गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं। हर भारतीय के लिए जिम्मेदार होना और किसी भी झूठी खबर को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचना ज़रूरी है। सभी सुरक्षित रहें! ऑपरेशन सिंदूर जयहिंद।

इससे पहले गुरुवार को क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच पुंछ और राजौरी जिलों में नियंत्रण रेखा के पास सायरन बजने और विस्फोटों की सूचना मिलने के बाद जम्मू में पूर्ण ब्लैकआउट लागू कर दिया गया था। सीमा सुरक्षा बलों ने जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया।

यह प्रयास 8 मई की रात करीब 11 बजे किया गया था। एक्स पर एक पोस्ट में बीएसएफ जम्मू ने लिखा, 8 मई 2025 को लगभग 2300 बजे, बीएसएफ ने जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। इसके अतिरिक्त भारतीय सेना ने 8 मई और 9 मई की मध्यरात्रि के दौरान पश्चिमी सीमा और जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान द्वारा किए गए कई ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक खदेड़ दिया और उनका जवाब दिया।

भारतीय सेना ने कहा, पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने 08 और 09 मई 2025 की मध्यरात्रि को पूरे पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों का उपयोग करके कई हमले किए। पाक सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम उल्लंघन (सीएफवी) का भी सहारा लिया। ड्रोन हमलों को प्रभावी ढंग से विफल किया गया और सीएफवी को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा। इससे पहले गुरुवार को भारतीय सेना ने एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बड़े पैमाने पर ड्रोन विरोधी अभियान के दौरान 50 से अधिक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया था।

## यशस्वी जायसवाल का यू-टर्न, पत्र लिखकर फिर से मुंबई के लिए खेलने की अनुमति मांगी



**मुंबई**-भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से अनुरोध किया है कि उन्हें घरेलू दिग्गजों के साथ बने रहने की अनुमति दी जाए। उनका यह फैसला गोवा में जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगने के एक महीने बाद आया है।

अप्रैल में जायसवाल ने गोवा में जाने के लिए एमसीए को पत्र लिखकर सभी को चौंका दिया था। अपनी ओर से एमसीए ने भी जायसवाल के अनुरोध को तुरंत मंजूरी दे दी थी। जायसवाल द्वारा एमसीए, को लिखा गया ईमेल है जिसमें उन्होंने कहा है कि वह अगले घरेलू सत्र में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध हैं। जायसवाल ने लिखा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मुझे दिए गए हह्लष्ट को वापस लेने के मेरे अनुरोध पर विचार करें क्योंकि गोवा में जाने की मेरी कुछ पारिवारिक योजनाएं थीं, जिन्हें फिलहाल रोक दिया गया है!

उन्होंने कहा, इसलिए मैं ईमानदारी से एमसीए से अनुरोध करता हूं कि मुझे इस सत्र में मुंबई के लिए खेलने की अनुमति दी जाए! मैंने बीसीसीआई या गोवा क्रिकेट एसोसिएशन को हह्लष्ट नहीं सौंपी है!। जायसवाल उत्तर प्रदेश के भदोही से मुंबई चले गए और पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए सभी प्रारूपों में पदार्पण करने के लिए रैंक के माध्यम से आगे बढ़े, ऐसा भी माना जाता था कि कप्तान बनने की संभावना के कारण वे मुंबई से गोवा चले गए थे।

व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर ने शायद 23 वर्षीय जायसवाल को गोवा के साथ बिताने के लिए बहुत समय नहीं दिया होगा, लेकिन उनका कप्तान बनने से उन्हें प्रमुख नेतृत्व भूमिकाओं में कुछ अनुभव प्राप्त होगा। गोवा क्रिकेट संघ के सचिव शंबा देसाई ने पहले पुष्टि की थी कि जायसवाल उनके कप्तान होंगे और गोवा टीम को 2025-26 सीजन से पहले प्लेट डिवीजन से एलीट में अपग्रेड किया जाएगा।

## मैं जब बीसीसीआई अध्यक्ष था तो रोहित शर्मा महान कप्तान थे - गांगुली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और विश्व क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिसने क्रिकेट जगत में एक युग के अंत की शुरुआत की। रोहित ने 7 मई 2025 को अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहा, और उनका आखिरी टेस्ट मैच 26 दिसंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में खेला गया था। बीसीसीआई ने इस अवसर पर रोहित को ÷हिटमैन÷ के रूप में सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की और पुष्टि की कि वह वनडे क्रिकेट में भारत का नेतृत्व करना जारी रखेंगे।

इसी बीच पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने रोहित की उपलब्धियों की प्रशंसा की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। गांगुली ने कहा कि वह (रोहित) भारत के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें मेरी शुभकामनाएं। उनका करियर शानदार रहा है, और वह भारत के लिए वनडे और आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे। गांगुली ने यह भी उल्लेख किया कि रोहित ने कप्तान के रूप में भारत को कई यादगार जीत दिलाई, और बीसीसीआई का काम खिलाड़ियों का समर्थन करना है।गांगुली ने रोहित की कप्तानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब वह बीसीसीआई अध्यक्ष थे, तब उन्होंने 2021 में रोहित को भारतीय टीम का कप्तान बनाया था। उस समय इस फैसले की काफी आलोचना हुई थी, खासकर जब विराट कोहली ने टी20 कप्तानी छोड़ी थी। गांगुली ने एक साक्षात्कार में कहा कि जब मैंने रोहित को कप्तान बनाया था, तब मुझे बहुत गालियां मिली थीं। लेकिन अब, जब उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप जीता, तो लोगों ने मुझे गाली देना बंद कर दिया। गांगुली का मानना था कि रोहित में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी, जो उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच आईपीएल खिताब जिताकर पहले ही साबित कर दी थी।





हालांकि, गांगुली ने रोहित के टेस्ट फॉर्म पर भी चिंता जताई थी। मार्च 2025 में, उन्होंने कहा कि रोहित का पिछले 4-5 वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन उनकी क्षमता के अनुरूप नहीं रहा। उन्होंने कहा कि उनके कद और क्षमता वाला खिलाड़ी इससे कहीं बेहतर कर सकता था। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टेस्ट मैचों के लिए अपनी सोच पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यह एक कठिन सीरीज होगी। गांगुली ने यह भी सुझाव दिया कि रोहित को टेस्ट क्रिकेट में वही आक्रामकता और जुनून दिखाना चाहिए, जो उन्होंने सफेद गेंद क्रिकेट में दिखाया

बता दें कि रोहित ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स में की थी, जहां उन्होंने 177 रनों की शानदार पारी खेली। अपने 12 साल के टेस्ट करियर में, रोहित ने 67 टेस्ट मैचों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 रन रहा।

# भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाए ड्रोन और मिसाइल

## पाकिस्तान के 7 झूठ का पर्दाफाश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान द्वारा 8-9 मई की रात को किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों को पूरी तरह नाकाम कर दिया। भारतीय वायु रक्षा प्रणाली, विशेष रूप से एस-400 सुदर्शन चक्र ने पाकिस्तानी मिसाइलों और ड्रोनों को नष्ट कर देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में कई सैन्य ठिकानों को सुरक्षित रखा। इसके जवाब में, भारत ने तड़के पाकिस्तान के लाहौर, कराची और रावलपिंडी में स्थित सैन्य ठिकानों पर लक्षित हमले किए, जिससे पाकिस्तानी वायु रक्षा रडारों को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान ने भारत की ओर केवल अपने ड्रोन और मिसाइलें ही नहीं भेजीं, बल्कि कई फर्जी वीडियो और दुष्प्रचार की भी बौछार कर दी। हालांकि भारत सरकार ने पाकिस्तान के सभी झूठों का पर्दाफाश कर दिया।

भारत के खिलाफ पाकिस्तान से चलाए जा रहे दुष्प्रचार अभियान को लेकर प्रेस सूचना ब्यूरो की फैक्ट चेक यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात वायरल वीडियो की सच्चाई सामने रखी है। इन वीडियो का उद्देश्य भारतीय जनता में भय फैलाना और भ्रम की स्थिति उत्पन्न करना था। पीआइबी ने 8 मई की रात 10 बजे से 9 मई की सुबह 6:30 बजे तक फैले इन दावों की जांच कर सच्चाई सामने लाई।

1. **जलंधर में ड्रोन हमले का दावा निकला झूठा–** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में जलंधर में ड्रोन हमले का दावा किया गया था। पीआइबी ने जांच में पाया कि यह वीडियो एक खेत में लगी आग का है, जिसका समय शाम 7 :39 था, जबकि ड्रोन हमले की कोई पुष्टि नहीं हुई। जलंधर के डिप्टी कमिश्नर ने भी इस वीडियो को फर्जी बताया।
2. **'20 राज बटालियन' का हमला – फर्जी और गढ़ा गया वीडियो–** एक वीडियो में दावा किया गया कि पाकिस्तानी सेना ने भारतीय पोस्ट को नष्ट कर दिया। जांच में सामने आया कि यह वीडियो नाटकीय रूप से बनाया गया था और 20 राज बटालियन नाम की कोई यूनिट भारतीय सेना में है ही नहीं।
3. **मिसाइल हमले का दावा – असल में था 2020 का बेरुत विस्फोट–** एक वायरल वीडियो में कहा गया कि पाकिस्तान ने भारत पर मिसाइल हमला किया। पीआइबी ने पुष्टि की कि यह वीडियो वास्तव में 2020 में बेरुत (लेबनान) में हुए धमाके का है।
4. **राजौरी में सेना ब्रिगेड पर 'फिदायीन हमला' – झूठा प्रचार–** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना की ब्रिगेड पर फिदायीन हमले की खबर फैलाई गई। पीआईबी ने जांच की और बताया कि ऐसा कोई हमला नहीं हुआ। यह खबर सिर्फ लोगों को गुमराह करने के लिए थी।
5. **थलसेनाध्यक्ष के नाम पर फर्जी पत्र वायरल–** एक फर्जी पत्र को थल सेनाध्यक्ष जनरल वी.के. नारायण के नाम से वायरल किया गया था, जिसमें सैन्य तैयारियों का उल्लेख था।

### पीआईबी की सलाह

पीआईबी ने कहा कि वे लगातार ऐसी फर्जी खबरों को पकड़ रहे हैं और लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। पीआईबी देश की सुरक्षा और सच्चाई को बनाए रखने के लिए काम कर रहा है।

### पाकिस्तान ने भारत की ओर भेजे ड्रोन

पाकिस्तान ने रात के दौरान अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज जैसे 15 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की। भारतीय सेना के मुताबिक, इन हमलों को न केवल विफल किया गया, बल्कि भारत को कोई नुकसान भी नहीं हुआ। रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, पाकिस्तान के सभी ड्रोन और मिसाइल हमले नाकाम रहे। भारतीय सेना ने अपनी ताकत और तकनीकी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी ने केरल कांग्रेस के नए अध्यक्ष जोसफ को बधाई दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी की केरल इकाई के नवनियुक्त



अध्यक्ष सनी जोसेफ को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वह राज्य में न्याय की लड़ाई का नेतृत्व करेंगे। केरल में कांग्रेस पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कई सप्ताह से चल रही अनिश्चितता को समाप्त करते हुए, पार्टी ने बृहस्पतिवार को प्रदेश नेतृत्व में व्यापक बदलाव किया है।
पार्टी ने सांसद के. सुधाकरन की जगह तीन बार के विधायक जोसेफ को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह बदलाव राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले किया गया है, जहां कांग्रेस एक दशक के एलडीएफ शासन के बाद सत्ता में वापसी के लिए प्रयास कर रही है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अधिवक्ता सनी जोसेफ और केपीसीसी की नई टीम को बधाई। केरल में न्याय और प्रगति की लड़ाई का नेतृत्व करने के लिए आपको शुभकामनाएं।'' उन्होंने कहा, ''के. सुधाकरन जी पर गर्व है – एक निडर योद्धा हैं जिनका नेतृत्व और सेवा कांग्रेस पार्टी और केरल के लोगों के लिए मजबूती प्रदान करने वाले रहे हैं।

### नमक बन गया जान का दुश्मन, खाना बनाने के दौरान झगड़ा

**कांच के टुकड़ों से कर दी हत्या**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। खाना बनाने के दौरान नमक को लेकर दो लोगों के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान एक आदमी ने दूसरे पर कांच के टुकड़ों से वार कर उसकी जान ले ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में खाने में नमक को लेकर हुआ झगड़ा जानलेवा हो गया। एक मजदूर की उसके सहकर्मी ने कांच के टुकड़ों से हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार रात करीब 9 बजे अमर कॉलोनी में हुई। उत्तर प्रदेश के रहने वाले राकेश और लालजी एक निर्माण स्थल पर खाना बना रहे थे। यहां वे काम करते थे।
पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 9 :35 बजे झगड़े की सूचना देने वाली एक पीसीआर कॉल आई थी। अमर कॉलोनी थाने के अधिकारी जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने राकेश को मृत पाया और लालजी गंभीर रूप से घायल थे। पुलिस ने बताया कि फोन करने वाले तेजिलाल और एक अन्य मजदूर रामजीवन सहित प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झगड़ा उस समय शुरू हुआ जब राकेश और लालजी साथ में खाना बना रहे थे। खाने में नमक को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हिंसक हो गया। लालजी ने कथित तौर पर गुस्से में कांच के टूटे हुए टुकड़े उठाए और राकेश पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### मेरा उमर खालिद से बिल्कुल कोई संबंध नहीं, हाईकोर्ट में बोला दिल्ली दंगों का आरोपी शरजील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली दंगे 2020 के एक आरोपी शरजील इमाम ने दिल्ली हाईकोर्ट में दंगों के वक्त उमर खालिद से उसका कोई संबंध नहीं होने की बात कही है। शरजील इमाम ने गुरुवार को हाईकोर्ट में दलील दी कि उसका उस स्थान, समय और उमर खालिद सहित अन्य आरोपियों से 'बिल्कुल कोई संबंध नहीं' था। शरजील इमाम के वकील ने जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिन्दर कौर की बेंच से उसकी जमानत याचिका पर निर्णय करते समय 'करुणा' दिखाने का आग्रह किया। वकील ने कहा कि उसके भाषणों और वॉट्सऐप पर की गई बातचीत में कभी भी किसी अशांति की बात नहीं की गई। इमाम के वकील ने कहा, इस लड़के ने लगातार पांच साल से ज्यादा वक्त हिरासत में बिताया है। वह (परिवार का) इकलौता कमाने वाला है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आई रिपोर्ट अब पीएम और राष्ट्रपति के हाथ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ कैश कांड में जांच रिपोर्ट चीफ जस्टिस को सौंप दी गई थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस पर यशवंत वर्मा को विकल्प दिया था कि वे अपने पद से इस्तीफा दे दें और यदि ऐसा



नहीं किया तो फिर महाभियोग की कार्रवाई की जाएगी। उन्हें जवाब देने के लिए 9 मई तक का वक्त मिला था। जस्टिस वर्मा ने इस संबंध में जवाब भी मुख्य न्यायाधीश को दे दिया है। उनके जवाब और तीन सदस्यीय न्यायिक पैनल की रिपोर्ट को अब चीफ जस्टिस ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पास बढ़ा दिया है। माना जा रहा है कि अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई होगी। उन्हें इस्तीफे का विकल्प दिया गया था, जिससे वह पीछे हटते दिखे हैं। ऐसे में महाभियोग का ही विकल्प बचा है।

### आखिर कैसे और अब क्या होगी कार्रवाई

अब चीफ जस्टिस ने जब फाइल को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के समक्ष भेज दिया है तो उनकी भूमिका समाप्त हो जाती है। उनकी ओर से फाइल को पीएम और राष्ट्रपति को बढ़ाने का अर्थ है कि उन्हें हटाने की सिफारिश की गई है। आर्टिकल 124 के तहत किसी जज को हटाने की कार्रवाई नियुक्ति देने वाली अथॉरिटी यानी राष्ट्रपति की ओर से ही हो सकती है।
किसी भी जज को आर्टिकल 124 और आर्टिकल 217 के तहत ही हटाया जा सकता है। इसी के तहत महाभियोग का प्रस्ताव संसद में लाया जा सकता है। इसके लिए दुर्व्यवहार और अक्षमता को आधार माना जाता है। महाभियोग के प्रस्ताव के लिए यह जरूरी है कि इस पर कम से कम 100 लोकसभा सांसदों और 50 राज्यसभा सांसदों की सहमति हो। सदन के स्पीकर की ओर से महाभियोग प्रस्ताव के लिए तीन सदस्यों की कमेटी भी बनाई जा सकती है। इस कमेटी में न्यायिक क्षेत्र के ही तीन लोग होते हैं। कमेटी में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया या सुप्रीम कोर्ट का कोई जज रहता है। इसके अलावा हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस और कोई अन्य विद्वान न्यायविद इसका हिस्सा रहता है। यदि कमेटी रिपोर्ट को सही पाती है तो फिर उसे सदन में पेश किया जाता है और उस पर वोटिंग होती है। महाभियोग की प्रक्रिया के तहत कम से कम दो तिहाई सांसद जज को हटाने के पक्ष में होने चाहिए। यही नहीं संबंधित जज को संसद के समक्ष पक्ष रखने के लिए भी बुलाया जा सकता है। महाभियोग प्रस्ताव को संसद से मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति के साइन की जरूरत होती है। प्रस्ताव को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलते ही जज को पद से हटा दिया जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्या मुसलमानों के संभावित निर्वासन पर रोक लगाने से किया इनकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली से रोहिंग्या मुसलमानों के संभावित निर्वासन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। रोहिंग्या समुदाय को म्यांमार में हो रहे कथित नरसंहार के चलते भारत में शरणार्थी बताकर याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की थी कि उन्हें भारत में रहने का अधिकार दिया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार देश में निवास करने का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को प्राप्त है और विदेशी नागरिकों के मामलों में विदेशी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंसाल्विस और वकील प्रशांत भूषण की ओर से दायर याचिकाओं पर विचार करते हुए कहा कि मामले की विस्तृत सुनवाई 31 जुलाई को की जाएगी।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अधिवक्ता कानू अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने असम और जम्मू-कश्मीर में रोहिंग्या मुसलमानों के निर्वासन पर रोक लगाने से इनकार किया था। केंद्र सरकार ने उस समय राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर खतरा जताया था।

### यूएनएचसीआर ने दिया है शरणार्थी का दर्जा

गोंसाल्विस और भूषण ने तर्क दिया कि रोहिंग्या समुदाय को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (यूएनएचसीआर) ने शरणार्थी के रूप में मान्यता दी है और उनके पास शरणार्थी कार्ड भी हैं। ऐसे में उन्हें भारत में रहने और जीवन जीने का अधिकार है।

सॉलिसिटर जनरल ने इसका जवाब देते हुए कहा कि भारत यूएन रिफ्यूजी कन्वर्जन (1951) का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है और यूएनएचसीआर द्वारा दी गई शरणार्थी मान्यता भारत के लिए बाध्यकारी नहीं है। उन्होंने कहा, रोहिंग्या विदेशी नागरिक हैं और सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि निर्वासन से सुरक्षा का अधिकार भारतीय नागरिकों को निवास अधिकार के तहत ही प्राप्त है। पीठ ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार रोहिंग्या प्रवासियों पर भी लागू होता है, लेकिन वे सभी विदेशी हैं और उनके मामलों में विदेशी अधिनियम के अनुसार कानूनन कार्रवाई की जाएगी।



# भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव पर नेपाल ने जताई चिंता

## कहा- अपनी जमीन किसी विरोधी गतिविधि के लिए नहीं देंगे

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर गहरी चिंता जताई है और अपनी धरती का इस्तेमाल किसी भी शत्रुतापूर्ण गतिविधि के लिए न होने देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि वह हालिया घटनाओं से बेहद चिंतित है, विशेष रूप से उस आतंकी हमले के बाद जो भारत के पहलगाम में हुआ और जिसमें एक नेपाली नागरिक समेत 26 लोगों की जान गई। नेपाल सरकार ने अपने बयान में कहा, नेपाल पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों पर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है और भारत के साथ इस दुख की घड़ी में खड़ा है।



बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि नेपाल अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण किसी भी शत्रुतापूर्ण ताकत को अपने पड़ोसियों के खिलाफ अपनी जमीन के इस्तेमाल की इजाजत नहीं देगा। नेपाल ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अंतरराष्ट्रीय एकजुटता का समर्थन करते हुए कहा कि वह किसी भी प्रकार की हिंसा या आतंक की नीति का पक्षधर नहीं है।

इस बीच, नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री बिमलेंद्र निधि ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ हैं और भारतीय सेना को इस सफल ऑपरेशन के लिए बधाई देते हैं। नेपाल की प्रतिक्रिया भारत द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक दिन बाद आई है। भारत ने यह ऑपरेशन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर किया था। यह कदम पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के जवाब में उठाया गया।

## पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अधिक ऋण देने का आग्रह किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति बनती दिख रही है। एक तरफ भारत अपने ही दम पर पाकिस्तान की खाट खड़ी कर रहा है। वहीं पाकिस्तान भारत की ओर से की जा रही जवाबी कार्रवाई से बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भारत के मजबूत और पक्के इरादों को देखकर पाकिस्तान ने फिर दुनिया के सामने रोना शुरू कर दिया है। भारत से लड़ने में अक्षम पाकिस्तान अब एक बार फिर भीख मांगने पर मजबूर हो गया है। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत द्वारा पहुंचाए गए नुकसान की भरपाई के लिए और अधिक ऋण देने का आग्रह किया है।

पाकिस्तान ने ये आग्रह उस समय किया है जब वो भारत को गीदड़भभकी दिखा रहा है। मगर असलियत है कि पाकिस्तान की जेब पूरी तरह से खाली है। भारत द्वारा लिए गए इस एक्शन के बाद पाकिस्तान भीख मांगने पर मजबूर हो गया है। दरअसल पाकिस्तान सरकार के आर्थिक मामलों के प्रभाग द्वारा की गई थी। प्रभाग के आधिकारिक एक्स अकाउंट से मदद की गुहार लगाते हुए पोस्ट किया गया है। इस पोस्ट में दुनिया भर के देशों से अपील की गई है कि वो पाकिस्तान को कर्ज दें क्योंकि भारत के साथ लड़ाई में पाकिस्तान को बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

**अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस**

# अमेरिका युद्ध से दूर रहेगा, इससे हमारा कोई वास्ता नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका ''मूलतः कोई वास्ता नहीं है''। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने बृहस्पतिवार को एक टीवी साक्षात्कार में कहा कि भारत और पाकिस्तान को अमेरिका नियंत्रित नहीं कर सकता लेकिन वह परमाणु-शक्ति संपन्न दोनों पड़ोसियों से तनाव कम करने की अपील कर सकता है।

यह पूछे जाने पर कि भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाला प्रशासन कितना चिंतित है, वेंस ने कहा, ''देखिए, हम इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं परमाणु शक्तियां आपस में टकरा न जाएं और कोई बड़ा संघर्ष न हो जाए।''

वेंस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के हवाले से कहा कि वाशिंगटन चाहता है कि तनाव जल्द से जल्द ''कम हो''। उपराष्ट्रपति ने कहा, ''हम इन देशों को नियंत्रित नहीं



कर सकते। भारत को पाकिस्तान से कुछ शिकायतें हैं। पाकिस्तान ने भारत को जवाब दिया है। हम इन लोगों से अपील कर सकते हैं कि वे तनाव को कुछ कम करने की कोशिश करें लेकिन हम युद्ध के बीच में नहीं पड़ने जा रहे। इससे वास्तव में हमारा कोई लेना देना नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''अमेरिका भारतीयों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता। हम पाकिस्तानियों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकते। इसलिए हम कूटनीतिक माध्यमों से इस मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे। हमें आशा और अपेक्षा है कि यह किसी व्यापक क्षेत्रीय युद्ध या भगवान न करे, किसी परमाणु संघर्ष में न बदल जाए, लेकिन हम इन चीजों को लेकर निश्चित रूप से चिंतित हैं।'' वेंस ने कहा, ''मुझे लगता है कि यहां कूटनीति और शांत दिमाग से काम करना होगा, ताकि यह सुनिश्चित हो कि यह परमाणु युद्ध न बन जाए। अगर ऐसा हुआ तो यह निश्चित रूप से विनाशकारी होगा। अभी हमें नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है।''

वेंस, उनकी पत्नी उषा वेंस और उनके तीन बच्चे जब भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर थे तभी 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। हमले के दो सप्ताह बाद भारत ने मंगलवार देर रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संसद की लाइब्रेरियन कार्ला हेडन को बर्खास्त किया



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संसद की लाइब्रेरियन कार्ला हेडन को अचानक बर्खास्त कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) संघीय सरकार से उन लोगों को हटा रहा है जो राष्ट्रपति और सरकार के एजेंडे का विरोध करते हैं। बृहस्पतिवार को तीन शीर्ष डेमोक्रेट सांसदों के बयानों में बर्खास्तगी का खुलासा किया गया और मामले से परिचित एक व्यक्ति ने इसकी पुष्टि की। कनेक्टिकट से रिपब्लिकन पार्टी की सांसद रोजा डेलारो ने कहा कि ट्रंप ने हेडन को बेहद बेरहमी से निकाल दिया। उन्होंने प्रशासन से हेडन को बर्खास्त किए जाने के बारे में स्पष्टीकरण देने की मांग की। डेलारो ने एक बयान में कहा, डॉ. हेडन का कार्यकाल आधुनिकीकरण और लोकतंत्रीकरण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है।

# समस्याओं को लेकर बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ ने सौंपा मांग पत्र

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ के शाखा सचिव अरविंद कुमार सिंह एवं महामंत्री विनोद कुमार की विभागीय समस्या को लेकर ब्लास्ट फर्नेस के मुख्य महाप्रबंधक सौविक राय से बैठक हुई। इसके बाद उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा गया। मांग पत्र के माध्यम से ब्लास्ट फर्नेस विभाग में डस्ट धूल के कारण कर्मचारियों के स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिससे निजात दिलाने की मांग की गई। ब्लास्ट फर्नेस के सभी कर्मचारियों को डस्ट और हिट अलाउंस दिया जाए। इंसेंटिव रिवॉर्ड टेबल को रिवाइज किया जाए। ओ एच एस सेंटर से स्लैग डम्प तक के रोड और लाइट का यथा शीघ्र मरम्मत किया जाए। शौचालय को नियमित साफ सफाई, कैन्टीन में साफ-सफाई के साथ गुणवत्ता युक्त भोजन, सुरक्षा उपकरणों जैसे जुता टोपी माकस इयर प्लग इत्यादि को समय से उपलब्ध कराया जाए। इन सभी बिन्दुओं पर मुख्य महाप्रबंधक सौविक राय ने सकरात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। महामंत्री विनोद कुमार ने इंसेंटिव रिवॉर्ड के मुद्दा को प्रमुख रुप से उठाते हुए कहा कि प्रबंधन को इंसेंटिव रिवॉर्ड के रिवाइज के लिए तुरंत उचित कदम उठाना चाहिए इसके कारण मजदूरों को काफी नुकसान हो रहा है इसे हर फोरम पर उठाया जा रहा है अगर समय रहते इसे दूर नहीं किया जाता है तो बी एम एस के द्वारा सारी विभागों में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रबंधन की तरफ से जीएम श्याम सुंदर,धनंजय कुमार, विनय कुमार जीएमएचआर सुशांत शिशिर, नितिन गुप्ता एवं यूनियन के मंत्री आशीष कुमार, रमेश मिश्रा, हसनैन बाबु,दिगु कर्मकार ,अशोक सोरेन, राघवेन्द्र पाठक, अशोक बेहरा, हुबलाल मुर्मू, धर्मेंद्र बेहरा, लखन मुर्मू, रवि दिगार रंजीत गोप, राजू कोयरी, अजित कुमार, अमरनाथ सिंह, चंदन महथा दिलीप गोराई,रमेश तुरी, सुरेश मांझी गौतम कुमार महतो, बागेश चंद्र , समय मांझी,दीपक कुमार महतो आदि उपस्थित रहे।



## लाभुकों के बैंक खाते में भेजी गई किश्त, बनाएं आवासः उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव ने जिले के अबुआ आवास योजना (एएवाई) के लाभुकों को वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान किया। उन्होंने योजना के लाभुकों से अपील किया है कि वह योजना के किस्त (राशि) को अन्यत्र खर्च नहीं करेंगे। वह अपने आवास का निर्माण शुरू करें एवं अपूर्ण आवासों को पूरा करने के दिशा में काम करें। उपायुक्त ने लाभुकों से कहा कि वह अपने बैंक खाते का एटीएम कार्ड किसी दूसरें को नहीं दें। अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ) से संपर्क करें। जानकारी हो कि, अबुआ आवास योजना (एएवाई) के तहत, वित्तीय वर्ष 2024-25 के 961 लाभुकों के बीच द्वितीय किस्त की 4,80,50,000 राशि, 424 लाभुकों के बीच तृतीय किस्त राशि 4,24,00,000 राशि एवं वित्तीय वर्ष 2023- 24 के 12 लाभुकों को द्वितीय किस्त की राशि 6,00,000, तृतीय किस्त की राशि 98 लाभुकों को 98,00,000 रुपए कुल 9,30,10,000 रुपए संबंधित लाभुकों के बैंक खाता में भुगतान किया गया।

# बैंक मोड़ रेलवे ओवर ब्रिज की मरम्मत 13 मई से

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बताया कि बी.एड व एम.एड परीक्षा को लेकर फ्लाइओवर के मरम्मती कार्य शुरू करने की तिथि में परिवर्तन कर 13 मई 2025 की तिथि निर्धारित की गई है। मरम्मती के दौरान ट्राफिक व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

13 मई 2025 से श्रमिक चौक से बैंक मोड़ की ओर जाने के क्रम में फ्लाइओवर के बायें भाग का मरम्मती किया जाना है। इस कारण से बैंक मोड़ फ्लाइओवर का बायां लेन अगले आदेश तक बंद रहेगा। मरम्मती कार्य के मद्देनजर यातायात मार्ग में दिनांक - 13 मई से अगले आदेश तक निम्न परिवर्तन किया जाता है। धनबाद के रणधीर वर्मा चौक, पुजा टॉकिज, श्रमिक चौक, सुभाष चौक होते हुए बैंक मोड़ की ओर जाने वाले वाहन फ्लाइओवर से नहीं जाकर रणधीर वर्मा चौक-हीरापुर-बरमसिया पुल - हावडा मोटर्स - धनसार चौक होते हुए बैंक मोड़ जा सकेंगे। अथवा रणधीर वर्मा चौक-हीरापुर-बिनोद नगर - बरमसिया ओवर ब्रिज होते हुए बैंक मोड़ जा सकेंगे। बरमसिया की तरफ से धनबाद रणधीर वर्मा चौक की तरफ जाने वाले वाहन डीआरएम चौक- मजार रोड-जीआरपी कैंप-पम्पु तालाब-बरमसिया पुल होते हुए बैंक मोड़ जा सकेंगे। फ्लाइओवर मरम्मती के दौरान कोई भी बड़े मालवाहक वाहन या यात्री बस का आवागमन फ्लाईओवर से पूर्णतः बंद रहेगा। जो बसें धनबाद की ओर से बैंक मोड़ होते हुए बोकारो की ओर जाने वाली है वह बस सिटी सेंटर, मेमको मोड़ होकर जाएगी। बोकारो की तरफ से आने वाले बड़े मालवाहक वाहन/बस महुदा पुटकी मार्ग से न आकर कतरास के रास्ते से धनबाद आएंगे। स्कूल बस जिसे बैंक मोड़ की तरफ से श्रमिक चौक की ओर आना है वे आ सकेंगे, एवं बैंक मोड़, हीरापुर, बरमसिया होकर जायेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर खनन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें चास मुफ्फसिल थाना अन्तर्गत पुपुनकी ओवरब्रिज के




समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए 01 ट्रैक्टर को पकड़ा गया। टीम ने जिसे विधिवत जप्त कर चास मुफ्फसिल थाना को सुपुर्द कर दिया और थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल आदि मौजूद थे।

### सुरक्षा पेंशन योजना का गिरिडीह में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ गिरिडीह के लाभुकों को मिल रहा है।इस योजना के कारण गरीब लोगों का निरंतर भला हो रहा है। कंजरो निवासी महेंद्र यादव का कहना है कि उनके भाई की पत्नी की मौत हो गई।गरीबी में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना उनके लिए वरदान साबित हुआ है। उनके भाई को दो लाख रुपए मिले ।उस राशि से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने में मदद मिला। सुग्गासार निवासी शहीदा खातून के पति की मौत हो गई। पति के मौत के बाद शहीदा पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया।वह बताती है कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत उसे दो लाख रुपए मिले। उस राशि से वह कर्ज को उतारकर आज चैन की नींद सो रही है। कल्याणडीह ब्रांच के मैनेजर प्रेम गुप्ता कहते है कि उनका बैंक लोगों को जागरूक कर सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रयास कर रही है।जागरूकता के कारण लोग प्रधानमंत्री की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ उठा रहे है। गिरिडीह के अग्रणी बैंक अधिकारी एल डी एम अमृत चौधरी का कहना है कि अटल पेंशन योजना ,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ गिरिडीह में सर्वाधिक लोगों को मिल रहा है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय औसत से कई गुणा अधिक लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। अमृत चौधरी ने आम लोगों से अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

### महिला कृषक ने स्थापित की महगनी की नर्सरी

**डाल्टनगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पानी में चलने वाले जहाज, राइफल की बट, सहित कई कामों में आने वाली अमेरिकन प्रजाति का पौधा महोगनी अब पलामू प्रमंडल के केचकी में महिला कृषक नीलम देवी द्वारा उत्पादित किया जा रहा है ।यह महोगनी पौधा सागवान से भी मजबूत होता है। पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनी नगर से 18 किलोमीटर दूर बरवाडीह के केचकी इलाके में इसकी नर्सरी चलाई जा रही है। यह नर्सरी प्रगतिशील किसान नीलम देवी संचालित करती हैं। उन्होंने 2021 में दीदी नर्सरी खोली यहां वह शीशम ,सागवान गैम्हार आदि के पौधे तैयार करती थी ।नीलम देवी ने बताया कि उन्हें जीएसएलपीएस के माध्यम से महोगनी पौधे की जानकारी हुई ।इसके बाद उन्होंने नर्सरी में महोगनी के पौधे तैयार करने शुरू कर दिए ।उन्होंने कहा कि अभी भी लोग इस पौधे के बारे में काम जानकारी रखते हैं ।इसके अलावा उनकी नर्सरी में अनार, सागवान के पौधे भी उपलब्ध हैं। इन पौधों को नरेगा के तहत बेचा जाता है। नर्सरी की शुरूआत के बारे में नीलम देवी कहती है कि उन्होंने 2020 में आम बागवानी से शुरूआत की। एक एक-ड़ में आम के पौधे लगाए वह भी कमाई दे रहा है।

# पूरा भुगतान करने के बाद भी 9 साल में बिल्डर ने नहीं किया फ्लैट हैंडओवर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने उपायुक्त को अपनी समस्या से अवगत कराया। इसमें धनबाद के नुतनडीह से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि उसने 4 जून 2016 को बिल्डर को अग्रिम राशि देकर जे.सी. मल्लिक रोड में एक 3 बीएचके फ्लैट बुक कराया था। 23 नवंबर 2016 तक शेष 17 लाख रुपए का पूरा भुगतान कर दिया। 9 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक बिल्डर ने फ्लैट हैंडओवर नहीं किया है। बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करता है। अपनी दिव्यांग पत्नी, बच्चों एवं 82 वर्षीय सास के साथ किराए के मकान में रहता है। उसने उपायुक्त से फ्लैट का मालिकाना हक दिलाने की गुहार लगाई। उपायुक्त ने शिकायतकर्ता को उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। गोविंदपुर के नवाटांड से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि नवाटांड स्थित प्राथमिक विद्यालय के रास्ते पर दबंग पिता - पुत्र जबरन अतिक्रमण कर सरकारी जमीन पर दीवार बनाकर कब्जा कर रहे हैं। बताया कि सड़क के किनारे मस्जिद भी है। जिसके पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण चल रहा है। परंतु दबंगों द्वारा नाली निर्माण अवरुद्ध किया जा रहा है। मामले पर संज्ञान लेकर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी गोविंदपुर को जांच करने का निर्देश दिया। वहीं टुंडी के कदैया से आए एक व्यक्ति ने बताया कि घनी आबादी के बीच हैवी ब्लास्टिंग कर पत्थर उत्खनन से वहां रहने वाले 50 से अधिक ग्रामीणों के घर एवं मंदिर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में कोचा कुल्ही, वार्ड नंबर 53 में पानी की समस्या दूर करने, जमीन तक जाने वाला रास्ता अवरूद्ध करने, फर्जी डीड के आधार पर मापी कराकर जमीन अतिक्रमण करने, जमीन पर अवैध कब्जा करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।



# आर्थिक सबलता प्रदान कर रही है केंद्र की सामाजिक सुरक्षा योजना

**सरायकेला/खरसावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अब बात एक ऐसी सरकारी योजना की, जो असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे लाखों लोगों के लिए एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा का साधन बनती जा रही है। हम बात कर रहे हैं अटल पेंशन योजना की। झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में इस योजना को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला है। साल 2024-25 के लिए सरायकेला-खरसावां जिले के बैंक ऑफ इंडिया में अटल पेंशन योजना के तहत 8,965 लाभुकों का लक्ष्य तय किया गया था। लेकिन इस योजना के प्रति लोगों में बढ़ते विश्वास का असर यह हुआ कि लक्ष्य से 140 प्रतिशत अधिक यानी कुल 12,995 लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। औद्योगिक नगरी सरायकेला-खरसावां के निवासी अमित ओझा एक निजी कंपनी में काम करते हैं। वे हर महीने 240 रुपये इस योजना में जमा करते हैं ताकि 60 वर्ष की आयु के बाद उन्हें नियमित पेंशन मिल सके। 1 जून 2015 को केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई अटल पेंशन योजना के तहत 18 से 40 वर्ष की उम्र का कोई भी भारतीय नागरिक जुड़ सकता है। केवल कुछ ही राशि हर महीने जमा करके 60 वर्ष के बाद 1000 से 5000 रुपये की मासिक पेंशन पाना संभव है। कम निवेश और अधिक लाभ की इस योजना को खासकर असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों के लिए एक वरदान माना जा रहा है। सरायकेला-खरसावां जिले में बढ़ती भागीदारी यह साबित करती है कि अटल पेंशन योजना न सिर्फ सफल हो रही है, बल्कि यह लोगों की जरूरतों के अनुरूप भी है।

# पश्चिमी सिंहभूम के गरीबों की उज्ज्वला योजना ने बदली जिंदगी

**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाज के अंतिम पायदान में खड़े परिवारों को रसोई गैस जैसी जरूरी चीज मुहैया कराने के लिए मोदी सरकार ने जो सपना देखा था वह पश्चिमी सिंहभूम जिले में पूरा होता दिख रहा है। उज्ज्वला योजना में जिले के गरीब परिवारों को भी रसोई गैस की वह सुविधा मिली है जो आम शहरियों को मिलती है।

10 वर्ष पहले शुरू की गई यह योजना अब लोगों के घर-घर तक पहुंची है जिससे गरीब परिवार वास्तव में लाभान्वित हो रहे हैं। चाईबासा की पुटरी मछुआ यह मानती है की पहले रोजमर्रा की ज़िंदगी में लकड़ी चुनकर लाना भी एक कठिन काम हुआ करता था लेकिन उज्ज्वला योजना ने उन्हें न सिर्फ इस कठिनाई से मुक्ति दिलाई है बल्कि उनकी दिनचर्या को भी आसान बना दिया है। चाईबासा की युवती मीरा कुमारी को पहले भी खाना बना कर स्कूल जाना पड़ता था और आज भी उसे यही करना पड़ता है। लेकिन वह कहती है कि पहले उसे लकड़ियां चुनकर लाना होता था तब रसोई का काम संभव होता था जिससे उसे स्कूल जाने में देर भी होती थी लेकिन अब वह समय पर स्कूल जा सकती है। पिछले 10 वर्षों में उज्ज्वला योजना ने लोगों के घर-घर तक गैस के सिलेंडर पहुंचे हैं। इसका लाभ दूर दराज के रहने वाले गरीब तबके के लोगों को सबसे ज्यादा हुआ है। चाईबासा निवासी गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवार की सीमा कुमारी कहती हैं कि उन्हें उज्ज्वला योजना में मिले रसोई गैस के सिलेंडर से बहुत सहूलियत हुई है और वह इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहती है। यही स्थिति पश्चिमी सिंहभूम के हर इलाके में देखने को मिलती है, जहां लोगों ने उज्ज्वला योजना के जरिए रसोई गैस को अपनाया है और रसोई के पारंपरिक कठिन तरीकों से छुटकारा पाई है।

## जनजातीय एवं क्षेत्रीय संगीत और नृत्य पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखण्ड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की ओर से रांची मे आज से पांच दिवसीय जनजातीय एवं क्षेत्रीय संगीत और नृत्य कार्यशाला की शुरूआत हुई। कार्यशाला का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने किया। राज्य के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की ओर से रांची मे शुक्रवार को पांच दिवसीय जनजातीय एवं क्षेत्रीय संगीत और नृत्य कार्यशाला की शुरूआत हुई। कार्यशाला का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने अखरा की पूजा के साथ किया। जिसके बाद स्थानीय कलाकारों ने गीत संगीत के कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कुलपति श्री सिन्हा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं मे क्षेत्रीय कला संस्कृति के प्रति रूचि पैदा करना है। मौके पर मौजूद जाने माने लोक कलाकार पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा कि क्षेत्रीय कला संस्कृति के संवर्धन के लिए मिल जुलकर प्रयास करने की जरुरत है।

# पाकिस्तान सबक ले, अन्यथा भारतीय सेना बाध्य होकर कर देगी कई टुकड़ेः भाकपा

**डालटनगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल चलाया गया। बड़ी संख्या में आतंकवादियों के खात्मे के बाद भारतीय सेना का उत्साह बढ़ाया जा रहा है और पाकिस्तान को चेतावनी दी जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पलामू में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े नेताओं ने सेना की कार्रवाई को सराहा एवं हर संभव मदद करने एवं साथ खड़े रहने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। भाकपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी, नौजवान संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, अभय कुमार भुइयां, योगेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, प्रभु कुमार शर्मा, श्रद्धानंद तिवारी ने डालटनगंज कचहरी परिसर में कहा कि पहलगांव में आतंकी हमले से आम नागरिकों की हुई मौत का बदला भारतीय सेना ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल चला कर लिया है जिसमें पाकिस्तान के लाहौर, रावलपिंडी सहित दर्जनों जगहों पर आतंकवादियों के ठिकाना को बिना कोई सिविलियन को नुकसान किये ध्वस्त किया और उसके बाद पाकिस्तान सेना के द्वारा बदले में की गई कार्रवाई में पाकिस्तान सेना के दो लड़ाकू विमान, दर्जनों ड्रोन एवं मिसाइल को मार गिराया। भारतीय सेना का यह कार्य काबिले तारीफ है एवं पाकिस्तान और उसकी सेना ने आतंकवादियों के पक्ष लेने के लिए हिंदुस्तान पर जो हमला किया वह निंदनीय है। इसके बावजूद भी पाकिस्तान सबक नहीं लिया और आज भी पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह दे रहा है। अपनी हरकत को बंद नहीं किया तो भारतीय सेना बाध्य होकर पाकिस्तान को कई टुकड़े में बांट देगी।

# बड़ा तालाब का गहरीकरण जरूरी : ओम प्रकाश

## भाजपा नेता ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री ओमप्रकाश पप्पू ने पलामू के उपायुक्त को पत्र लिखकर मोहन सिनेमा के पीछे स्थित बड़ा तालाब के गहरीकरण कराने की मांग की है। उन्होंने उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि कई वर्षों से मेदिनीनगर में पानी का मुख्य स्रोत मोहन सिनेमा के पीछे स्थित बड़ा तालाब रहा है। इससे जेलहाता मुहल्ला से लेकर कई मोहल्ले में पानी का जलस्तर ठीक-ठाक रहता था। किसी मोहल्ले वासियों को पानी से संबंधित किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता था। लेकिन इस वर्ष के भीषण गर्मी के कारण तालाब के आसपास के मोहल्ले का पानी का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। कई मोहल्लों में पानी की किल्लत बढ़ गई है। ओमप्रकाश पप्पू ने कहा कि बड़ा तालाब में कीचड़नुमा मिट्टी भर गया है। तालाब का रख-रखाव ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। उन्होंने उपायुक्त से बरसात से पहले शहर की लाइफ लाइन कही जाने वाली तालाब का गहरीकरण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि तालाब के गहरीकरण कराने से तालाब के आसपास के कई मोहल्लेवासियों को पानी की समस्या से निजात दिलाई जा सकती है।



# डायन हत्या मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के पतराडीह गांव में डायन के नाम पर एक महिला की निंद्रावस्था में बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना छह मई की रात की है जब गांव की चालीस वर्षीय बुधनी हुन्नी पूर्ति की अंधविश्वास के कारण निंद्रावस्था में टांगी और कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में प्रेस वार्ता आयोजित कर खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने बताया कि मुख्य आरोपी एतवा उर्फ लोर सिंह, जो पतराडीह गांव का ही निवासी है, को संदेह था कि उसकी पड़ोसन बुधनी डायन है और उसकी बेटी पर काला जादू कर रही है। उसकी आठ-नौ महीने की बच्ची बार-बार बीमार पड़ती थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। इसी अंधविश्वास में उसने अपने तीन साथियों को अलग-अलग गांवों बुलाकर बुधनी की हत्या की साजिश रची और छह मई की रात को, जब बुधनी सो रही थी, उस पर धारदार हथियारों से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने कांड का उद्भेदन करते हुए चार हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें पतराडीह गांव का 22वर्षीय एतवा उर्फ लोर सिंह, 25 वर्षीय बुरूमा गांव का एरनियुस ओडेया उर्फ ततउ, 20वर्षीय केवड़ा गांव का गनसा हस्सा पुर्ति उर्फ रोगा और अड़की के लोंगा गांव का 22वर्षीय प्रवीण मुंडू उर्फ टकलू शामिल हैं। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक टांगी, तीन कुल्हाड़ी और चार मोबाइल भी बरामद कर लिया है। एसडीपीओ वरुण रजक ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसमें सब-इंस्पेक्टर विमल, कंचन कुमार कुशवाहा और मुरहू सशस्त्र बल को शामिल किया गया था।

# जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा निर्मित दो कमरों के शौचालय निर्माण कार्य का विधायक द्वारा शिलान्यास

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम महुआडाबर नया प्राथमिक विद्यालय के बगल स्थित जमीन में भवन प्रमंडल के द्वारा कार्यान्वित जो कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा निर्मित होने वाले बालक बालिकाओं के लिए दो कमरों का शौचालय निर्माण कार्य का झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह सतारूढ़ दल के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आज गुरुवार को फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया एवं उपस्थित जनसमूहों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार राज्य में चहुंमुखी विकास करने में लगी हुई है तथा हर दिन राज्य की कर्मचारी हो या नागरिक सबको सम्मान देने में जुटी हुई है हेमंत सोरेन सरकार की कार्यकाल में हर तबके को उसको अपना हक और अधिकार मिला है बाकी जल जंगल जमीन की झूठी नारा देने वाले झारखंड की विकास नहीं करके केवल सपना दिखाने का काम कर रही है। कार्यक्रम संपन्न होने के साथ ही विधायक मथुरा प्रसाद महतो अपने पांच दिवसीय दौरे के लिए गतंव्य को रवाना हो गए ।मौके पर उनके निजी सचिव बसंत महतो, वरिष्ठ झामुमो नेता मदन महतो,इशाक अंसारी, आजाद अंसारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# प्राथमिकता के तहत ऋण स्वीकृति प्रदान करना सुनिश्चित करें सभी बैंकर्स : उपायुक्त

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। इसमें सरकार की योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता से संबंधित चर्चा की गई। वहीं प्राप्त लक्ष्य, संबंधित विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित आवेदनों और उनमें ऋण की स्वीकृति आदि की समीक्षा की गई। उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू जिला का जमा अनुपात 40 प्रतिशत से उपर करने के लिए रिजर्व बैंक के निदेशानुसार बैंकों के लिए एक्शन प्लान तैयार कर बैंकवार लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रगति लाने तथा सभी बैंकर्स को व्यक्तिगत रूचि लेकर प्राथमिकता के तहत ऋण की स्वीकृति प्रदान करने का निदेश दिया। उन्होंने सभी लाभार्थियों को ऋण योजना का लाभ दिलाने तथा विभिन्न योजनाओं में विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप लोगों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। वहीं बैंकों में आने वाले व्यक्तियों से बैंक कर्मियों को सहयोगात्मक एवं सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का निदेश दिया। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों को जोड़ते हुए उन्हें ऋण उपलब्ध कराने, झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) से जुड़ी सखी मंडलों को ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का निदेश दिया। वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मत्स्य संपदा योजना, लघु एवं मध्यम उद्योग ऋण उपलब्ध कराने, एमएसएमई, कृषि ऋण, किसान उत्पादक समुह तथा लघु एवं दीर्घकालीन कृषि ऋण आदि योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत करने तथा लाभार्थियों के लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऋण उपलब्ध कराते हुए संबंधित व्यक्तियों को लाभ लेने में हो रही समस्याओं के निष्पादन का निदेश दिया। उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की पहुंच बढ़ाने के लिए बैंक की शाखाएं खोलने हेतु बैंकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बैंक खुलने से आमजनों के साथ-साथ संबंधित बैंक को भी लाभ होगा। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों को लेकर जिले के रामगढ़ में स्थापित बैंक को क्रियाशील बनाने तथा पांकी एवं महुडंड में बैंक की नई शाखाएं खोलते हुए नकदी की लेनदेन शुरू करने का सख्त निदेश दिया। बैठक में लाभार्थियों के बीच वितरण, वार्षिक साख योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत मार्च 2025 तक की उपलब्धि की समीक्षा की गई। वहीं प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना की उपलब्धि, महिला स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, झारखंड राजय कृषि ऋण माफी योजना की प्रगति आदि की भी समीक्षा की गई। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, नाबार्ड के डीडीएम सहित अन्य बैंकर्स उपस्थित रहे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com